माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 360, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल 16
नौ अरब कमाकर भी शांत नहीं होने वाला है एनिमल 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

## एक नजर

### कांग्रेस सांसद धीरज साहू से लगातार दूसरे दिन पांच घंटे पूछताछ



**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से धनशोधन के एक मामले में रविवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब पांच घंटे तक पूछताछ की। यह मामला भूमि धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाल में गिरफ्तार किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि साहू पूछताछ का सामना करने के लिए रविवार को लगातार दूसरे दिन ईडी के सामने पेश हुए। ईडी ने शनिवार को उनसे करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। अधिकारी ने बताया कि साहू अपराह्न करीब तीन बजे रांची स्थित ईडी के कार्यालय में दाखिल हुए और 8 बजकर करीब 30 मिनट पर बाहर निकले। ईडी कार्यालय से बाहर आने पर साहू ने कहा, 'कुछ कागजी कार्रवाई चल रही है और मैंने उनके साथ सहयोग किया।'

### नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का आज विधानसभा में शक्ति परीक्षण है। इससे पहले विधायकों में टूट के दावों-प्रतिदावों से राजनीतिक अटकलबाजियों का बाजार गर्म है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा उनके पास है और वह आसानी से विश्वास मत हासिल कर लेंगे।

### किसानों का दिल्ली कूच पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील

**चंडीगढ़।** किसानों के 13 फरवरी के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले हरियाणा के अधिकारियों ने अंबाला के पास शंभू में पंजाब से लगी सीमा को सील कर दिया है। सीमा पर कंक्रीट के अवरोधक, रेत की बोरियां, कंटीले तार लगाने के साथ-साथ सड़कों पर दंगारोधी वाहन मौजूद रखे गए हैं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस अवरोधकों को फेंकने से रोकने के लिए घग्गर फ्लाईओवर पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे की चादरें लगाई गई हैं। फतेहाबाद जिले में पुलिस ने पंजाब के प्रदर्शनकारियों को दिल्ली की ओर बढ़ने से रोकने के लिए जाखल इलाके में सड़क पर कंक्रीट के अवरोधक लगाए हैं और कील वाली पट्टियां भी बिछा रखी हैं। शांति भंग होने की आशंका के चलते हरियाणा सरकार ने सात जिलों अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 से 13 फरवरी तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं को निलंबित कर दिया है।

# हल्द्वानी हिंसाः 25 और दंगाई गिरफ्तार सात तमंचे व 153 कारतूस बरामद

## कर्फ्यू बनभूलपुरा तक सीमित, रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट भी हालात का जायजा लेने पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत 25 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंगाइयों की संख्या अब 30 हो गई है। इन दंगाइयों के पास से पुलिस ने बनभूलपुरा थाने से लूटे गए 99 सरकारी कारतूस, 54 अन्य कारतूस तथा सात तमंचे भी बरामद किए गए हैं। हालांकि मास्टरमाइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस बीच प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील देते हुए अब इसे सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक सीमित कर दिया है। हालांकि स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रविवार को अर्द्धसैनिक बलों की चार कंपनियां यहां पहुंच गईं। हिंसा प्रभावित बनभूलपुरा में करीब 1000 सुरक्षाकर्मी पहले से ही तैनात हैं।



बनभूलपुरा में कर्फ्यू के कारण पसरा सन्नाटे के बीच गुजरते पुलिसकर्मी।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 8 फरवरी को हुए दंगे के मामले में नामजद जावेद सिद्दीकी, निर्वतमान पार्षद महबूब आलम, निर्वतमान पार्षद जिशान परवेज, खनन कारोबारी अरशद अयूब और डेरी कारोबारी असलम चौधरी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में रविवार को रविवार को छठे नामजद जुनैद पुत्र असलम के अलावा 24 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों से लूटे गए कारतूस भी बरामद कर लिए गए हैं। एसएसपी मीणा ने बताया कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां होंगी।

बता दें कि बनभूलपुरा में स्थित 'मलिक का बगीचा' में अवैध मदरसा और नमाज स्थल के ध्वस्तीकरण के दौरान प्रशासनिक अमले पर स्थानीय लोगों की भीड़ ने हमला बोल दिया था। इस दौरान भीड़ में शामिल अराजक तत्वों ने छतों से पथराव किया, पेट्रोल बम फेंक कर वाहनों में आग लगाई और बनभूलपुरा पुलिस थाने को फूंक दिया।

बिगड़ते हालात को संभालने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिसमें पांच लोग मारे गए थे। दंगे के मामले में पुलिस ने 19 नामजद समेत कुल 6 हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज किए हैं। इसी बीच रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट भी हल्द्वानी कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने घायल पुलिस कर्मियों से बातचीत की और एसएसपी से मौजूदा हालात की जानकारी ली। साथ ही मीडिया से कहा कि दंगाइयों का कोई धर्म नहीं होता। इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### कर्फ्यू में ढील, आवश्यक सेवाएं सुचारू

जिलाधिकारी वंदना ने कर्फ्यू में और ढील दी है। अब कर्फ्यू को सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया गया है। बनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर शेष हल्द्वानी में कर्फ्यू हटाए जाने के बाद नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने बनभूलपुरा में भी आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर दिया। बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू करने के साथ ही मेडिकल स्टोर भी खुलवा दिए गए।

> हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों पर कार्रवाई जारी है। दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। प्रदेश में जो भी अतिक्रमण है, उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी और इस अभियान को रोका नहीं जाएगा।
> – **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

# योगी संग विधायकों ने किए रामलला के दर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या



- बसों के अंदर रामधुन बजाई जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल

**अमृत विचारः** सत्तापक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर एक साथ रामलला के दर्शन किए। हालांकि मुख्य विपक्ष दल समाजवादी पार्टी के विधायक इसमें शामिल नहीं थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में भाजपा एवं सहयोगी दलों समेत रालोद, कांग्रेस बसपा और जनसत्ता दल के विधायक शामिल रहे। यहां विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी साथ रहे।

इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायकों में खासी जुगलबंदी नजर आई। सभी उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ मंदिर परिसर में बैठकर राम की भक्ति में भजन भी गुनगुनाए। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली।

अयोध्या धाम में रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को सामने देखकर गदगद हो जय श्रीराम का उद्घोष किया

### विधायक और मंत्रियों के समूह पर पुष्पवर्षा

विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर विधायकों का स्वागत किया।

# राज्यसभाः भाजपा ने यूपी से की 7 प्रत्याशियों की घोषणा, उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट को टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काटा

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से सात प्रत्याशियों की घोषणा की है। वहीं, उत्तराखंड से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नाम का ऐलान किया है। भट्ट बलूनी के जाने से रिक्त हुई सीट पर पार्टी उम्मीदवार होंगे।

बहरहाल, यूपी की बात करें तो भाजपा की सूची दर्शाती है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के लिए प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों में से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका मिल रहा है। उम्मीदवारों की रविवार को जारी सूची में भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह और प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के नाम शामिल है। इसके अलावा आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर भाजपा की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से भाजपा की पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

विधानसभा में भाजपा की सदस्य संख्या को देखते हुए सभी सात प्रत्याशियों का निर्वाचित होना तय है। पार्टी ने जातीय समीकरण साधने के लिए एक ब्राह्मण, एक वैश्य, एक ठाकुर और चार पिछड़े वर्ग के नेता को उम्मीदवार बनाया है।

### सपा से रामजीलाल और जया बच्चन उम्मीदवार

**आगरा।** राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन और जया बच्चन को समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। विधायकों की संख्या के आधार पर समाजवादी पार्टी के दो सांसद निर्वाचित होना तय है। सपा की ओर से राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर सभा के राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि पार्टी ने उन पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार सोमवार को इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

# सागरिका घोष और सुष्मिता देव टीएमसी की रास उम्मीदवार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव और दो अन्य लोगों के नामों की रविवार को घोषणा की। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' टीएमसी ने कहा, 'हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे हर भारतीय के अधिकारों की रक्षा के लिए मुखर होने की तृणमूल की स्थायी विरासत को बनाए रखने की दिशा में काम करें।'

# आगरा में मां-बेटे की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर झूला कारोबारी

संवाददाता, आगरा

- आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो, करोड़ों के कर्ज से परेशान होना बताया



**अमृत विचारः** थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी में रविवार को एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक कारोबारी तरुण चौहान के घर सुबह जब नौकरानी पहुंची तो उसने देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ है और उनकी मां और उनके 12 वर्षीय बेटे का शव बेड पर पड़ा हुआ है। नौकरानी ने इसकी सूचना पड़ोसी और पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने तरुण चौहान के शव को फंदे से उतारा। घटना की सूचना उनकी पत्नी और रिश्तेदारों को दी गई है। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय के मुताबिक तरुण चौहान की पत्नी खाटू श्याम दर्शन के लिए गई हुई थी। प्रथम दृष्टया मां और बेटे को पहले जहरीला पदार्थ दिया गया और उसके बाद तरुण चौहान ने फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो तरुण का मोबाइल मिला। मोबाइल में पुलिस को एक वीडियो मिला, जिसे खुद तरुण ने बनाया था। संभवतः वीडियो मरने से पहले बनाया गया। इस वीडियो में वह कहता हुआ नजर आ रहा है कि वह कर्ज में फंस गया है। उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा दांव पर है। अब उसका जीने का मन नहीं कर रहा है।

उधर, खाटू श्याम से लौटकर आई पत्नी को रो रोकर बुरा हाल हो गया है। उसने बताया वह अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे। उसे एक दिन के लिए भी अपने से अलग नहीं करते थे। वह खाटू श्याम दर्शन के लिए गई थी, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि उसके जाने के बाद उसका सब कुछ उजड़ जाएगा।

# 25 किलो चरस के साथ बदायूं के दो तस्कर दबोचे

संवाददाता, बनबसा

- होंडा सिटी कार में तस्करी के लिए बना रखा था मोडिफाइड केबिन

**अमृत विचारः** एसओजी व पुलिस ने संयुक्त चेकिंग अभियान में 25 किलो 687.50 ग्राम चरस के साथ दो शातिर तस्करों को दबोच लिया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज व आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया। तस्करों के अंतर्राज्यीय गिरोह से जुड़े होने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवराज सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी टीम ने कमलपथ टनकपुर के समीप चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक होंडा सिटी कार को चेकिंग के लिए रोका गया, जिसमें से मादक पदार्थ की गंध महसूस की गई।

संदेह पर कार में मौजूद विशाल गुप्ता उर्फ रानू पुत्र नरेश गुप्ता, निवासी निकट बिजली घर, ग्राम बिनावर, जिला बदायूं (यूपी) व वीरेश कुमार गुप्ता, निवासी पापड़, थाना हम्जापुर, जिला बदायूं से पूछताछ की गई तो उन्होंने कार में चरस होना बताया, जिसे बरादम कर लिया गया है।

# पुलिस ने नीट अभ्यर्थी को आत्महत्या करने से रोका

**कोटा।** राजस्थान पुलिस ने एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए नीट के अभ्यर्थी को आत्महत्या करने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय छात्र ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि वह पबजी खेलते हुए दोस्त बने वाराणसी निवासी युवक द्वारा आत्महत्या करने से तनाव में था। नासिक के रहने वाले युवक ने 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में कहा था कि वह शनिवार दोपहर 2 बजे आत्महत्या करने जा रहा है। कोटा शहर के एसपी शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस टीमों ने लड़के को लैंडमार्क सिटी में उसके हॉस्टल के कमरे से ढूंढ़ निकाला और परिजनों को सौंप दिया।

# रुद्रपुर से भागे प्रेमी युगल ने चलती बस में जहर खाकर दी जान

संवाददाता, रुद्रपुर

- 8 फरवरी को घरों से भागा था प्रेमी जोड़ा



**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके के भूरारानी के रहने वाले प्रेमी युगल ने यूपी के गढ़मुक्तेश्वर में चलती बस में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को सीएचसी हापुड़ ले जाया गया। वहां नाजुक हालत देख उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मेरठ में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

बताया गया है कि रुद्रपुर के गांव भूरारानी स्थित दुर्गा कॉलोनी की रहने वाली शादीशुदा रेखा का काफी समय से वहीं के रहने वाले अविवाहित युवक बबलू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। रेखा के तीन बच्चे भी हैं। बीते 8 फरवरी को दोनों एक साथ भाग गए थे। 10 फरवरी को वे बस में सफर कर रहे थे कि अचानक गढ़मुक्तेश्वर टोल प्लाजा के समीप बस रुकने पर दोनों नीचे उतरे और गश खाकर गिर गए। दोनों के मुंह से जहरीला पदार्थ के सेवन की बदबू आ रही थी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

थाना प्रभारी महेंद्र कुमार के मुताबिक प्रेमी युगल के बस में बैठने से पहले ही जहर खा लेने का अनुमान है, क्योंकि टोल प्लाजा के समीप थोड़ी देर के लिए जब बस रुकी, उसी वक्त बबलू व रेखा भी नीचे उतरे और उल्टी करने के साथ ही दोनों गश खाकर गिर गए। उनके जहर खाने की पुष्टि सीएचसी के चिकित्सकों ने की।

# इंडिगो का विमान टैक्सीवे से आगे बढ़ा उड़ानें प्रभावित रहीं

**नई दिल्ली।** अमृतसर से इंडिगो का एक विमान रविवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद निकास 'टैक्सीवे' को पार कर गया। इसके कारण एक रनवे 15 मिनट तक बाधित हो गया और उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमृतसर से दिल्ली जा रहा विमान कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद टैक्सीवे से बाहर निकलने से चूक गया। 'टैक्सीवे' हवाई अड्डे पर विमानों के लिए एक रास्ता होता है, जो रनवे को एप्रन, हैंगर, टर्मिनल और अन्य सुविधाओं से जोड़ता है।

# एटा में सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, खेत में मिला शव

संवाददाता, एटा

- पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ में जुर्म कबूला

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गाजीपुर पहोर में शनिवार को सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव के बाहर सरसों के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल लिया।

कोतवाली देहात इलाके के ग्राम गाजीपुर पहोर निवासी सात वर्षीया बच्ची शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। शाम करीब 4 बजे तक वह नहीं लौटी तो मां ने तलाशना शुरू किया। देर शाम बच्ची का पता नहीं चला तो सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दे दी गई। कुछ ही देर में एएसपी धनंजय कुशवाह, कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद पांडेय मौके पर पहुंचे। शनिवार रात करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड की मदद से गांव के बाहर सरसों के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। उसके कपड़े फटे हुए थे। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी।

रविवार को एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उसी गांव के 26 वर्षीय युवक जवाहर शर्मा ने घटना को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी जवाहर ने बताया कि वह बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने सरसों के खेत में ले गया और दुष्कर्म किया। चीखने पर आरोपी ने बच्ची का गला घोंट दिया और फरार हो गया।

# सशस्त्र पुलिस के लिए अब 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी परीक्षा

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस बलों में अब हिंदी अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देने की छूट मिली है। इसका पहली बार प्रयोग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सिपहिया की होने वाली भर्ती के दौरान किया जाएगा।

7 मार्च को आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा में 128 शहरों के करीब 48 लाख उम्मीदवार 20 फरवरी से 7 मार्च तक क्षेत्रीय भाषाओं में लिखित परीक्षा दे सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी भाषा के लिए थी। जिन क्षेत्रीय भाषाओं को लिखित परीक्षा के लिए शामिल किया गया है, उसमें गुजराती, बंगाली, उर्दू, पंजाबी, मराठी, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया, मणिपुरी, कोंकणी एवं असमिया भाषा हैं। गृहमंत्री अमित शाह की पहल पर सरकार ने उक्त आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

# बुंदेलखंड ठंडे बस्ते में, केन-बेतवा लिंक की तैयारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी माह कर सकते हैं शिलान्यास
- उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के 13 जिले होंगे लाभान्वित

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सरकारों ने प्रस्तावित बुंदेलखंड राज्य को पीछे धकेलते हुए केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना को ज्यादा महत्व देना शुरू किया है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परियोजना का इसी माह कभी भी शिलान्यास कर सकते हैं। परियोजना की लागत 46 हजार करोड़ है। इसमें 90 प्रतिशत केंद्र एवं पांच-पांच प्रतिशत उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारें देंगी।

इस परियोजना का परिचय तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के समय में वर्ष 2003 में नदी जोड़ परियोजना से हुआ था, लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्ष तक इस परियोजना में कोई कार्य नहीं हुआ। मोदी सरकार ने इस योजना पर जब काम शुरू किया तो वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के लैंड यूज पर आपत्ति दर्ज कर दी थी, जिसके चलते यह परियोजना फिर अधर में लटक गई। अब 6017 हैक्टेयर वन भूमि का लैंड यूज बदलने की अनुमति वन मंत्रालय ने दे दी है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने इस परियोजना की पहली किस्त भी जारी कर दी है।

परियोजना के तहत पन्ना जिले में एक बांध बनेगा और वहां एक नहर के माध्यम से केन नदी का अतिरिक्त पानी बेतवा नदी में छोड़ा जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की काया बदलने का दावा किया जा रहा है। दोनों राज्यों की लगभग 8 लाख हेक्टेयर बंजर व असिंचित जमीन को उपजाऊ व सिंचित बनाया जाएगा। दोनों राज्यों के 62 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। 130 मेगावाट क्षमता वाले दो (थर्मल व सोलर) पावर प्रोजेक्ट भी चलेंगे। इस संबंध में मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने हाल ही में केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के से बातचीत कर शिलान्यास की रूपरेखा तैयार की है। परियोजना पर काम करने के लिए प्राधिकरण का गठन भी हो गया है, जिसका मुख्यालय भोपाल में बनाया गया है। प्राधिकरण का कार्य क्षेत्र उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी व ललितपुर एवं मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दतिया, सागर, विदिशा, शिवपुरी एवं दमोह तक रहेगा।

# इस बार वीकेंड पर नैनीताल में रहा सन्नाटा

## हल्द्वानी हिंसा का रहा असर, व्यापारियों के चेहरे पर दिखी मायूसी, घटना के बाद से यूपी-उत्तराखंड में है अलर्ट



नैनीझील में नौका विहार करते सैलानी। ● अमृत विचार



पर्यटक नहीं पहुंचने से खाली पड़ा पंत पार्क। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हल्द्वानी के बनभूलपुरा दंगे का असर पर्यटन पर भी दिखाई दे रहा है। अमूमन शनिवार रविवार को सैलानियों से भरी रहने वाली सरोवर नगरी में इस बार वीकेंड पर सन्नाटा पसरा रहा। इसके चलते व्यापारियों के चेहरे पर मायूसी देखने को मिली।

वीकेंड पर यूपी, दिल्ली, हरियाणा व पंजाब सहित अन्य राज्यों से हजारों सैलानी नैनीताल पहुंचते हैं लेकिन बीते गुरुवार को हल्द्वानी बनभूलपुरा में दंगे का असर पर्यटन पर भी साफ दिखाई दिया। इसके चलते शनिवार के बाद रविवार को भी नैनीताल में सैलानियों की काफी कम संख्या देखने को मिली। नाव चालक, टैक्सी चालक, गाइड, फड़ व्यवसायियों सहित होटल कारोबारियों के चेहरों पर मायूसी देखने को मिली। हालांकि अब बनभूलपुरा में स्थिति सामान्य हो चुकी है। प्रभावित क्षेत्र को छोड़कर बाकी जगह कर्फ्यू से राहत मिल चुकी है और आवागमन भी शुरू हो चुका है। फिर भी स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि डर के चलते आने वाले कुछ समय तक अभी सैलानी जल्दी से नैनीताल का रुख नहीं करेंगे इससे व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि बनभूलपुरा घटना के बाद यूपी व उत्तराखंड अलर्ट पर है। इसके चलते इस वीकेंड पर सैलानी नैनीताल नहीं पहुंचे। इससे व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने जल्द से जल्द मामला सुलझाने की मांग की है।

### दिन में हल्की गर्मी, रात को ठिठुरन

**हल्द्वानी :** फरवरी में दिन बढ़ने के साथ ही ठंड में भी कमी आ रही है। दिन के समय अब गुनगुनी धूप की जगह हल्की गर्मी ने ली है। दोपहर के समय चटक धूप की वजह से लोगों को गर्म कपड़े तक उतारने पड़ गये। हालांकि रात के समय पारे में भारी गिरावट आ रही है। न्यूनतम तापमान 5 .2 डिग्री दर्ज किया जो सामान्य से दो डिग्री कम है तो वहीं अधिकतम तापमान 25 .5 डिग्री रहा जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से मौसम साफ हो गया है, जिस वजह से दिन में चटक धूप निकल रही है। साथ ही उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में अभी भी कई जगह बर्फ जमी हुई है। जिस वजह से रात को ठंडी हवा चल रही है।

## 4 करोड़ 53 लाख 44 हजार से सुधरेगा भवाली बाईपास

**भीमताल :** शासन ने भवाली बाईपास भाग एक के डामरीकरण व सुधारीकरण के कार्य की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में संयुक्त सचिव श्याम सिंह ने प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को 9 फरवरी 2024 को पत्र जारी कर दिया है। मामले की जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रथम किस्त और अन्य व्यय के लिए तत्काल दस हजार की धनराशि स्वीकृत कर योजना को हरी झंडी प्रदान कर दी गई है।

### डीएसए पार्किंग के टेंडर का बेस प्राइज तय किया गया

**नैनीताल।** नगर पालिका की ओर से संचालित पार्किंगों के मार्च में होने वाले टेंडरों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें पालिका ने डीएसए पार्किंग का बेस प्राइज एक करोड़ 39 लाख 70 हजार रुपये तथा लेक ब्रिज चुंगी का दो करोड़ 15 लाख रुपये रखा गया है। वहीं चार अन्य छोटी पार्किंगों सहित इस वर्ष अशोक पार्किंग के भी ओपन टेंडर होंगे। इससे आने वाले माह में पालिका को कर्मचारियों के वेतन देने की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी।

# तिब्बतियों का नया साल लोसर पर्व शुरू

- तिब्बती मार्केट रही पूरी तरह से बंद

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** तिब्बती समुदाय का शनिवार से तीन दिवसीय नव वर्ष लोसर त्यौहार शुरु हो गया है। इस दौरान तिब्बती समुदाय के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे।

पहले दिन तिब्बती समुदाय के लोगों ने अपने घरों में ही रहकर एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देने के साथ ही परिवार में बड़े लोगों का आशीर्वाद लिया जबकि कुछ लोग सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में गए जहां उन्होंने पूजा अर्चना की।

बता दें तिब्बती कैलेंडर के मुताबिक यह लोसर का 2151वां वर्ष है जबकि प्रतीक ड्रैगन है। तय कार्यक्रम के मुताबिक तिब्बती समुदाय ने लोसर पर्व मनाने की सभी तैयारियां शनिवार को पूरी कर ली थी। तिब्बती समुदाय के लोगों ने लोसर पर्व को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। कई तिब्बती बौध मठ में पूजा अर्चना करने गए। अंतिम दिन यानी सोमवार को तिब्बती समुदाय के लोग सभी सुबह 9 बजे बौध मठ में एकत्र होंगे वहां पर विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम का आगाज होगा। जिसके तहत नैनीताल शहर की खुशहाली के साथ ही विश्व शांति के लिए प्रार्थना करने के साथ ही वह अपने धर्म गुरु दलाई लामा की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करेंगे। उसके बाद प्रसाद वितरण होगा तत्पश्चात गीत व संगीत के कार्यक्रमों के साथ ही खेलकूद कार्यक्रम होंगे।

लोसर पर्व के मुख्य आयोजक तथा तिब्बती संघर्ष संगठन के अध्यक्ष सिरिंग तोपगिल के मुताबिक तिब्बती समुदाय के साथ ही भोटिया माला बाजार से जुड़े लोग भी आयोजन में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि संगठन के महासचिव तेनजिंग गांधी,एकाउंटेंट तेनजिंग धोनए तथा कैरियर वांउडू समेत सभी तिब्बती समुदाय के लोगों लोसर पर्व के तहत तीन दिनी कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुटे हैं।

# डिग्री कॉलेज में 236 कैडेट्स ने दी परीक्षा



डिग्री कॉलेज में एनसीसी की परीक्षा देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में एनसीसी 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा शान्तिपूर्ण संपन्न हुई।

बता दें कि 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा द्वारा पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा का केन्द्र बनाया गया था। 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल के कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक के निर्देशन में परीक्षा का आयोजन 10 व 11 फरवरी को किया गया। पहले दिन प्रायोगिक परीक्षा में कैडेटों की ड्रिल, मैप रीडिंग, वेपन ट्रेनिंग, एफसी-बीसी आदि की परीक्षा ली गई।

परीक्षा में कुल 291 परीक्षार्थियों में से 236 कैडेट उपस्थित रहे जबकि कुल 55 कैडेट परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

# 22 दावेदारों ने नामांकन दाखिल किए

- नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की प्रबंध कमेटी का चुनाव

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं के प्रबंध कमेटी की कुल 9 सीटों के लिए 22 दावेदारों ने रविवार को अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसमें निवर्तमान दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा समेत 6 सीटों पर निर्विरोध संचालकों के चयन के कयास लगाए जा रहे हैं।

नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं में रविवार को प्रबंध समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी धीरेश जोशी, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगतवीर आर्य और दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह के नेतृत्व में नामांकन पत्र भरने के निश्चित समय तक जनपद के कुल 9 निर्वाचन क्षेत्र में ओखलकांडा महिला सीट से पोखरी की पुष्पा देवी ने व कोटाबाग अनुसूचित/जनजाति सीट से एकमात्र प्रत्याशी खष्टी देवी ने नामांकन भरा, जबकि धारी सीट से निवर्तमान दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने च्यूरीगाड़ से नामांकन पत्र दाखिल किया, भीमताल सीट से बूढ़ाधूरा समिति की हेमा देवी, रामगढ़ सीट से पोखराड़ समिति के किशन सिंह और रामनगर सीट से भवानीपुर पंजाबी समिति के कृष्ण कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। लालकुआं सीट से पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल के पुत्र हेमती नंदन दुर्गापाल ने डूंगरपुर दुग्ध समिति तथा रावतनगर दुग्ध समिति से गोविंद सिंह मेहता व कालाढूंगी महिला आरक्षित सीट से पूरनपुर दुग्ध समिति की किरन कुमटिया और हरिपुर कुंवर सिंह समिति से दीपा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। हल्द्वानी सीट से सबसे अधिक चार दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिसमें दीपा देवी, आनंद शर्मा, आनंद सिंह राणा और जीवन सिंह बिष्ट शामिल है। जनपद नैनीताल के 9 निर्वाचन क्षेत्र के लिए 22 दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये, इसमें हल्द्वानी, लालकुआं और कालाढूंगी सीट को छोड़कर अन्य सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय माना जा रहा है।



नैनीताल दुग्ध संघ प्रबंध कमेटी सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते पूर्व अध्यक्ष मुकेश बोरा। ● अमृत विचार

### स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगी हाट बाजार

**नैनीताल।** नगर पालिका की ओर से पुराना घोड़ा स्टैंड में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री की बिक्री के लिए हफ्ते में तीन दिन शुक्रवार, शनिवार, रविवार को स्टॉल लगाए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में अचार, हैंडीक्राफ्ट, ऊनी वस्त्र, मसाले, धूप, शहद, ऐपण इत्यादि वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस दौरान लीला बिष्ट,किरण, वंदना खतवाल, प्रेमा पाठक, यमुना शर्मा, कविता देवी, आशा, गीता फत्याल, कमला आर्य, भगवती बिष्ट, रेखा,लीला जोशी, कमला बिष्ट, मुन्नी देवी, नरेंद्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

# सड़क के लिए आंदोलन तेज करने का ऐलान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** अमतोली में चार किलोमीटर मार्ग के लिए चल रहे क्रमिक अनशन पर वक्ताओं ने कहा कि सरकार और प्रशासन उनके शान्तिपूर्ण अनशन को हल्के में न ले। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो यह प्रदर्शन जल्द ही जनांदोलन में बदल जाएगा।

ग्राम सभा अमोठा से डोला रोड के मिलन के लिए चंद्रपाल सती पूर्व सरपंच ने ग्रामीणों से रायशुमारी की कि सरकार द्वारा 4 किलोमीटर सड़क का निर्माण नहीं हो रहा है। ग्रामीण चंदे या श्रमदान से सड़क का निर्माण करेंगे। वक्ताओं का कहना था कि चार किलोमीटर की यह रोड चार विकासखंडों को आपस में जोड़ेगी।

इसका लगभग 30 से 40 गांवों को सीधे लाभ होगा। इस दौरान नवीन चंद्र, जगदीश चंद्र, भुवन चंद्र, भावना पांडे, महेश चंद्र, हेम चन्द्र, विनोद चंद्र, किशोर चंद्र, भुवन गोस्वामी, चंद्रपाल सती,शोभा पांडे, कमला देवी, डूंगर राम, उम राम, मुन्नी देवी मौजूद रहे।

## आधार कार्ड अपडेट कराने पोस्ट आफिस पहुंचे 80 ग्रामीण

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर पर पोस्ट ऑफिस में तीन वर्ष पूर्व आधार मशीन पहुंचने के बावजूद व्यवस्था का लाभ न मिलने का मुद्दा उठने के बाद अब अधिकारी हरकत में आ गए हैं।

गरमपानी स्थित पोस्ट ऑफिस में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीकरण तथा आधार कार्ड पर मोबाइल नंबर अपडेट का कार्य सुचारु हो गया है। डाकघर में लगे शिविर में लगभग 80 से ज्यादा लोग आसपास के गांवों से आधार कार्ड अपडेट कराने पहुंचे। दरअसल गरमपानी स्थित पोस्ट ऑफिस में लगभग तीन वर्ष पूर्व लाखों रुपये लागत की आधार कार्ड मशीन उपलब्ध कराई गई। मशीन आने के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद जगी के अब दूर दराज को रुख नहीं करना पड़ेगा, लेकिन तीन वर्ष बीतने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हो पाया था।

# सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएं



कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते विधायक बिष्ट।

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** "गांव चलो अभियान" के अंतर्गत विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने ग्राम उदयपुरी बन्दोबस्ती बूथ संख्या 86 एवं नगर के पंपापुरी बूथ संख्या 23 में बैठक ली। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है। इसलिए डबल इंजन की सरकार की उपलब्धि जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष मदन जोशी, रमन चौधरी, मनमोहन, राजू जलाल, नन्दलाल चौधरी, माया रावत, बसंत नेगी, राजपाल सैनी, धर्मपाल, तिलकराज, कुंवर रजवार, मदनलाल, श्यामलाल आदि मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन में बजट ठिकाने लगाने का आरोप

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के बाद अब रामगढ़ ब्लॉक के गांवों में भी महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना में अनियमितता का मामला सामने आने लगा है। क्वारब ग्राम पंचायत की खुली बैठक में ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन योजना के कार्य में पूर्व में बनी स्वजल योजना से ही कनेक्शन बांटे जाने का आरोप लगा रोष जताया। मामले की जांच को प्रस्ताव भी पास किया गया। तय हुआ की यदि योजना में लापरवाही की गई तो आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। रामगढ़ ब्लॉक के क्वारब ग्राम पंचायत की खुली बैठक पंचायत भवन में हुई। ग्राम्य विकास अधिकारी पूजा मेहरा ने गांव में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में भी बताया। इस दौरान ग्राम प्रधान नीमा देवी, राजेंद्र राणा, हरीश मेहरा, पूरन सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह मौजूद रहे।

# दुदबोलि पत्रिका का विमोचन किया गया



दुदबोली पत्रिका का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कुमाउनी पत्रिका दुदबोलि अब दिल्ली से नए तेवर नए कलेवर के साथ निकलनी शुरू हो गई है।

रविवार को पत्रिका के नए अंक का विधिवत विमोचन स्व. मथुरादत्त मठपाल की पत्नी नंदिनी मठपाल, पत्रिका संपादक चारू तिवारी, महाविद्यालय हिंदी विभाग प्रमुख प्रो. गिरीश चंद्र पंत ने किया। पंपापुरी में हुए एक कार्यक्रम में दिल्ली से आए पत्रिका संपादक चारू तिवारी ने जानकारी दी कि अब दुदबोलि त्रैमासिक कुमाउनी पत्रिका के रूप में दिल्ली से निकलेगी। इस दौरान संपादक मंडल सदस्य सुरेंद्र हाल्सी, नवेंदु मठपाल, डॉ. पुष्पेंदु मठपाल, मितेश्वर आनंद, निखिलेश उपाध्याय, भुवन पपने, नवीन तिवारी, सीपी खाती, घनानंद शर्मा मौजूद रहे।




**पीपलपानी**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति स्वर्गीय **श्री दीवान सिंह भोज जी** का दिनांक 04 फरवरी 2024 (रविवार) को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका पीपलपानी दिनांक 15 फरवरी 2024 (गुरूवार) को हमारे निवास स्थान जगदम्बा नगर, भोटिया पड़ाव, निकट दिल्ली चाट भण्डार, हल्द्वानी में दोपहर 01 बजे से सम्पन्न होगा।

**-: शोकाकुल परिवार :-**

हीरा देवी (पत्नी), हरीश सिंह भोज (पुत्र), श्याम सिंह भोज-रोशनी भोज, कमल सिंह भोज-विद्या भोज (पुत्र-पुत्रवधु), दीपा बोरा-महेन्द्र सिंह बोरा (पुत्री-दामाद)

मो. 9012803251, 7500875749



**पीपलपानी**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माताजी **श्रीमती कमला डालाकोटी** का दिनांक 01 फरवरी 2024 (बृहस्पतिवार) को आकस्मिक निधन हो गाय है। जिनका पीपलपानी दिनांक 12 फरवरी को हमारे निवास स्थान संगम विहार, दमुवाढूंगा, निकट शिव मंदिर हल्द्वानी पर दोपहर 1 बजे से सम्पन्न होगा। कृपया इस सूचना को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

**-: शोकाकुल :-**

मनोज डालाकोटी (पुत्र)
एवं समस्त डालाकोटी परिवार।

मो. 8923661000, 9411512341

**पीपलपानी**



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्र स्व. **श्री त्रिलोचन दुम्का जी** का निधन दिनांक 02.02.2024 को हो गया था। उनका पीपलपानी 13.02.2024 दिन मंगलवार को हमारे निवास स्थान दुम्कावंगर उमापति हल्दूचौड़ में 1:00 बजे होगा। कृपया ब्रह्मभोज में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की कृपा करें।

कृपया इसी सूचना को व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

**-: शोकाकुल :-**

श्री बालादत्त दुम्का (पिता)
एवं समस्त दुम्का परिवार व मित्रजन।

मो. 8126019543


**विशेषता** | कैपोफ्लाज का एक सर्वश्रेष्ठ उदाहरण भी है यह, छुपने की कला सिखाती है ऑरेंज ओक

# भीमताल में दिखाई दे रही ऑरेंज ओक लीफ तितली

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** ऑरेंज ओक लीफ तितली ने भीमताल के जंगलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वैज्ञानिकों की मानें तो इस तितली की उपस्थिति वास्तव में जंगलों के हरे-भरे होने का सबूत है।

दुनिया में कैपोफ्लाज (अपने को छुपाने की प्रवृत्ति) का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है ऑरेंज ओक लीफ तितली। यह तितली हिमालय कश्मीर से लेकर थाईलैंड तथा बिहार, गुजरात आदि में भी पाई जाती है। उत्तराखंड में हल्द्वानी से ऊपर हिमालय में मुनस्यारी तथा गढ़वाल में कोटद्वार, जोशीमठ तक इसका साम्राज्य फैला हुआ है। इस तितली की विशेषता है कि जहां भी इसके लार्वा का भोजन बिच्छू घास और चौड़े पत्ते वाले पेड़ उपलब्ध होते हैं वहां पाई जाती है। बांज के घने जंगल में यह आपकी उपस्थिति दर्ज कराती है। वर्ष 2016 में उत्तराखंड के अधिकांश जंगलों से यह तितली गायब हो गई थी जंगलों में आग लगने के कारण अधिकांश नष्ट हो गई। पर इसके बाद वर्ष 2017 में इसने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी पर इस वर्ष जंगलों में आग लगने की घटना कम होने से स्थिति में एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर हरे भरे वन उत्तराखंड में होने की पुष्टि की है। इतना ही नहीं ऑरेंज ऑफ लीफ तितली जब आपस में अपने पंख मिलाती है तो एक सूखे पत्ते के समान दिखाई देती है। पत्ते के रूप अपनाने के कारण यह तितली कभी भी फूलों में नहीं बैठती है। सड़े गले फल इस तितली का पसंदीदा आहार है।



ऑरेंज ओक लीफ तितली। ● अमृत विचार

> ऑरेंज ओक तितली की जंगलों में उपस्थित हरे भरे और स्वस्थ जंगल होने का सबूत है। सातताल और भीमताल में तितली की बड़ी मात्रा में उपस्थित शोध का विषय है। प्रकृति प्रेमियों को यह तितली की उपस्थिति आकर्षित कर रही है।
>
> **-पीटर स्मैटाचैक, निदेशक बटर फ्लाई शोध संस्थान भीमताल**

### खाली प्लाट में उगी झाड़ियों को साफ करने की मांग

**भीमताल :** भीमताल में लगभग 103 एकड़ में फैली औद्योगिक घाटी में अधिकांश खाली प्लाटों में काफी मात्रा में झाड़ियां उग आई हैं। ये झाड़ी इतनी अधिक मात्रा में उगी हैं कि इन झाड़ियों में कोई भी जंगली जानवर दिन में छुप सकता है। औद्योगिक क्षेत्र में सवेरे और शाम को घूमने वालों की संख्या खासी अधिक रहती है। ऐसे में इन झाड़ी में छुपे जानवर उन पर हमला कर सकते हैं। प्रभावित जनता ने सिडकुल और स्थानीय निकाय के अधिकारियों से इन झाड़ी को साफ करने और मार्ग को सुरक्षित करने की मांग की है।

## रिहायशी इलाके से कुत्ते को उठा ले गया गुलदार

**नैनीताल।** शहर के रिहायशी क्षेत्र चाटर्न लॉज में रविवार तड़के घर के बाहर से एक कुत्ते को गुलदार उठा ले गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। स्थानीय निवासी सरोज ने बताया कि सुबह के समय गुलदार चहारदीवारी फांदकर उनके घर के आंगन में घुसा और उनके घर में बंधे कुत्ते को उठाकर ले गया। कुत्ते की आवाज सुनकर वो बाहर आए तो गुलदार उसे अपना निवाला बना चुका था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पूर्व भी कई बार क्षेत्र में गुलदार जानवरों को अपना निवाला बना चुका है। वन विभाग क्षेत्र में पिंजरा लगा कर गुलदार को पकड़े।

## एक नजर

### बनभूलपुरा को छोड़कर बाकी जगह खुलेंगे स्कूल

**हल्द्वानी/रामनगर :** पुलिस और अर्द्धसैनिक बल की मौजूदगी के बाद शहर की स्थिति सामान्य हो रही है। शहर के कई हिस्सों में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र खोल दिये गये हैं। जिला सूचना विभाग की ओर से बताया गया कि कर्फ्यू केवल बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में ही रहेगा। बाकी इलाकों में विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों को खोल दिया जाएगा। उधर, रामनगर में भी सभी स्कूलों को खोलने के आदेश दे दिए गए हैं। एसडीएम राहुल शाह ने बताया ने बताया कि क्षेत्र में अभी धारा 144 लागू रहेगी।

### सफाई कर्मियों के चोटिल होने से लड़खड़ाई सफाई

**हल्द्वानी :** बीती आठ फरवरी को मलिक का बगीचा में हुए बवाल के बाद नगर निगम के कई कर्मचारी घायल हो गए थे। इसमें सफाई कर्मचारी भी शामिल थे। इस वजह से शहर की सफाई व्यवस्थाएं लड़खड़ा गई हैं। नगर निगम के कई कर्मचारियों का उपचार कराया जा रहा है। कईयों को गंभीर चोटें भी आई हैं। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने कहा कि फिलहाल कई कर्मचारी घायल हैं। उनके स्वस्थ्य होने के बाद सारी सेवाएं फिर से पटरी पर आ जाएंगी।

### बनभूलपुरा में कर्फ्यू से राशन का संकट

**हल्द्वानी :** कर्फ्यू का असर सस्ता गल्ला दुकानों पर पड़ रहा है। कर्फ्यू की वजह से मजदूरों का संकट खड़ा हो गया है। इस वजह से कई दुकानों पर आपूर्ति रुकी हुई है। आएफसी गोदाम से 283 सस्ता गल्ला विक्रेताओं को राशन पहुंचाया जाता है। आरएफसी गोदाम में जो मजदूर काम करते हैं, उनमें से ज्यादातर बनभूलपुरा के हैं। आरएफसी गोदाम से फरवरी का राशन 250 सरकारी राशन की दुकानों में बंट चुका है। अभी 33 दुकानों को सप्लाई होनी है। आरएफसी गोदाम प्रभारी प्रमोद आर्या ने कहा कि हालात सही होने पर राशन वितरण किया जाएगा।

### बाजार खुलने से लौटी रौनक

**हल्द्वानी :** रविवार को बनभूलपुरा प्रभावित क्षेत्र छोड़कर बाकी क्षेत्रों में धारा-144 हटा दी गई थी। दो दिन कर्फ्यू हटने के बाद बाजारों में चहल पहल बढ़ गई। लोग किसी भी आशंका के मद्देनजर जरूरी राशन व अन्य वस्तुएं खरीदने निकले। इंटरनेट सेवाएं चलने से लोगों ने भी राहत की सांस ली।

---

### वर्ष 2004 में बसपा से मिला था टिकट, वर्ष 1988-89 में हल्द्वानी नगर पालिका के चेयरमैन के चुनाव में मिली थी हार

# फरीदाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ा था बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** अब्दुल मलिक अब्दुल्ला बिल्डिंग वाला का नाम बीती 9 फरवरी को बनभूलुपरा में हुए दंगे के बाद सबकी जुबान पर है। पुलिस का दावा है कि अब्दुल मलिक दंगे का मास्टर माइंड है। अब्दुल मलिक का वैसे तो कोई गंभीर आपराधिक इतिहास नहीं है, लेकिन इनके मलिक का बगीचा की आग ने पूरे हल्द्वानी को दंगे की आग में झोंक दिया।

हल्द्वानी में बरेली रोड पर अब्दुल्ला बिल्डिंग है। यह बिल्डिंग सिर्फ बरेली रोड की ही लैंडमार्क नहीं, बल्कि एक प्रतिष्ठित परिवार की भी शान की पहचान है। यह बिल्डिंग अब्दुल्ला साहब के नाम से ही जानी जाती है। अब्दुल्ला साहब नगर पालिका के चेयरमैन के साथ ही शहर के मोअज्जिज व्यक्तियों में से एक थे। उनके एक भाई अब्दुल रज्जाक थे। उनके पांच बेटों में से एक अब्दुल मलिक है। पारिवारिक रसूख व बेहिसाब दौलत का अब्दुल मलिक का हमेशा फायदा मिला। इसी रसूख के चलते मलिक 1988-89 में नगर पालिका के चेयरमैन के लिए चुनाव लड़ा लेकिन हार गया। इसी चुनाव में पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. इंदिरा हृदयेश के पति हृदयेश भी मुकाबले में थे, लेकिन वह भी हार गए थे। नवीन तिवारी ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद मलिक ठेकेदारी में उतरा। वह रेलवे समेत कई सरकारी महकमो का ए श्रेणी का ठेकेदार है लेकिन उसकी राजनैतिक आकांक्षाएं कम नहीं हुई। हल्द्वानी में राजनैतिक जड़ें जमती नहीं देख मलिक ने बसपा के हाथी की सवारी के लिए अपनी राजनैतिक जमीन बदल दी। वह वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा के फरीदाबाद संसदीय सीट से चुनाव लड़ा। उसे 71,459 वोट मिले और वह हार गया।

**भाजपा में भी बताई जाती है पहुंच :** शहर के पुराने जानकारों का मानना है कि मलिक की सिर्फ कांग्रेस, बसपा में ही नहीं बल्कि भाजपा के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व में भी जबरदस्त पकड़ है। राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ नेता जब हल्द्वानी आए तो मलिक के घर पर ठहरे। इतना ही नहीं इन नेता के परिजन भी यहां ठहरते हैं। बताया जाता है कि दिल्ली में भाजपा मुख्यालय तक पकड़ बताई जाती है।

#### ऐसे कंपनी बाग बन गया मलिक का बगीचा



राजनैतिक हार के बाद अब्दुल मलिक फिर से उत्तराखंड में सक्रिय हो गया। इसके बाद वह फिर से उत्तराखंड लौट आया और यहां अपना ठेकेदारी व अन्य कारोबार बढ़ाता गया। इसी कारोबार और पारिवारिक रसूख की आड़ में बढ़ता गया, लेकिन इसी के साथ लालच बढ़ता गया। जिस परिवार की प्रतिष्ठा की वजह से कंपनी बाग मिला था, मलिक की नजर उस सरकारी भूमि पर पड़ी। बगीचे की भूमि में प्लॉटिंग करना शुरू कर दिया। छोटे-छोटे प्लॉट को 50 रुपये के स्टांप पर लाखों रुपये में बेचा जाने लगा। इस तरह कंपनी बाग धीरे-धीरे मलिक का बगीचा बन गया। नगर निगम का दावा है कि कंपनी बाग की 2 एकड़ से अधिक भूमि का सौदा कर दिया गया। जब बची हुई 1 एकड़ भूमि को नगर निगम बचाने पहुंची तो मलिक ने धार्मिक भावनाएं भड़का कर दंगे की साजिश रच दी।



> नगर निगम के अभिलेखों में मलिक का बगीचा नाम से कोई स्थान दर्ज नहीं है। उक्त स्थान कंपनी बाग के नाम से जाना जाता है। बाग की 2 एकड़ से अधिक भूमि का सौदा कर दिया गया। सिर्फ 1 एकड़ भूमि ही बची है। जहां मदरसा व मस्जिद बनाया गया था उक्त भूमि भी 800 वर्ग मीटर थी। -**पंकज उपाध्याय,** नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी

#### नाम का था मदरसा और मस्जिद

मलिक का बगीचा में जो मदरसा व मस्जिद है, सिर्फ नाम की थी। बनभूलपुरा के ही कुछ बाशिंदों का कहना है कि यहां मलिक की धमक रहती थी। उसकी इजाजत के बिना कोई भूमिगत मस्जिद में नहीं जा सकता था। इबादत के लिए लोग अन्य मस्जिदों में जाते थे, यहां चैनल पर ताला लटका रहता था। बस इनकी आड़ में सरकारी जमीन कब्जाने की साजिश थी।

---

# दंगा करने वाले सबसे ज्यादा इंद्रानगर के निकले

### गिरफ्तारों में इंद्रानगर के 6 और नई बस्ती के 5, मिले अवैध असलहे, मुखानी थानाध्यक्ष का असलहा नहीं मिला



कोतवाली में प्रेस वार्ता करते एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, एसपी हरबंस सिंह, सीओ नितिन लोहनी व अन्य। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में दंगा करने वालों में सबसे ज्यादा इंद्रानगर के लोग हैं। अभी तक गिरफ्तार किए गए 30 लोगों में से 6 इंद्रानगर के हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा दंगाई नई बस्ती के हैं। गिरफ्तार दंगाइयों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध असलहे, कारतूस और बनभूलपुरा थाने से लूटे गए असलहे बरामद किए हैं। जबकि पुलिस अभी तक मुखानी थानाध्यक्ष का लूटा गया सरकारी असलहा बरामद नही कर सकी है।

बता दें कि दंगे के मामले में पुलिस ने 19 नामजद और करीब 6 हजार अज्ञात दंगाइयों के खिलाफ बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना और नगर निगम की तहरीर पर कुल 3 मुकदमे दर्ज किए थे। इस मामले में 6 नामजद समेत कुल 30 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी। गिरफ्तार लोगों में सबसे अधिक इंद्रानगर के 6 दंगाई हैं। जिसमें मुजम्मिल पुत्र खलील निवासी वार्ड 31 इन्द्रानगर बनभूलपुरा, माजिद पुत्र मलिक निवासी इन्द्रानगर बनभूलपुरा, शहजाद उर्फ कनकडा पुत्र दिलशाद निवासी इन्द्रानगर, अब्दुल माजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी नई बस्ती ठोकर पुराने चील घर के पास, मो. निजाम पुत्र असलम निवासी इन्द्रानगर और वार्ड 21 इंद्रानगर लाइन नंबर 14 बनभूलपुरा निवासी निर्वतमान पार्षद जिशान परवेज पुत्र स्व. जलील अहमद हैं।

जबकि नई बस्ती के 5 दंगाइयों में जिशान पुत्र हाफिज शकील अहमद निवासी नई बस्ती गोपाल मन्दिर के पास बनभूलपुरा, गुलजार अहमद पुत्र सरदार अहमद निवासी गोपाल मन्दिर नई बस्ती बनभूलपुरा, रईस अहमद पुत्र अब्दुल हमीद नि0 उपरोक्त, मों फरीद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त और जावेद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त। पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों के पास से बनभूलपुरा थाने से लूटे 99 कारतूस के अलावा आरोपियों से 7 तमंचे और 54 कारतूस बरामद किए हैं।

#### ये दंगाई हुए गिरफ्तार

- जुनैद पुत्र असलम निवासी लाईन नंबर17 बनभूलपुरा के कब्जे से 1 तमन्चा, 12 कारतूस।
- मो. निजाम पुत्र असलम निवासी इन्द्रानगर के कब्जे से 1 तमंचा, 8 कारतूस।
- महबूब उर्फ माकू पुत्र मुख्तार अहमद निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा के कब्जे से 1 तमंचा, 6 कारतूस।
- शहजाद उर्फ कनकडा पुत्र दिलशाद निवासी इन्द्रानगर के कब्जे से 1 तमंचा, 10 कारतूस।
- अब्दुल माजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी नई बस्ती ढोकर पुराने चील घर के पास।
- शाजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी उपरोक्त।
- मो. नईम पुत्र मो. फईम निवासी उपरोक्त।
- शाहनवाज पुत्र जुम्मा निवासी नैनीताल पब्लिक स्कूल के सामने छोटी रोड बनभूलपुरा के कब्जे से 1 तमंचा और 7 कारतूस।
- शकीर अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मोहम्मदी चौक के पास, पप्पू का बगीचा, सकलानी वाली गली।
- इशरार अली पुत्र अजगर अली निवासी उपरोक्त।
- शानू उर्फ राजा पुत्र मो. याकूब निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा।
- रईस उर्फ बिट्टू पुत्र अनीस अहमद निवासी स्प्रिंग फील्ड स्कूल के पास किदवई नगर बनभूलपुरा।
- गुलजार अहमद पुत्र सरदार अहमद निवासी गोपाल मन्दिर नई बस्ती बनभूलपुरा।
- रईस अहमद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त।
- मो. फरीद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त के कब्जे से 1 तमंचा, 5 कारतूस।
- जावेद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी उपरोक्त के कब्जे से 1 तमंचा, 6 कारतूस।
- मो. साद पुत्र रईश अहमद निवासी नई बस्ती बनभूलपुरा।
- मो. तसलीम पुत्र मो. हनीफ निवासी नई बस्ती ताज मस्जिद के पास सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान बनभूलपुरा।
- अहमद हसन पुत्र मेहन्दी हसन निवासी मलिका का बगीचा बनभूलपुरा।
- शाहरूख पुत्र महबूब निवासी उपरोक्त।
- अरजना पुत्र इरफान निवासी उपरोक्त।
- रिहान पुत्र अशफाक निवासी पानी की टंकी के पास, मलिक का बगीचा उपरोक्त।
- जिशान पुत्र हाफिज शकील अहमद निवासी नई बस्ती गोपाल मन्दिर के पास बनभूलपुरा।
- मुजम्मिल पुत्र खलील निवासी वार्ड नंबर 31 इन्द्रानगर बनभूलपुरा।
- माजिद पुत्र मलिक निवासी इन्द्रानगर बनभूलपुरा।

---

# रोके नहीं जाते तो काफी आगे बढ़ जाते दंगाई

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे पुलिस जांच आगे बढ़ रही है, दंगाइयों की पूरी योजना सामने आ रही है। दंगाइयों ने हजारों की भीड़ इकट्ठा कर ली थी। वो समझ चुके थे कि मलिक का बगीचा में उन्हें रोकने के लिए पर्याप्त फोर्स नहीं है। इसलिए निगम की कार्रवाई के बाद वे शहर के बाकी हिस्सों में अराजकता फैलाने की योजना बना रहे थे। हालांकि वह अपनी योजना में कामयाब नहीं हो पाए।

पुलिस जांच में प्रारंभिक तौर पर ही सामने आया है कि करीब 6 हजार लोग दंगा करने में शामिल थे। माना जा रहा है कि जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, दंगाइयों की संख्या में और बढ़ोत्तरी होगी। सभी दंगाइयों ने पूरा जोर मलिक का बगीचा की तरफ पथराव करने, पेट्रोल बम और पत्थर फेंकने में लगा दिया। उनको लग रहा था कि सरकारी अमला दंगे के भय से बिना कार्रवाई के ही चला जाएगा, लेकिन कार्रवाई चलती रही। जब दंगाइयों को पता चला कि अब टीम वापस जा रही है तो उन पर जानलेवा हमले किए गए।

जब पुलिस, प्रशासन, नगर निगम की टीम के साथ पत्रकार वहां से चले गए तो दंगाइयों ने अपना रुख शहर की ओर किया। पहले वे गांधीनगर के रास्ते से शहर में घुसने की कोशिश करने लगे लेकिन वहां गांधीनगर के लोगों ने दंगाइयों का जमकर विरोध किया। इससे वे आगे नहीं बढ़ पाए। साथ ही गांधीनगर में ही पुलिस ने भी मोर्चा ले लिया।

उधर दंगाइयों के दूसरे गुट ने बनभूलपुरा थाने का रुख किया और उसे फूंक दिया। इसके बाद वह छतरी चौराहा के रास्ते वह शहर में जाने का प्रयास करने लगे, लेकिन यहां फोर्स ने दंगाइयों को रोक दिया।

सूत्रों से पता चल रहा है कि दंगाइयों की योजना थी कि पहले मुख्य बाजार में अराजकता फैलाई जाए। बाद में नैनीताल और बरेली रोड को पार करके आगे बढ़ा जाए। हालांकि समय रहते फोर्स ने स्थिति को संभाल लिया। यदि फोर्स हालात पर काबू नहीं पाती तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी।

#### साजिश

- गांधीनगर में लोगों ने और छतरी चौराहा पर फोर्स ने रोक लिया रास्ता, वरना शहर के कई हिस्से भी हो सकते थे दंगे की चपेट में

---

# जब 200 घरों में लग गया ताला तब पुलिस ने घेरा बनभूलपुरा

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा के अधिकांश घरों में ताला लग चुका है। लोग गृहस्थी के सारा सामान छोड़कर फरार हो चुके हैं। रिपोर्ट है कि सिर्फ मलिक का बगीचा और आस-पास रहने वाले 200 से अधिक परिवार बनभूलपुरा छोड़कर नैनीताल जिले की सीमा से पार कर चुके हैं। पुलिस को जब इसकी भनक लगी तब पुलिस ने दंगे के बाद से खुले पड़े रेलवे ट्रैक की ओर पहरा बैठाया।

8 फरवरी को दंगे के बाद पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया।



मलिक के बगीचे में घरों में लटके ताले।

तीसरे दिन शहर से कर्फ्यू हटाया, लेकिन बनभूलपुरा में पाबंदियां जारी रहीं। लोग बाहर न जा सकें, इसलिए पुलिस ने बनभूलपुरा के सीमाओं पर पुलिस तैनात कर दी। आवागमन पूरी तरह बाधित था, लेकिन पुलिस गौला बाईपास की ओर पहरा लगाना भूल गई। गौलापुल से तीनपानी तिराहे तक फैले बनभूलपुरा इलाका सभी ओर से घिरा होने के बावजूद इस तरफ खुला रह गया। दंगे की रात ही कई दंगाई इसी रास्ते फरार हो गए। अगले दिन से जब पुलिस ने बनभूलपुरा में घुस कर सर्च अभियान चलाया तो भगदड़ मच गई। पुलिस का सबसे बड़ा सर्च अभियान मलिक का बगीचा और आसपास चला। जिसके बाद लोग सारा सामान घर में छोड़ ताला लगाकर परिवार के साथ फरार हो गए। माना जा रहा है कि दो सौ से अधिक घरों में ताला लग चुका है।

---

# कब्जा बनाए रखने को खड़ा कर दिया अवैध मदरसा

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** मलिक का बगीचा में सरकारी जमीन पर बनाया गया मदरसा पूरी तरह से अवैध था। मदरसा शिक्षा विभाग में पंजीकृत ही नहीं है। साफ पता चलता है कि अब्दुल मलिक ने जमीन को अवैध तरीके से कब्जाने के लिए मदरसा बनाया था। साथ ही यहां नमाज स्थल होने का भी दावा किया जा रहा था।

धार्मिक इमारतें खड़ी कर भू-माफिया सरकारी जमीन कब्जाने का तरीका अपनाते हैं। अब्दुल मलिक के कब्जे में दशकों से मलिक का बगीचा था। इस बगीचे पर उनका कब्जा बना रहे, इसलिए अब्दुल मलिक और उसके परिवार के लोगों ने जमीन के एक हिस्से पर अवैध मदरसा बना दिया। शिक्षा विभाग में मदरसे का पंजीकरण नहीं कराया था। मदरसे के साथ ही भूमिगत नमाज स्थल भी बना दिया गया। इन तरीकों से उसने आसपास के लोगों की धार्मिक भावनाओं को इससे जोड़ दिया। इसका फायदा वह लगातार उठा रहा था। इसकी ही आड़ में उसने एक बार फिर से जमीन को खुर्द-बुर्द करना शुरू कर दिया। अब्दुल मलिक और उसके भाई के बीच में साल 2007 में संपत्ति को लेकर विवाद हुआ। इसकी जांच करने के लिए नगर निगम और प्रशासन की टीम जब इस जगह पर पहुंची गई। इसके बाद मामले का खुलासा होने लगा। तब पता चला कि बहुत पहले से ही यहां मदरसा बनाया जा चुका है। उसके बाद अब्दुल मलिक भी लगातार स्थानीय लोगों की भावनाओं का इस्तेमाल करता रहा। इसकी परिणति में आठ फरवरी को प्रशासन की कार्रवाई के दौरान हिंसा और आगजनी हो गई।

> मलिक का बगीचा में बना मदरसा कहीं भी पंजीकृत नहीं था। वह पूरी तरह से अवैध था। -**हरेंद्र मिश्रा,** खंड शिक्षा अधिकारी, हल्द्वानी

#### सरकारी जमीन बेचने की होने वाली थी जांच

हल्द्वानी : नगर निगम और प्रशासन ने जब मलिक का बगीचा में जमीनों की वैधता की जांच की तो पता चला कि लोगों को 50 रुपये के 50 स्टांप पर जमीन बेची गई है। इसके एवज में लाखों रुपये वसूले गए। जमीन का कब्जेदार अब्दुल मलिक और उसके परिवार के लोग सरकारी जमीन को अवैध तरीके से बेचते रहे और करोड़ों के वारे-न्यारे करते रहे। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय और सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को जब जमीन बेचने से जुड़े 50 रुपये के स्टांप मिले तो उन्होंने जमीन खरीदने वालों से कहा कि वह उस व्यक्ति का नाम बताएं, जिन्होंने सरकारी जमीन बेची है। हालांकि उस दौरान तो किसी ने भू-माफिया अब्दुल मलिक के भय के चलते नाम नहीं खोला लेकिन अब्दुल मलिक समझ गया कि प्रशासन अब घर-घर जाकर जमीनों की वैधता की जांच करेगा और हर जगह 50 रुपये के स्टांप वाली कहानी सामने आएगी। उस समय इस बात तैयारी हो गई थी कि इस मामले की जांच की जाए। इससे अब्दुल मलिक फंस रहा था क्योंकि प्रशासन ने कहा था कि जिस व्यक्ति ने आम लोगों को सरकारी जमीन बेचकर रुपये कमाए हैं, लोगों के रुपये की वसूली भी उससे ही की जाएगी। मलिक का बगीचा में रहने वाले लोगों का गुस्सा अब्दुल मलिक पर भड़के, इससे पहले ही उसने लोगों के अंदर मदरसा और नमाजस्थल के नाम पर धार्मिक जहर भर दिया, जिससे वह बच जाए। हालांकि ऐसा हो नहीं पाया।

---

**उलझी गुत्थी** | 1100 किमी दूर से हल्द्वानी आया और यहां हो गया मौत का शिकार

# अविवाहित प्रकाश की जेब में मिला किसका मंगलसूत्र...?

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** 9 फरवरी की सुबह आंवलाचौकी गेट के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला, जिसकी शिनाख्त प्रकाश सिंह के रूप में हुई। प्रकाश के सिर पर तीन गोलियां लगी थीं। ऐसी आशंका जताई जा रही थी कि वह दंगे का शिकार हो गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव उसके परिजनों को सौंपा गया।

नोएडा से आए प्रकाश के जीजा अंकित कुमार सिंह को जब पोस्टमार्टम हाउस में पुलिस ने शव से बरामद सामान सौंपा तो उसमें एक हाथ का कड़ा, 50 रुपये का नोट, काले धागे में रुद्राक्ष का लॉकेट और मंगलसूत्र की तरह दिखने वाली एक चेन थी। इस चेन में चरेयो के दाने भी थे। पुलिस ने सामान अंकित के सुपुर्द किया तो उसे देखकर वह भी कुछ देर के लिए हैरान हो गए। बाद अंकित को बनभूलपुरा थाने ले जाकर पुलिस ने प्रकाश का मोबाइल और पर्स भी उनके हवाले कर दिया।

अब सवाल है कि अविवाहित प्रकाश की जेब से आखिर किसका मंगलसूत्र था और उसकी जेब में कहां से पहुंचा। जबकि प्रकाश बिहार के भोजपुर जिले से नौकरी की तलाश में पहली बार हल्द्वानी आया था। ऐसे में उसकी जेब से मंगलसूत्र का मिलना अपने आप में कई बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

**सिर पर लगी थी तीन गोलियां**

पोस्टमार्टम के दौरान प्रकाश के सिर से तीन गोलियां मिलीं। एक गोली कनपटी के पास लगी थी और दो गोलियां सिर पर लगी थी। उसके माथे पर पत्थरों से रगड़ लगने के निशान थे। नाक टूटी थी और दाएं तरफ के गाल पर रगड़ के निशान थे। सूत्रों के मुताबिक प्रकाश के सिर पर जो तीन गोलियां लगी हैं वह पुलिस की बंदूक से नहीं चली हैं।

**सरकार से भाई की मौत की जांच की मांग :** मृतक की बड़ी बहन दीप्ति ने उत्तराखंड, बिहार और केंद्र सरकार से भाई की मौत की जांच की मांग की है। उसने कहा, मेरा भाई कोई आतंकवादी नहीं था। उसे गोली मार दी गई। अगर मेरे भाई को यहीं पर नौकरी मिल जाती तो वो कमाने के लिए दूसरे प्रदेश नहीं जाता और न ही उसकी हिंसा में मौत होती है। हम लोग मांग करते हैं कि परिवार की मदद करे और हत्या की जांच सही तरीके से कराए।



पोस्टमार्टम हाउस में रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

#### घर का इकलौता कमाऊ बेटा बनने वाला था प्रकाश



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** 25 साल का प्रकाश घर का इकलौता कमाऊ बेटा बनने वाला था, लेकिन नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। ट्रेन से करीब 1100 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद प्रकाश ने पहली बार हल्द्वानी में कदम रखा था। लेकिन उसके कदम रखने से पहले ही हल्द्वानी हिंसा की आग में झुलस रहा था। इसी बीच प्रकाश भी मौत का शिकार हो गया। जवान बेटे की मौत से बुजुर्ग पिता श्याम देव सिंह और माता इंदु देवी अंदर से टूट गए हैं। हल्द्वानी पहुंचे प्रकाश के जीजा अंकित कुमार ने बताया कि प्रकाश सात भाई-बहनों में बड़ा बेटा था। उसकी पांच बहनें और एक भाई है। प्रकाश के पिता श्याम देव ने खेती किसानी कर पूरे परिवार का भरण-पोषण किया और बेटियों की शादी की। अब उम्र होने के बाद उन्हें प्रकाश से ही उम्मीदें थी। जिन्हें पूरा करने के लिए वह घर से इतनी दूर नौकरी की तलाश में आया था। लेकिन प्रकाश की मौत से सारी उम्मीदें टूट गई हैं।

---

# सोशल मीडिया से माहौल बिगाड़ने की साजिश

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में बीती 8 फरवरी को अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा की घटना हुई। सुरक्षा के लिहाज से इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। बावजूद इसके इंस्टाग्राम में हर तीसरी रील्स में बनभूलपुरा प्रकरण छाया है इन रील्स से सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश की जा रही है।

सभी रील्स को बाहर के अकाउंट से प्रसारित किया जा रहा है। वीडियो को इस कदर एडिट किया जा रहा है, जिससे देशभर का माहौल खराब हो सकता है। इंस्टाग्राम में हंगामे की तस्वीरों-वीडियो के बीच तीखे कोट्स लिखे नजर आ रहे हैं, जो आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। इन रील्स को शेयर करने वालों की तादाद हजारों-लाखों में है। कई रील्स में प्रदेश सरकार को दोषी ठहराने के साथ उन्मादी भाषणों का प्रयोग हो रहा है। क्षेत्र में इंटरनेट सेवा बंद होने के बावजूद लगातार ऐसे वीडियो अपलोड हो रहे हैं। पुलिस का इस ओर कोई ध्यान नहीं। अब पुलिस ने एक आदेश जारी कर कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने संबंधी भड़काऊ पोस्ट, फोटो, वीडियो या कमेंट सोशल मीडिया में प्रसारित करेगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

#### अफवाह

- एडिट कर बाहर के एकाउंट से अपलोड किए जा रहे वीडियो
- उन्मादी वीडियो, फोटो अपलोड करने वालों पर पुलिस की नजर

## सार-संक्षेप



पं. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

### दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संघर्षों को याद किया

**हल्द्वानी :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके जीवन संघर्षों को याद किया। विधायक कैड़ा ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खडे.व्यक्ति के कल्याण के लिए दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का जो सपना देखा था वह पीएम मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्य, योगेश तिवारी, नितिन राणा, पंकज उप्रेती, गौतम मटियाली, पुष्कर महरा, राकेश चंद्र, गोपाल राम हिमांशु भारतीय, सहित आदि मौजूद रहे।



नारायण नगर में गांव चलो अभियान के दौरान विधायक बंशीधर भगत।

### विधायक भगत ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**हल्द्वानी :** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गांव चलो अभियान की शुरुआत की है। कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने नारायण नगर क्षेत्र में प्रवास किया। स्थानीय ग्रामीणों के घरों में जाकर उनसे मुलाकात की और केंद्र सरकार की योजनाओं और सफलताओं से अवगत कराया। इस दौरान बिठौरिया मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़, महामंत्री दीपक सनवाल, दीपक बिष्ट, प्रवीण जोशी, दिगम्बर भोजक, दयाल पांडेय, सुनील जोशी, विनोद कुमार गौला आदि मौजूद रहे।



लोगों को जानकारी देते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत।

### भाजपा नेताओं ने लोगों को योजनाओं की जानकारी दी

**कालाढूंगी :** भाजपा के गांव चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव चलो अभियान कार्यक्रम बूथ 42 व 52 में किया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल व अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष भुवन कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मंडल महामंत्री हरीश मेहरा, जिपंस आरती टम्टा, गोपाल बुढलाकोटी, कैलाश बुढलाकोटी, कुंदन बसेडा आदि मौजूद रहे।



शपथ ग्रहण करते चुने गए पदाधिकारी।

### वन आरक्षी/ वन बीट अधिकारी संघ के सर्वजीत बने अध्यक्ष

**रामनगर :** तराई पश्चिमी वन आरक्षी एवं बीट अधिकारी संघ का रामनगर में द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में नई कार्यकरणी के लिए अध्यक्ष को छोड़ कर शेष सभी पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने दावेदारी की। इसमें अध्यक्ष पद के दावेदार सर्वजीत सिंह को 39 वोट मिले और वहीं महिला प्रत्याशी को 22 मत प्राप्त हुए। सर्वजीत सिंह अध्यक्ष घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के तदुपरांत विजयी पदाधिकारी को मौके पर ही शपथ दिलाई गई। जिसमें सरजीत सिंह/ अध्यक्ष, रवि कुमार/ उपाध्यक्ष अरुण कुमार/ मंत्री, तारा दत्ता डोर्वी/ कोषाध्यक्ष, प्रमोद कुमार/ संप्रेक्षक स्वाति चौहान/ महिला उपाध्यक्ष रहे। अध्यक्ष चुने गए सर्वजीत सिंह ने कहा कि वह अपने कार्य को पूर्व की भांति सभी वन आरक्षियों की सहमति से करूंगा और जो कार्य रह गए थे उन्हें पूरा करने का प्रयास करेंगे।

### यूओयू की परीक्षाएं आज से

**हल्द्वानी :** शहर में हुए बवाल की वजह से यूओयू की परीक्षा रद कर दी गईं थीं। एलबीएस हल्दूचौड़, एमबीपीजी हल्द्वानी और राजकीय डिग्री कॉलेज रामनगर में यूओयू परीक्षाएं 12 से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। 9 फरवरी और 10 फरवरी को रद्द हुए पेपर के संबंध में नई तिथि की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से अलग से जारी की जाएगी।



आरटीओ रोड स्थित मैरिज लॉन में मौजूद भूतपूर्व सैनिक।

### भूतपूर्व सैनिक जन सेवा समिति के सुनील अध्यक्ष बने

**हल्द्वानी :** भूतपूर्व सैनिकों की एक बैठक रविवार को भूमिया बैंक्वेट हॉल कुसुमखेड़ा में हुई। जिसमें समस्याओं के समाधान के लिए भूतपूर्व सैनिक जन सेवा समिति का गठन किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से पूर्व सैनिक सुनील भट्ट को समिति का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि बीते दिनों बनभूलपुरा में हुए उपद्रव व हिंसा में कई पुलिसकर्मी, पत्रकार व निगम कर्मचारी घायल हो गए, जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। भविष्य में आगे यदि कभी भी किसी व्यक्ति को ब्लड की जरूरत पड़ती है तो संगठन उनकी बढ़चढ़ कर मदद करेगा। साथ ही पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए भी किया गया जाएगा। इस अवसर पर कैप्टन तेज सिंह, गोविंद सिंह, शंकर सिंह, पूरन सिंह, प्रमोद कर्नाटक, नैन सिंह, होशियार सिंह, हरीश कांडपाल, लीलाधर त्रिपाठी, महेश सिंह, सूबेदार केदार सिंह, पूरन सिंह, नंदन सिंह, हवलदार सुरेंद्र सिंह, चंदन सिंह, रघुवीर सिंह, जगदीश सिंह आदि थे।

# ट्यूबवेल खराब होने से 6 हजार की आबादी पानी के लिए तरसी

## आईटीआई स्थित ट्यूबवेल खराब होने से लोग परेशान, 4-5 दिन लग सकते हैं सही होने में

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** आईटीआई स्थित ट्यूबवेल खराब होने से करीब 6 हजारों की आबादी पानी को तरस गई। ट्यूबवेल को सही होने में 4-5 दिन लग सकते हैं।

आईटीआई स्थित ट्यूबवेल के शनिवार शाम को खराब होने से रविवार को आईटीआई, सीएमटी, छड़ायाल, इको टाउन, धान मिल, जोशी खोला आदि क्षेत्रों में रहने वाली करीब 6000 की जनता पानी को तरसती रही। आलम यह रहा कि कुछ क्षेत्रों में टेंकर से पानी बांटा गया तो लोग उस पर टूट पड़े।

डहरिया के लोगों ने बताया कि क्षेत्र में एक दिन छोड़कर पानी आता है, इसलिए ट्यूबवेल खराब होने से दिक्कत आने लगी है। इंदु दुर्गापाल कहती हैं कि यदि 4-5 दिन लगातार पानी नहीं आएगा तो परेशानी होगी, बचत वाला पानी भी 2 दिन ही चल पाता है। प्रगति विहार, आईटीआई के नरेंद्र कश्यप कहते हैं कि ठंड में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा, एक-दो टेंकर से हजारों की आबादी को कितना पानी मिल पाएगा। इधर, जल संस्थान के कर्मचारियों ने ट्यूबवेल की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया लेकिन इसे सही होने से 4-5 दिन लग सकते हैं। मौके पर मौजूद विभाग के जेई महेश चंद्रा ने बताया कि मोटर तीन फेस में चलती है लेकिन एक फेस के अर्थ लेने से मोटर एंपीयर ज्यादा ले रही थी, जिससे ट्यूबवेल फुंक गया। उन्होंने बताया कि अब मोटर बदली जा रही हैं, जिसमें समय लगता है।




टैंकर से पानी भरने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### पहले ही दिन खराब हुआ एक टैंकर

रविवार को जल संस्थान ने प्रभावित क्षेत्रों में पानी बांटने के लिए दो टैंकर लगाए थे लेकिन उसमें से एक टैंकर का कार्यालय से निकलने से पहले ही टायर पंक्चर हो गया। दूसरे टैंकर ने कुछ क्षेत्रों में पानी का वितरण जरूर किया।

### बोले लोग

टैंकर से पानी मिला लेकिन दो-चार दिन तक पानी नहीं आने पर दिक्कतें होगी। - **पुष्कर सिंह मेहरा**, धान मिल

रविवार को ऑफिस आदि बंद हैं, इसलिए ज्यादा दिक्कत नहीं हुई लेकिन आज से परेशानी होगी। - **विशन सिंह**, सीएमटी

ट्यूबवेल खराब हुआ है लेकिन उसके सही होने तक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से नियमित पानी वितरित किया जा रहा है। - **रविशंकर लोशाली**, ईई, जल संस्थान

# बगैर सीमेंट और कंक्रीट के क्रश बैरियर लगाने पर रोष

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचारः** पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण खैरना - रानीखेत स्टेट हाईवे पहले से ही बदहाली का दंश झेल रहा है। अब कुछ राहत की उम्मीद मिली तो सुरक्षात्मक कार्यों में अनियमित का आरोप लगा व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। आरोप लगाया कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर बजट ठिकाने लगाया जा रहा है। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने का दावा किया है।

तीन चार वर्ष पूर्व आपदा से महत्वपूर्ण खैरना - रानीखेत स्टेट हाईवे जगह-जगह बदहाल हो गया। कई बार प्रस्ताव भेजने के बावजूद आज तक स्टेट हाईवे की मरम्मत को बजट उपलब्ध नहीं हो सका है। दुर्घटनाएं टालने को सरकार ने स्टेट हाईवे पर क्रश बैरियर लगाए जाने के लिए लाखों रुपये का बजट अवमुक्त किया है अब शुरुआती चरण में ही क्रश बैरियर स्थापित करने के कार्य में अनियमितता सामने आ गई है।

### सवाल उठाए

- गुणवत्ताविहीन कार्य किए जाने का लगाया आरोप
- महत्वपूर्ण खैरना - रानीखेत स्टेट हाइवे की मामला

प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने आरोप लगाया है की स्टेट हाइवे पर बजोल, बमस्यूं समेत अन्य स्थानों पर लाखों रुपये की लागत से लगाए जा रहे क्रश बैरियर में गुणवत्ता से खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। बगैर गड्ढा खोद सीमेंट व कंक्रीट का इस्तेमाल किए बगैर क्रश बैरियर को सीधे जमीन में ठोंक दिया जा रहा है जिससे भविष्य में क्रश बैरियरों के उखड़ने की संभावना कहीं अधिक है। पातली निवासी गजेंद्र सिंह नेगी ने आरोप लगाया है की महत्वपूर्ण स्टेट हाईवे पर पर्यटकों के साथ ही हजारों लोग आवाजाही करते हैं। क्रश बैरियर से दुर्घटना का खतरा टल जाता है पर बगैर सीमेंट व कंक्रीट के जमीन पर क्रश बैरियर लगाए जाने से गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है।

# भाजपाइयों ने सरकार की योजनाएं गांवों में बताईं

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचारः** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान का श्रीगणेश कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने गांव गांव जाकर ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे लाभ उठाने का आह्वान किया। अधिक से अधिक संख्या में भाजपा से जुड़ने की अपील भी की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक के मल्लाकोट, तल्लाकोट, बादरकोट लगभग दर्जनभर से अधिक गांवो में पहुंचकर ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि सरकार गांवो के अंतिम छोर तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भी भारत का डंका बज रहा है। गांवो में दीवार लेखन का कार्य भी किया गया। शाम को कार्यकर्ताओं से गांवों में चौपाल भी लगाई इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक दीवान सिंह, बूथ अध्यक्ष लाभांशु सिंह, बसंत गिरी गोस्वामी, पुष्कर सिंह, मोहन सिंह, आंनद सिंह, जगमोहन सिंह, बचे सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सभासद के पिता का निधन



**लालकुआं:** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद विनोद श्रीवास्तव के पिता अयोध्या प्रसाद श्रीवास्तव (85) का आकस्मिक निधन हो गया। रविवार को नगर के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, भुवन पांडेय, कैलाश चंद्र पंत, पवन चौहान, लाल चंद्र सिंह, धन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# 40 किलो से अधिक गांजे के साथ एक आरोपी पकड़ा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में कार में लाया जा रहा गांजा बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसका मूल्य लाखों में बताया जा रहा है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पीरुमदारा प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश जोशी के नेतृत्व में हल्दुवा के समीप वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस बल को देखकर रामनगर से आ रही हुंडई इनोवा कार संख्या यूके 06 जेड -2275 वापस विपरीत दिशा में मुड़ने का प्रयास करने लगी। संदेह होने पर पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी की। इस बीच जल्दी बाजी में वाहन चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन बंद हो गया। पुलिस ने वाहन की जांच की तो पुलिस को तीन कट्टों में 40.250 किलो गांजा बरामद हुआ। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये कीमत बताई जा रही है। वाहन चालक आरोपी रणजीत सिंह निवासी ग्राम थारी नैनीताल को पकड़कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/60 में निरुद्ध कर जेल भेज दिया। हुंडई कार को सीज कर दिया गया है। अवैध गांजा पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक मनोज नयाल, विपन जोशी उपनिरीक्षक एएनटीएफ आदि शामिल थे।

### कार्रवाई

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों की कीमत
- पकड़ी गई कार को सीज किया गया

# बलवंत चुफाल थे पहाड़ के सच्चे हितैषी

### शोक

- पर्वतीय समाज और सामाजिक संगठनों ने शोकसभा कर दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल के निधन पर रविवार को पर्वतीय समाज और सामाजिक संगठनों के लोगों ने गहरा शोक जताया। उन्होंने स्व. चुफाल को श्रद्धांजलि देकर उन्हें पहाड़ का सच्चा हितैषी बताया।

उत्थान मंच प्रांगण में हुई शोकसभा में मंच पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्व. चुफाल के कार्यो और संघर्षों को याद किया। उन्होंने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शोकसभा में मंच अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, महासचिव यूसी जोशी, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, आय-व्यय निरीक्षक कैलाश जोशी, चंद्रशेखर परगाई, धर्म सिंह बिष्ट, शोभा बिष्ट, पुष्पा संभल, लक्ष्मण सिंह मेहरा, नीरज बगड़वाल, यशपाल टम्टा, कमल जोशी, मीमांशा आर्या, जया कर्नाटक, मधु सांगुड़ी, विमला सांगड़ी, हुकुम सिंह कुंवर, भुवन चंद्र जोशी, रवींद्र सिंह नेगी, पंकज सुयाल आदि मौजूद रहे। इधर, उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यालय में हुई शोकसभा में कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. चुफाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सुशील उनियाल, विजय ध्यानी, दिनेश चंद्र भट्ट, प्रताप सिंह चौहान, दिनेश नौटियाल, सुभाष रावत, अंकुर सिंह, हरीश जोशी, सुरेश जोशी मौजूद रहे। उधर, चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने बलवंत सिंह चुफाल के निधन पर शोक प्रकट किया। जिसमें राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सुयाल, कमल जोशी, कमल मेहरा, अयोध्या केसरवानी, हेम पाठक, भुवन जोशी शामिल रहे।



पर्वतीय उत्थान मंच में आयोजित शोक सभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# रोडवेज में सफाई नहीं होने पर लगाई फटकार

### खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कई बार शिकायत के बावजूद रोडवेज परिसर व बसों में साफ-सफाई नहीं होने पर नाराज अधिकारी ने सख्त कदम उठाते हुए पुराने ठेकेदार को सफाई की जिम्मेदारी सौंप दी।

रोडवेज के एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि सवारियां परिसर व बसों में साफ-सफाई न होने को लेकर बार-बार शिकायत कर रही थी। इस संबंध में ठेकेदार को जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद वह हर बार बहाने बनाते कर रहा था व उसने स्टेशन व गाड़ियों की साफ सफाई नहीं करवाई। इस पर उच्च अधिकारियों से वार्ता करके फिलहाल पुराने ठेकेदार को सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार को जब एआरएम ने रोडवेज परिसर का दौरा किया तो आसपास गंदगी देखकर वह बिफर पड़े। उन्होंने ठेकेदार संदीप भोज से सफाई नहीं किए जाने का कारण पूछा तो वह पर्याप्त आदमी ने होने व जल्द सफाई कराने की बात करने लगा। इस पर नाराजगी जताते हुए एआरएम ने शीर्ष अधिकारियों से फोन पर वार्ता की व उनके निर्देश पर पुराने ठेकेदार रामू भारती को बुलाकर साफ-सफाई करने को कहा। कर्मचारियों ने बताया कि पुराने ठेकेदार ने तुरंत रोडवेज परिसर की सफाई करवा दी। बता दें कि पूर्व में रोडवेज की सफाई का ठेका रामू भारती के पास था लेकिन कुछ समय पहले ठेका संदीप भोज को दिया गया।

### कार्रवाई

- पुराने ठेकेदार को दी साफ-सफाई की जिम्मेदारी

**लामबंद** — प्रक्रिया पर पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने जताई नाराजगी, गांवों के विद्यालयों को खत्म करने की साज़िश दी करार

# खत्म होंगे गांवों के विद्यालय, बनेगा एक उत्कृष्ट विद्यालय

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचारः** आसपास के विद्यालयों को समीपवर्ती विद्यालय में शामिल कर उत्कृष्ट विद्यालय बनाए जाने की कवायद से पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव शेखर दानी ने इसे सरकार का तुगलकी फरमान करार दे गांवों में स्थित विद्यालयों का अस्तित्व समाप्त करने की साज़िश करार दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी रामगढ़ गितिका जोशी के अनुसार राज्य स्तर पर प्रक्रिया गतिमान है। सरकार का विजन सुविधा तथा अत्याधुनिक संसाधन युक्त विद्यालय बनाए जाने का है।

पहाड़ों में नौनिहालों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने को नित नए निर्णय लिए जा रहे हैं बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा। शिक्षकों के पहाड़ से तराई को रुख करने से तमाम विद्यालय शिक्षक विहीन हो चुके हैं। गांवो में बेहतर शिक्षा व्यवस्था न मिलने से लोग तेजी से गांव से पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं जिससे गांवों के विद्यालयों में छात्र संख्या भी घटती जा रही है।

अब सरकार व शिक्षा विभाग ने इस पास के पंद्रह किमी के दायरे में स्थित विद्यालयों को एक विद्यालय में मर्ज कर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की कवायद शुरु कर दी है। बकायदा विद्यालयों का चिह्निकरण भी कर दिया गया गया है। गांवो में स्थित विद्यालयों को एक विद्यालय में मर्ज करने की प्रक्रिया से पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापारियों व अभिभावकों ने भी नाराजगी जता दी है। ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव शेखर दानी, व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह बिष्ट ने इसे तुगलकी फरमान करार दे गांवों की उपेक्षा करार दिया है। आरोप लगाया है की गांवों में स्थित विद्यालयों का अस्तित्व समाप्त करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहां की गांवों के स्कूलों में सुविधाएं व शिक्षक उपलब्ध कराने के उलट विद्यालयों को समाप्त करने की रणनीति तैयार की जा रही है।

पहाड़ की विकट भौगोलिक परिस्थितियों का हवाला दे योजना के पुरजोर विरोध की चेतावनी भी दे डाली है। इधर खंड शिक्षा अधिकारी रामगढ़ गितिका जोशी के अनुसार अभी राज्य स्तर पर प्रक्रिया गतिमान है। समस्त सुविधा युक्त उत्कृष्ट विद्यालय बनाने का विजन है। आसपास के विद्यालयों को मर्ज कर बनाए गए उत्कृष्ट विद्यालय में समस्त अत्याधुनिक संसाधन व आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

**15** किमी के आसपास से नौनिहालों की आवाजाही को होगी परिवहन सुविधा

### इन विद्यालयों को दूसरे विद्यालय में मर्ज करने की कवायद

बेतालघाट ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रातीघाट, हल्सों कोरड, धनियाकोट को जीआइसी खैरना में मर्ज किया जाएगा जबकि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मल्ली सेठी, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बेतालघाट, जीआइसी तल्लीसेठी, ऊंचाकोट को उटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट में शामिल किया जाएगा। जीआइसी भतरौंजखान व राउमावि रिची को जीआइसी जीतुवापीपल, राउमावि खलाड़ को जीआइसी सिमलखा, राउमावि बजेडी.को जीआइसी गरजोली, जीआइसी ताड़ीखेत को जीआइसी लोहाली में सम्बद्ध करने की प्रक्रिया गतिमान है जबकि रामगढ़ ब्लॉक के राउमावि रीठा, हरतोला व देवदार को जीआइसी नथुवाखान तथा राउमावि क्वारब, बिचखाली, जीआइसी जौरासी को राजकीय अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज ढोकाने में मर्ज किया जाएगा जबकि राउमावि तल्ला व मल्ला रामगढ़ को नारायण स्वामी जीआइसी तल्ला रामगढ़, गहना व ल्वैशाल को जीआइसी पोखरी, जीआइसी मौना को जीआइसी प्यूडा, राउमावि सतबूंगा को जीआइसी सूपी में शामिल करने की तैयारी है।

# बूथ पदाधिकारियों व पन्ना प्रमुखों से साधा संपर्क

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। गांव चलो अभियान के तहत रविवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कालाढूंगी विधानसभा के कुरिया गांव में प्रवास किया। जहां उन्होंने बूथ संख्या 147 में बूथ समिति पदाधिकारियों, पन्ना प्रमुखों व बूथ के सभी लाभार्थियों से संपर्क किया।

इस दौरान राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने दोनों कार्यकाल में जिस तरह दुनिया में भारत का परचम लहराया है, उससे दुनिया के बड़े देश आज हिंदुस्तान को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरज पांडे, जिला उपाध्यक्ष लाखन निगल्टिया, संदीप सनवाल, दलीप बिष्ट, विधानसभा विस्तारक धीरज रौतेला, त्रिवेणी ग्याल, बालम सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह समेत बूथ कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### गौलापार व चोरगलिया के लोगों को 8 किलोमीटर अतिरिक्त घूमकर पहुंचना पड़ रहा है हल्द्वानी, रोजाना हल्द्वानी आने वालों को हो रही परेशानी, बीमार लोगों की दिक्कतें बढ़ीं

# कर्फ्यू बनभूलपुरा में लगा, मुसीबतें बढ़ गईं गौलापार व चोरगलिया के लोगों की

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कर्फ्यू बनभूलपुरा में लगा लेकिन मुसीबत गौलापार व चोरगलिया के लोगों की बढ़ गई है। इन दिनों यहां के लोगों को हल्द्वानी आने के लिए काठगोदाम या तीनपानी बाईपास से 8 किलोमीटर तक का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है।

गौलापार व चोरगलिया हल्द्वानी से जुड़ा हुआ है, इसलिए यहां के लोग काम धंधे व अन्य कार्यों के लिए सुबह-शाम शहर में आते-जाते रहते हैं लेकिन पिछले गुरुवार से गौलापार व चोरगलिया के लोग खासे परेशान हैं, क्योंकि शहर में आने के लिए उन्हें करीब 8 किलोमीटर अतिरिक्त घूमना पड़ रहा है। असल में, बीती गुरुवार शाम से हल्द्वानी में कर्फ्यू लगने से गौलापार व चोरगलिया के लोग आम रास्ते से यात्रा नहीं कर पा रहे व उन्हें अलग-अलग रास्तों से आना-जाना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें खासी परेशानी हो रही है। इधर, बनभूलपुरा में कर्फ्यू जारी रहने से गौलापार व चोरगलिया के लोगों की मुसीबतें अब भी कम नहीं हुई हैं। शहर में दुकान चलाने वाले गौलापार निवासी ललित परगांई ने कहा कि अक्सर देर रात में दुकान बंद कर जाता हूं तो 8-10 किलोमीटर अतिरिक्त चलने से घर पहुंचने में बहुत देर हो जाती है। गौलापार के पंकज बोरा कहते हैं कि आए दिन हल्द्वानी आता-जाता हूं लेकिन इन दिनों बेवजह कई किलोमीटर घूमना पड़ा रहा है, जिससे पेट्रोल का अतिरिक्त खर्च भी बढ़ गया। चोरगलिया के राकेश मर्तोलिया ने कहा कि बीमार व्यक्ति के लिए अतिरिक्त सफर करना जोखिम से भरा है।

### काठगोदाम या तीन पानी से पहुंचते हैं हल्द्वानी

गौलापार व चोरगलिया के लोगों ने बताया कि सामान्य दिनों में वे अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम रोड से रेलवे ट्रैक को पार करके हल्द्वानी में प्रवेश करते व इसी रास्ते से वापस जाते थे लेकिन हल्द्वानी (वर्तमान में बनभूलपुरा) में कर्फ्यू लगे होने से उन्हें निकट की पुलिस चौकी पर भी रोक दिया जाता है। ऐसे में, उन्हें काठगोदाम या तीन पानी बाईपास होकर आना पड़ रहा है, जिससे उन्हें 8 किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है।



हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाने के पास छाया सन्नाटा। ● अमृत विचार

# बनभूलपुरा दंगे में बेकसूरों को तंग न करे पुलिस

### देवबंद से आए मौलाना और इमामों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से की मांग, प्रभावित क्षेत्र में जाने से रोका गया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे को लेकर देवबंद के मौलानाओं व इमामों के प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन से मुलाकात की। उन्होंने बनभूलपुरा में दोषियों को गिरफ्तारी और निर्देशों पर जुल्म नहीं ढहाने की अपील की। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र में जाने की मांग की लेकिन प्रशासन ने सिरे से खारिज कर दिया।

रविवार को देवबंद से मौलाना व इमामों का एक प्रतिनिधि मंडल हल्द्वानी पहुंचा। यहां तहसील सभागार में एसडीएम परितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार से वार्ता की। उन्होंने कहा कि बीती 8 फरवरी को जो घटना हुई है, दुखद है। जो घटना हुई मुसलमान और प्रशासन के बीच की है। जिस मदरसे व मस्जिद को शहीद किया गया है, उसके ध्वस्तीकरण का कोई आदेश नहीं था। यह मदरसा व मस्जिद गैरकानूनी था इसकी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

प्रशासन ने इस मामले में जल्दबाजी की। हल्द्वानी में नजूल भूमि पर मदरसा और मस्जिद को तोड़ने में प्रशासन को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए थी। जब हाईकोर्ट ने 14 फरवरी की तारीख दी थी तो प्रशासन इस समय तक का इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि बनभूलपुरा दंगे के बाद पुलिस बेकसूर मुस्लिमों का उत्पीड़न कर रही है। जो कसूरवार है उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। अमन चैन कायम करने के लिए बनभूलपुरा में कर्फ्यू में ढील दी जाए। प्रतिनिधि मंडल ने कर्फ्यू प्रभावित बनभूलपुरा व मलिक का बगीचा में जाने की मांग की। इस पर एसडीएम वर्मा ने धारा-144 का हवाला देते हुए सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही आश्वासन दिया कि बेकसूरों के साथ कोई नाइंसाफी होनी चाहिए। इस दौरान जमीयत उलेमा ए हिंद के महासचिव अब्दुर राजिक मजहरी, जमीयत ए इस्लाम ए हिंद के उपाध्यक्ष मलिक मोहसिन खान, शफीक अहमद, एमजी कासमी, अल कासमी, मो. रजाउद्दीन, मो. असलम जावेद आदि शामिल थे।



तहसील में प्रशासन से बातचीत करने पहुंचे जमीयत ए उलेमा के लोग। ● अमृत विचार

### बनभूलपुरा में रसोई गैस बांटी गई

हल्द्वानी : कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक एपी वाजपेयी ने बताया कि कर्फ्यूग्रस्त लाइन नंबर 17, किदवई नगर, इंदिरा नगर, नई बस्ती, लाइन नंबर 8 समेत अन्य क्षेत्रों में रसोई गैस बांटी जा रही है। इसके अलावा क्षेत्रवासियों के लिए सब्जी, दूध, खाद्य समेत अन्य जरूरी वस्तुएं भी मुहैया कराई जा रही हैं। इसी क्रम में 7 हजार लीटर दूध, 2 गाड़ी राशन, 2 ट्रक सब्ज़ी और 200 सिलेंडर की आपूर्ति की गई। बिजली और पेयजल की आपूर्ति सुचारू की गई।

### हल्द्वानी बाजार को जल्द खुलवाने की जरूरत

हल्द्वानी : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने प्रशासन से हल्द्वानी बाजार को जल्द से जल्द खुलवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी बाजार का प्रभाव पूरे कुमाऊं मंडल पर पड़ता है। बंद बाजार के कारण तरह-तरह की अफवाह उड़ती है। हमें संवेदनशील परिस्थितियों को नार्मल बनाने के प्रयास करने के लिए त्वरित कदम उठाने होंगे।

# बनभूलपुरा हिंसा प्रशासन की जल्दबाजी का नतीजा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता व जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाओ के नाम पर हुई घटना की निंदा की। साथ ही घायल पुलिस कर्मियों और पत्रकारों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा में हुई हिंसा जिला प्रशासन के जल्दबाजी में लिए निर्णय का नतीजा है। यह एक ऐसी घटना है जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हल्द्वानी हमेशा कौमी एकता की मिसाल रहा है। इस तरह की घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दोषियों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस घटना से व्यापार चौपट हो गया है। व्यापारियों को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है।

क्षेत्र के वैवाहिक सीजन के कार्य ठप हो गए हैं। प्रशासन को सख्ती के साथ बाजार को खुलवाना चाहिए। जिससे व्यापारियों को राहत मिल सके। कहा कि जल्द व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल डीएम और सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात करने जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री ने जाना घायलों का हाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने रविवार को बनभूलपुरा दंगे में घायल हुए नगर निगम, पुलिस कर्मचारीयों और पत्रकारों का हालचाल जाना। उन्होंने एसएसपी से वार्ता कर कानून व्यवस्था को लेकर भी बातचीत की।

केंद्रीय मंत्री भट्ट रविवार को नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा का हालचाल जाना। फिर ठंडी सड़क स्थित निजी अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। यहां से वह कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने घायल पुलिस कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को सांत्वना दी। फिर एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी निर्देश दिए। अंत में वह छायाकार राजेंद्र बिष्ट बबली के आवास पहुंचे और उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को घायलों की हर संभव मदद करने को कहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, नवीन भट्ट, गोपाल रावत, प्रताप रैक्वाल, सचिन साह, मुकेश बेलवाल, कमलेश जोशी आदि मौजूद रहे।



घायल पुलिस कर्मियों से बात करते केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### परीक्षाएं होंगी रीशड्यूल

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन ने समूची हल्द्वानी से कर्फ्यू हटा दिया है। अस सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में ही कर्फ्यू है। इस क्षेत्र में दर्जनों परिवारों के सैकड़ों बच्चे नैनीताल रोड के स्कूलों में पढ़ते हैं। इन स्कूलों में सोमवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र से कोई भी आवाजाही नहीं कर सकता है। ऐसे में इन बच्चों की परीक्षाओं को लेकर संशय है। प्रशासन का कहना है कि स्कूल प्रबंधन कर्फ्यू प्रभावित बच्चों के लिए परीक्षाएं आगे कराएगा या रीशड्यूल करेगा।

### पहली बार आईएएस को नगर आयुक्त की कमान

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** नगर निगम हल्द्वानी के बढ़ते महत्तव को देखते हुये अब एक आईएएस को नगर आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। साल 2018 बैच के आईएएस विशाल मिश्रा अब ये पदभार संभालेंगे।

नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय को ऊधमसिंह नगर का एडीएम नजूल बना दिया गया है। अब प्रशासन ने ऊधमसिंह नगर जिले के सीडीओ विशाल मिश्रा को नगर निगम हल्द्वानी का नगर आयुक्त बनाया है। पूर्व के आदेश में उन्हें टिहरी जिले का सीडीओ बनाया गया था। जिस आदेश को वापस ले लिया गया है। पंकज उपाध्याय को भी पूर्व के आदेश में केएमवीएन का जीएम बनाया गया था। उस आदेश में भी संशोधन कर दिया गया है। माना जा रहा है कि मलिक का बगीचा प्रकरण के बाद भी नगर निगम अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रखेगा। जिससे आने वाले समय में भी बड़े विवाद हो सकते हैं। इस वजह से अब आईएएस को इस पद की जिम्मेदारी दी गयी है।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488



खालसा इंटर कॉलेज में समूह ग की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# समूह 'ग' की परीक्षा में कम आए परीक्षार्थी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तत्वाधान में 11 फरवरी (रविवार) को पशुधन प्रसार अधिकारी, सहायक प्रशिक्षण अधिकारी और अधिदर्शक प्रदर्शक निरीक्षक परीक्षा आयोजित हुई। हल्द्वानी में विगत दिनों हुए बवाल और उसके बाद लगे कर्फ्यू की वजह से कम ही परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे।

अपर जिला अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि पशुधन प्रसार अधिकारी, सहायक प्रशिक्षण अधिकारी और अधिदर्शक प्रदर्शक निरीक्षक परीक्षा के लिए जिले में नौ केंद्र बनाए गए थे। इसमें कुल परीक्षार्थी 4566 में 2375 परीक्षार्थी ही उपस्थित थे। 2191 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रविवार को हल्द्वानी के एक हिस्से में कर्फ्यू लगा हुआ था। साथ ही आठ फरवरी के बाद से शहर में स्थिति सही नहीं है। जिस वजह से प्रतियोगी परीक्षा में कम ही परीक्षार्थी शामिल हुए हैं।

# कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र से निकल कर लगाई दुकान, खदेड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**सख्ती**
- मंगलपड़ाव में ठेला लगाने पर आमने-सामने आ गए थे दो पक्ष
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठी लेकर दोनों पक्षों को खदेड़ा

**अमृत विचार :** कर्फ्यूग्रस्त इलाके से बाहर निकल कर सब्जी की दुकान लगाने पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को खदेड़ दिया। इसके बाद गैर कर्फ्यूग्रस्त इलाके के लोगों ने बरेली और रामपुर रोड पर सब्जी के ठेले लगाए।

मंगलपड़ाव सब्जी मंडी भी कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में आती है और दंगे के बाद से यहां सब्जी मंडी नहीं लगी। रविवार की सुबह कुछ लोग कर्फ्यूग्रस्त इलाके से निकल कर मंगलपड़ाव सब्जी मंडी पहुंच गए और सब्जी का ठेला लगा लिया। यहां जब गैर कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र के सब्जी व्रिकेता दुकान लगाने पहुंचे तो इसी बात पर विवाद हो गया कि वह कर्फ्यूग्रस्त इलाके से बाहर आकर कैसे सब्जी बेचने लगे। दोनों में विवाद होता देख किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मंगलपड़ाव पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को वहां से भगा दिया।

**राहत** क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोरों को भी खुलवाया गया, लाइन नंबर 17 के डेढ़ वर्षीय बच्चे का करवाया इलाज

# बनभूलपुरा में खुला अस्पताल, सैकड़ों मरीज पहुंचे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में भड़की हिंसा के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (अस्पताल) को बंद कर दिया गया था। अब हालात सामान्य होने पर अस्पताल को खोल दिया गया है। रविवार को अस्पताल खुलने पर सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचे।

डीएम वंदना के निर्देश पर जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने कर्फ्यू ग्रस्त इलाके में पहुंचकर आवश्यक सेवाओं को सुचारू कराया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू कराते हुए क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोरों को भी खुलवाया। वाजपेई ने लाइन नंबर 17 निवासी डेढ़ वर्षीय मोहम्मद इजहान जो बीमारी से ग्रसित था, उसे अस्पताल ले जाकर इलाज के बाद राजकीय वाहन से घर तक छुड़वाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन शांति व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं को सुचारू कररहाहै। इधर, जनपद की प्रभारी सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि अस्पताल में 100 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। सभी मरीजों को निशुल्क दवा दी गई। साथ ही जरूरी जांचें भी की गई। कहा कि अस्पताल आगे भी नियम अनुसार खोला जाएगा।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चे का इलाज करवाते एपी वाजयपेई। ● अमृत विचार

### हिंसा में घायल तीन लोग एसटीएच में भर्ती

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा में गुरुवार को हुई हिंसा में घायल बनभूलपुरा के तीन लोग एसटीएच में भर्ती हैं। एक घायल के सिर से गोली आर-पार हुई है। जबकि एक की छाती और एक अन्य के पेट में गंभीर चोट है। तीनों मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा निवासी 50 वर्षीय इशरार के सिर से हिंसा के दौरान गोली आर-पार हो गई। उन्हें तुरंत एसटीएच लाया गया। यहां हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं 17 साल के अलबसर के पेट में बुरी तरह से चोट लगी। उसके पेट की आंत फट गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने तुरंत उसका ऑपरेशन कर दिया था। इसके अलावा 30 साल के शहनवाज के छाती पर गंभीर चोट लगी है। गंभीर हालत में तीनों को आईसीयू में भर्ती किया गया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि तीनों मरीजों की हालत में पहले से ठीक है। चिकित्सक मरीजों की हालत पर नजर बनाए हुए हैं।




# राज्य आंदोलनकारियों को समान पेंशन देने पर जोर

## राज्य आंदोलनकारियों ने सम्मेलन में सीएम का धन्यवाद किया, 25 महिलाओं को किया उत्तराखंड गौरव रत्न से सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन नगर निगम सभागार में आयोजित हुआ। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों ने उनके पक्ष में की गई घोषणाओं का निस्तारण होने पर सभी जनपदों के राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सरकार का धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों पर चर्चा कर सरकार से पूरा करने का मुद्दा भी उठाया गया।

रविवार को बैठक का शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष अवतार सिंह बिष्ट और प्रदेश महासचिव अनिल जोशी ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण विधानसभा में पारित कराना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने 1 सितंबर 2021 को शहीद स्मारक खटीमा से राज्य आंदोलनकारियों के पक्ष में कई घोषणाएं की थीं। लगभग सभी घोषणाओं का निस्तारण हो गया है। यह प्रस्ताव भी पास किया गया कि उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद हमेशा हमेशा उत्तराखंड सरकार के साथ सहयोग की भूमिका में खड़ा रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य लंबे संघर्ष के बाद मिला है। मुख्यमंत्री धामी की सरकार ने शहीदों के सपने का उत्तराखंड की जो परिकल्पना की गई थी। वह सपने पूरे होते दिखाई दे रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान नीलम कांडपाल, शकुंतला तड़ियाल, मोहनी बिष्ट के साथ ही करीब 25 महिलाओं को उत्तराखंड गौरव रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुखबीर सिंह बेदी, हरीश पनेरू, पीसी शर्मा, पूरन चंद्र जोशी, बीडी भट्ट, जगदीश प्रसाद, चंदन सिंह मेवाड़ी, अजय सिंह, कन्हैया लाल, हरीश पाठक, कमल पांडे, अनूप रावत, कुंवर सिंह भंडारी समेत कई आंदोलनकारी मौजूद रहे।



उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के सम्मेलन में उपस्थित राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

### शर्मा जिलाध्यक्ष और नायर जिला महामंत्री बने

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन के दौरान ऊधमसिंह नगर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें राज्य आंदोलनकारी पीसी शर्मा को जिलाध्यक्ष, एसके नायर को जिला महामंत्री, कांति भाकुनी को जिला उपाध्यक्ष और हरीश पनेरू को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया।

### यह मांगें उठाईं

- उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी की मृत्यु के बाद उसका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाए।
- सभी राज्य आंदोलनकारियों की एक समान पेंशन हो।
- उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी के नाम से परिभाषित किया जाए।
- 1 सितंबर 2021 को खटीमा शहीद स्मारक से चिन्हीकरण की भी घोषणा की गई थी, वास्तविक राज्य आंदोलनकारी का चिन्हीकरण किया जाए।
- प्रदेश में सशक्त भू कानून, मूल निवास कानून सख्ती से लागू हो।
- जिन राज्य आंदोलनकारी की उम्र 60 वर्ष से ज्यादा हो उनके साथ एक सहायक को परिवहन निगम की बस में निशुल्क यात्रा की सुविधा मिले।

# एससी-एसटी समाज के उत्थान में जुटी है मोदी सरकार: हालदार



एससी-एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण हालदार का स्वागत करते चुघ।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एससी और एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण हालदार के रुद्रपुर पहुंचने पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ समेत कई लोगों ने उनका स्वागत किया। साथ ही श्रीमद् भागवत गीता देकर उनका स्वागत किया।

रविवार को आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हालदार रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। जिसकी जानकारी मिलने पर चुघ समेत वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह संधू ,पूर्व मेयर रामपाल सिंह, राजकुमार शाह, विनय बतरा, अरविंद, विश्वजीत गिल, राज कोली, हरीश चौधरी रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष हालदार ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एससी-एसटी समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। पिछले लगभग 10 वर्ष के कार्यकाल में एससी एसटी समाज के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका समाज के लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और समाज के एससी व एसटी वर्ग के उत्थान के लिए और भी योजनाएं लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज एससी एसटी समाज के लोग विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। भाजपा सरकार के चलते ही यह संभव हो पाया है। कारण भाजपा सरकार सभी को एक साथ लेकर विकास की सोच रखती है।

# यूकेडी की कार्यकारिणी का विस्तार



यूकेडी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ सदस्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) की एक बैठक निझरा स्थित एक स्कूल में हुई। जहां विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

रविवार को हुई यूकेडी की बैठक में 23 वर्षों का राष्ट्रीय दलों का लूट विकास से निराशा, जनमुद्दों के लिए विपक्ष की चुप्पी, मीडिया का जनमुद्दों को छोड़ केवल सत्ता पक्ष की तारीफ करना, जनसमस्या राज्य निर्माण से पूर्व से भी बदतर होना, काशीपुर कार्यकारिणी इकाई का विस्तार, दल द्वारा सभी 40 वार्डो पर पार्षद उम्मीदवार और मेयर उम्मीदवार को खड़ा कना, लोकसभा चुनाव की तैयारी, यूकेडी की खोई पहचान को पुनर्जीवित करना आदि मुद्दो पर सदस्यों ने विचार विमर्श किया। बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राम सिंह को जिला महासचिव और दलीप सिंह रात को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में केंद्रीय संगठन मंत्री एवं जिला प्रभारी हरजाप सिंह, जगदीश बौड़ाई, राकेश चौहान, शिव सिंह रावत, गोविंद सिंह रावत, आनंद सिंह रावत, रणवीर सिंह रावत, तुला राम उप्रेती, राजेंद्र बिष्ट, चंदन, देवकी नैनवाल, दलीप सिंह रावत, गिरीश अधिकारी, घनश्याम नैनवाल, आरपी कोटनाला, हरेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# विरिया मझोला में सीसी मार्ग का लोकार्पण किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में मंडी समिति द्वारा ग्राम सभा विरिया मझोला में 18 लाख की लागत से बनी सीसी रोड का पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत ने लोकार्पण किया।

इस दौरान ग्रामीणों को प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से इन योजनाओं का लाभ उठाने और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर मुंडेला, पुष्कर कुमार, रोहित राणा, मनीष चंद, हर्ष बहादुर चंद आदि उपस्थित थे।



खटीमा के विरिया मझोला में सीसी मार्ग का लोकार्पण करते पूर्व मंडी अध्यक्ष।

# स्वर्णिम भारत निर्माण की परिकल्पना को साकार कर रहे पीएम मोदी: समीर

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य ने कहा कि उत्तराखंड के छात्रावासों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को इसरो के सहयोग से शिक्षा दी जा रही है। सेटेलाइट के माध्यम से दी जा रही शिक्षा से निश्चित तौर पर बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा।

नगर पालिका परिषद स्थित कार्यालय में मीडिया से वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्वर्णिम भारत निर्माण की परिकल्पना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर देश में सर्वाधिक वोटों से भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी और भाजपा का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद पूरे देश में उत्तराखंड का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने बताया कि भाजपा के गांव चलो अभियान में अनुसूचित मोर्चा अपनी अग्रिम भूमिका निभा रहा है और मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा की नीति-रीति को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही केंद्र की आगामी भाजपा सरकार के कार्यों को लेकर सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भाजपाइयों से एकजुट होकर भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इससे पूर्व किच्छा पहुंचने पर अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री नितिन चरण मैसी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर समीर आर्य का स्वागत किया। मौके पर मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश कोली, सचिन चरण, अरुण कुमार, अंकित कुमार, विशाल, संदीप अरोड़ा, अमित रहे।



किच्छा में जानकारी देते प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार



द्रोणा सागर टीले के पास झाड़ियों में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### द्रोणा सागर टीले के पास झाड़ियों में लगी आग

**काशीपुर।** द्रोणा सागर टीले के पास अचानक झाड़ियों में आग लग गई और ऊंची लपटें उठने लगीं। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। रविवार दोपहर को फायर स्टेशन काशीपुर सूचना प्राप्त हुई की चैती ग्राउंड के पास द्रोणा सागर टीले की झाड़ियां में आग लगी है और आबादी की ओर बढ़ रही है। जिसके बाद एफएसएसओ गोविंद राम के नेतृत्व में दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और टीले में लगी आग को बुझाना शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों में एफएसएसओ के अलावा लीडिंग फायरमैन खीमानंद, चालक सुमित पवार,फायरमैन अर्जुन सिंह,फायरमैन अमरीश कुमार,फायरमैन पुष्कर सिंह मौजूद रहे।

# घटिया कार्य पर नाली का निर्माण रोका

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** घटिया निर्माण की शिकायत पर पहुंचे भाजपा नेता राजेश कुमार ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल कार्य को गुणवत्ता के साथ कराए जाने की मांग की।

रविवार को नगर निगम वार्ड नंबर 6 कुंडेश्वरा के वार्ड वासियों ने नाली के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की शिकायत बाजपुर विधानसभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी राजेश कुमार से की। गांव चलो अभियान में शिरकत करने जैतपुर पहुंचे भाजपा नेता ने तत्काल इस शिकायत का संज्ञान लिया और मौके पर हो रहे घटिया निर्माण कार्यस्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सीडीओ मनीष कुमार और नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय से इसकी शिकायत की। अधिकारियों ने मौके पर निगम की टीम को भेजकर कार्य रुकवा दिया। भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि सरकार विकास के लिए अपार धन दे रही है और ठेकेदार इसकी बंदर बाट में लगे हैं। जनता को इस कार्य को अपना समझकर करवाना चाहिए। कहीं भी घटिया निर्माण के खिलाफ उनको एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। इस दौरान नामित पार्षद तेज बहादुर गुप्ता, गुरप्रीत सिंह बक्शी, नंदलाल भगत, मोनू वर्मा, उमा देवी, सरिता देवी, शंभू नाथ, श्याम लाल आदि रहे।



काशीपुर में कार्यस्थल का निरीक्षण करते राजेश कुमार। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आस्था

मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में हुई देव प्राण प्रतिष्ठा, कलश यात्रा में शामिल रहीं सैकड़ों महिलाएं

# प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक चैती मेला परिसर स्थित उज्जैनी शक्ति पीठ मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में देव प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर कलश यात्रा से पूर्व मां बाल सुंदरी मंदिर में आचार्य देवकी नंदन शास्त्री, दयाशंकर जोशी, कैलाश धौलाखंडी, खिलेश पांडेय, भुवन जोशी, महेश समेत विद्वानों ने वेद मंत्रों के साथ पूजा-अर्चना कराई।

रविवार को पूजा-अर्चना में मुख्य यजमान पूर्व प्रधान आनंद कुमार, शिशिर अग्रवाल, प्रदीप मेहरोत्रा, गिरीश शर्मा रहे। इसके बाद मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मोटेश्वर मंदिर, महादेव नहर, चैती चौराहे होते हुए मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखे हुए थे। धार्मिक अनुष्ठान संयोजक मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि मंदिर परिसर में देव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम 11 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस भव्य आयोजन में सैकड़ों की संख्या में दूरदराज से साधु-संत विद्वान मौजूद रहेंगे। उन्होंने अधिक संख्या में मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए लोगों से आह्वान किया। इस अवसर पर दीपिका गुड़िया, अनिल कुमार, दीपक शर्मा, पंडा शिवा अग्निहोत्री, पंडा शक्ति अग्निहोत्री, जतिन कांडपाल, कौशलेश गुप्ता, सुशील शर्मा, जितेंद्र दुबे, ज्योति तोमर आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में रविवार को कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## राजपुरा के उप प्रधान ने ली भाजपा की सदस्यता

**बाजपुर।** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेता राजेश कुमार ने बूथ संख्या 12 व बूथ संख्या 9 ग्राम गजरौला व बैंतखेड़ी में अभियान के बारे में चर्चा की। इस दौरान ग्राम राजपुरा के उप प्रधान राजेंद्र सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा नेता राजेश ने कहा कि नरेंद्र मोदी और पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने प्रदेश में यूसीसी लागू किया और नरेंद्र मोदी ने अंत्योदय से भारत उदय के लिए गरीब किसान के जीवन को बदलने का कार्य किया है। कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व गेहूं धान का मूल्य क्या था और आज कहां तक पहुंचा है। यह किसानों से किए आय दोगुनी करने के वादे को सही साबित करता है। इसमौके पर गोपाल सिंह, मनीष कुमार, गुरजीत सिंह, नरेश सिंह, कुंदन सिंह, सरजीत सिंह, जगदीश रमेश सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

**काशीपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक की एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। रविवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुमाऊं कॉलोनी व राजकीय प्राथमिक विद्यालय कचनाल गाजी में क्विज प्रतियोगिता हुई। जिसमें एनएसएस एवं उत्तराखंड राज्य से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस दौरान प्रियांशु जोशी प्रथम, राधिका द्वितीय, निर्मला उप्रेती तृतीय स्थान पर रहे। राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य बीपी सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अंकित, निखिल, रोहित, कनव, तेजपाल, अंशिका, सुशीला, अरीबा, निर्मला, प्रगति, कैंप कमांडर रितेश एवं विनीता आदि स्वयंसेवियों को उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित किया गया। वहां पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओपी सिंह, राजीव यादव, मनमोहन आदि उपस्थित रहे।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला का पर्स लूटा

**दुस्साहस**

- 17500 रुपये के अलावा रखे हुए थे जरूरी दस्तावेज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में कुछ माह की शांति के बाद एक बार फिर पर्स लुटेरा गैंग सक्रिय हो गया है। पुलिस को चुनौती देते हुए बाइक सवार बदमाशों ने पैदल जा रही महिला का पर्स लूट लिया और पलक झपकते ही मौके से फरार हो गए। पीड़िता के बेटे ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

भूरारानी के रहने वाले कुलदीप सिंह ने बताया कि उसकी मां रिषपाल कौर शनिवार को आवास विकास स्थित मेगा मार्ट की दिशा से पैदल आ रही थी। तभी अचानक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने मां के हाथ से पर्स छीन लिया। वह कुछ समझ पाती, बाइक सवार आंखों से ओझल हो चुके थे। सूचना मिलने पर बाजार चौकी पुलिस ने मौका मुआयना किया और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना था कि पर्स में 17500 रुपये की नगदी और जरूरी दस्तावेज रखे थे। घटना के बाद से ही मां डरी व सहमी हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी पंकज महर ने बताया कि जल्द ही बाइक लुटेरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### हल्द्वानी में गुरुवार को हुए उपद्रव के बाद जिले में भी पुलिस प्रशासन बरत रहा है पूरी तरह सतर्कता

# काशीपुर-जसपुर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**सतर्कता**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** हल्द्वानी में हुए उपद्रव के बाद जिले में भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्कता बरते हुए है और लगातार संवेदनशील इलाकों में गश्त के साथ चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था में लगा हुआ है। जिसके तहत रविवार को भी कोतवाली पुलिस ने एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के के नेतृत्व में शहरभर में फ्लैग मार्च निकाला।

वहीं प्रमुख स्थानों व संवेदनशील इलाकों में भी पुलिस जवान तैनात कर रखे है। सोशल मीडिया से लेकर ड्रोन से भी शहर में नजर रखे हुए है। पुलिस ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की है। एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि हल्द्वानी की घटना के बाद जिले में पुलिस अलर्ट मोड पर है और अराजक तत्वों पर नजर रखे हुए है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था के साथ बॉर्डर पर भी पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। वहीं उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की है।



काशीपुर में रविवार को फ्लैग मार्च निकालने की तैयारी करती पुलिस। ● अमृत विचार


जसपुर में बाइक मार्च निकालती पुलिस। ● अमृत विचार

### जसपुर में मोटर साइकिलों से निकाला मार्च

**जसपुर।** हल्द्वानी में गुरुवार को हुई हिंसा के बाद पुलिस यहां बेहद सतर्क है। नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जसपुर पुलिस ने रविवार को प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर में मोटर साइकिलों से फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आपस में सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

# भानू मौत मामले में गन हाउस वाले पर मुकदमा

### 9 फरवरी को गन हाउस में हुई थी भानू शर्मा की मौत, लाइसेंसी रिवाल्वर की सर्विस के दौरान चली थी गोली

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बीते 9 फरवरी को शक्ति विहार कॉलोनी के रहने वाले अनिल उर्फ भानु शर्मा की गोली लगने के प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार गन हाउस संचालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया कि युवक अपने भाई के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर की सर्विस कराने गन हाउस पर गया था। जहां संचालक की लापरवाही के चलते रिवाल्वर से गोली चल गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शक्ति विहार कॉलोनी के रहने वाले सचिन शर्मा ने बताया कि उसका भाई अनिल शर्मा उर्फ भानू शर्मा 9 फरवरी को अपने दोस्त शिवम अरोरा के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर को ठीक करने के लिए फ्लाईओवर के नीचे स्थित बाजपुर गन हाउस गया था। जहां मौजूद गन हाउस संचालक संजीव कुमार ने जब रिवाल्वर को लोड कर उसकी सर्विस व सफाई करनी शुरू की। उस वक्त भाई व उसका दोस्त दुकान पर ही बैठ गया। आरोप था कि संचालक ने जब चेक करने के लिए रिवाल्वर को लोड किया। उस वक्त भाई व दोस्तों ने रिवाल्वर से गोली निकालने की सलाह दी थी। इसके बावजूद संचालक ने लोडेड रिवाल्वर का ट्रिगर दबा दिया। जिससे रिवाल्वर से निकली गोली भाई के सीने में जा घुसी। खून से लथपथ भाई को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने भाई को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां तैनात डॉक्टरों ने भाई अनिल उर्फ भानू शर्मा को मृत घोषित कर दिया।


अनिल उर्फ भानू का फाइल फोटो।

शिकायतकर्ता का आरोप था कि गन हाउस संचालक संजीव की लापरवाही का ही परिणाम था कि रिवाल्वर से चली गोली से उसके भाई की मौत हुई है। उधर, एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाजपुर गन हाउस के संचालक संजीव कुमार के खिलाफ गैर इदरातन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# शिक्षिका को निर्वस्त्र घुमाने के आरोपी पति समेत तीन गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- हथियारों के बल पर अपहरण कर मारपीट करने का आरोप
- पुलिस ने आरोपियों का चालान कर उन्हें कोर्ट में पेश किया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शिक्षिका पत्नी का हथियारों के बल पर अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने और उसे कार में निर्वस्त्र घुमाने के आरोपी पति तथा उसके दो साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी महिला शिक्षिका ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह बीती 8 फरवरी को स्कूटी से स्कूल जा रही थी। इसी बीच कार सवार कनकपुर दढ़ियाल रोड निवासी उसके पति और उसके दो साथियों ने उसकी स्कूटी रोक दी और रिवॉल्वर के दम पर उसे जबरदस्ती घसीटकर गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर ले गए। इस दौरान आरोपियों ने महिला के कपड़े फाड़ उसे निर्वस्त्र कर दिया। विरोध करने पर बट से भी प्रहार किया। वह उसे बाजपुर फिर स्वार तथा बाद में चौखंडी, रामपुर ले गये। जहां आरोपी शिक्षिका को उनके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गये। जिसके बाद परिजन उसे घर लेकर आये।

मामले में पुलिस ने आरोपी कनकपुरी निवासी पति दलजीत सिंह, ग्राम मानपुर निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी व ग्राम कनपुर निवासी मनविंदर सिंह उर्फ मंडा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में आईटीआई थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह कोश्यारी, महिला एसआई सुप्रिया नेगी, हेड कांस्टेबल शेखर बनकोटी, यतेंद्र रावत व दिलीप सिंह शामिल रहे।



महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने वाले आरोपियों के साथ थाना आईटीआई पुलिस।

## महिला ने लगाया जेठ पर हत्या की साजिश का आरोप

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** गांव रायपुर की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने जेठ पर पति व बेटे की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। आरोप था कि आरोपी ने अपने परिवार के साथ मिलकर बेटे व पति पर तलवार से हमला भी किया था। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

रायपुर गांव की रहने वाली पलविंदर कौर ने बताया कि उसके पड़ोस में उसका जेठ, ससुर और परिवार के साथ रहता है और घर को जाने का रास्ता भी वहीं से निकलता है। आरोप है कि जेठ का परिवार पुरानी रंजिश रखता है। इसी दुश्मनी को अंजाम देने के लिए 10 फरवरी की रात 11 बजे जेठ का परिवार जबरन घर में घुसा और बेटे व पति पर प्राणघातक हमला कर दिया और तलवार से खड़ी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

आरोप है कि जेठ के पास तमंचा व राइफल भी है और लगातार परिवार को गोली मारने की धमकी देता रहता है। पीड़िता ने पुलिस से परिवार की जान को खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मृतक के परिजनों को 13.69 लाख रुपये दे बीमा कंपनी

**कोर्ट का आदेश**

- ट्रैक्टर की टक्कर से हुई थी ई-रिक्शा चालक की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीपुर रितेश कुमार श्रीवास्तव ने सड़क दुर्घटना में मृतक टेंट हाउस स्वामी ऋषिपाल सिंह के परिजनों को 13.69 लाख रुपये का भुगतान करने के आदेश दिये है।

बता दें कि 03 जुलाई 2022 को ग्राम मंडवाखेड़ा मंझरा जसपुर निवासी ऋषिपात सिंह शाम को अपनी ई-रिक्शा से ग्राम पतरामपुर से अपनी टेंट की दुकान बंद करके अपने घर ग्राम मंडवाखेड़ा मंझरा को आ रहे थे। तभी ग्राम निजामगढ़ के कब्रिस्तान के पास पहुंचे विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर संख्या यूके 18 सी/1063 ने ऋषिपाल सिंह की ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। जिससे ऋषिपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें जसपुर स्थित एक नर्सिंग होम ले गये। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मृतक ऋषिपाल सिंह के पिता और प्रसाद ने थाना जसपुर में दर्ज कराई। मामले में मृतक ऋषिपाल सिंह की पत्नी पूनम देवी ने अपने अधिवक्ता कैलाश चंद्र प्रजापति एडवोकेट के माध्यम से मुआवजे का वाद जिला जज उधमसिंह नगर की अदालत में दाखिल किया था। जिसे बाद में सुनवाई के लिए द्वितीय अपर जिला जज काशीपुर रितेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में भेजा गया।

मृतक के परिजनों की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता कैलाश चन्द्र प्रजापति एडवोकेट ने न्यायालय में मृतक की पत्नी पूनम देवी व चश्मदीद गवाह विजेन्द्र सिंह को पेश किया और साक्ष्य व जिरह की। उधर बीमा कम्पनी का तर्क था कि घटना अज्ञात वाहन से हुई है तथा वाद खारिज होने योग्य है। अधिवक्ता कैलाश चंद्र प्रजापति के तर्कों से सहमत होकर तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित इंश्योरेंस कम्पनी को मृतक के परिजनों को 13.69 लाख रुपये वाद दाखिल करने की तिथि से भुगतान की तिथि तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश दिये हैं।

# दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से हुई भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।


पाकेश कुमार यादव।

जानकारी के अनुसार बीती रात्रि ग्राम जाफराबाद थाना रहेड़ (बिजनौर), उत्तर प्रदेश निवासी पाकेश कुमार यादव (40) पुत्र गजराम सिंह यादव अपनी ससुराल ठाकुरद्वारा कोतवाली अंतर्गत गांव पंडितपुर से अपने घर वापस आ रहा था। ठाकुरद्वारा- जसपुर रोड स्थित ग्राम रहमापुर के पास रात्रि करीब 10 बजे सामने से आ रही एक बाइक ने उसकी बाइक में जबर्दस्त टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा घायल पाकेश को तत्काल 108 वाहन से जसपुर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पाकेश की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर एसएसआई ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर एसआई जावेद मलिक और सूत मिल चौकी प्रभारी एसआई धीरज टम्टा मय फोर्स मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

### ट्रक की चपेट में आकर दंत चिकित्सक की मौत

**काशीपुर।** ट्रक की चपेट में आकर रामनगर में डेंटल क्लीनिक चलाने वाले स्कूटी सवार एक चिकित्सक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जनपद रामपुर के थाना टांडा दढ़ियाल निवासी आमिर (27) पुत्र अनवार हुसैन रामनगर की घास मंडी में एमए डेंटल नामक क्लीनिक चलाते थे तथा उनके एक पैर में पोलियो था। रविवार सुबह वह स्कूटी पर सवार होकर दढ़ियाल से रामनगर जा रहे थे। जब वह टांडा उज्जैन पहुंचे तथा सड़क पर जाम होने के कारण उन्होंने स्कूटी रोकी तो दाएं पैर में पोलियो होने के कारण वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गये। इस दौरान पास से गुजर रहे ट्रक के पिछले पहिये में आकर उनकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दी।

## राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** बीते 9 फरवरी को डीडी चौक पर लगी ट्रैफिक लाइट को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ राजकीय संपत्ति को नुकसान करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। यातायात प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है।

यातायात प्रभारी धनपाल सिंह ने बताया कि नौ फरवरी की देर रात्रि ट्रक संख्या एचआर-55 एए-4234 के चालक ने डीडी चौक स्थित डिवाइडर पर लगे ट्रैफिक लाइट पोल को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिससे विभाग को आर्थिक क्षति पहुंची है। कोतवाली पुलिस ने यातायात प्रभारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर डीडी चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।

# ट्रैक्टर कंपनी के यार्ड से लाखों रुपये की बैट्रियां चोरी

**अपराध**

- बेहद ही शातिराना अंदाज में चोरों ने दिया अंजाम
- 20 ट्रैक्टर की हुई बैटरियां चोरी, यार्ड प्रभारी ने करवाई रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर में चोरी की घटनाओं में इजाफा होने लगा है। बेहद ही शातिराना अंदाज में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए चोरों ने ट्रेक्टर कंपनी के यार्ड में खड़े ट्रैक्टर की बैटरियां चोरी कर कंपनी को लाखों की चपत लगा दी। चोरी की जानकारी होने पर यार्ड प्रभारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

शिमला पिस्तौर निवासी एमएफ मलिक ने बताया कि शिमला पिस्तौर में महिंद्रा कंपनी का यार्ड बना हुआ है। जहां पर कंपनी के निर्मित ट्रैक्टर को खड़ा किया जाता है। बताया कि चार फरवरी को जब निर्यात करने के लिए ट्रैक्टर को ले जाया जाने लगा तो ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं हुए। जब ट्रैक्टरों की जांच की गई तो पाया कि यार्ड में खड़े बीस ट्रैक्टरों की बैट्रियां निकाल ली गईं हैं। पड़ताल में पता चला कि दो से तीन फरवरी की रात को चोरों ने यार्ड के पीछे से प्रवेश किया और बेहद ही शातिराना अंदाज में 20 ट्रैक्टरों की बैट्रियां खोलकर छोटे हाथी में भरकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर बैटरियों के ढक्कन भी बरामद किए गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

यार्ड प्रभारी एमएफ मलिक ने बताया कि दो या तीन फरवरी की रात को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा। उन्होंने बताया कि चोरी हुई बैट्रियों की कीमत ढाई से तीन लाख रुपये के करीब है।

### चोरों ने डॉक्टर के सरकारी आवास से उड़ाया हजारों का सामान

**काशीपुर।** सरकारी अस्पताल में धावा बोलकर चोर चिकित्साधिकारी के आवास से हजारों का सामान उड़ाकर चंपत हो गए। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के प्रभारी फार्मासिस्ट एचसी मिश्रा ने कटोराताल पुलिस को तहरीर सौंपकर कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सालय एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय परिसर में बना हुआ है। मई 2023 में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद कुमार का स्थानांतरण रानीखेत हो चुका है। हाल ही में रात के समय चोर खिड़की तोड़कर परिसर में बने चिकित्साधिकारी के आवास में घुस गए। इस दौरान पंखे, कुर्सी, लोहे की टंकी, शौचालय से स्टैंडिंग सीट आदि हजारों का सामान चोरी कर ले गए। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सालय के बाहर गेट पर लगी स्टील ग्रिल भी उखाड़ ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आग्रह** मुख्यमंत्री से सिडकुल स्थित बंद कंपनी को खुलवाने व वेतन दिलवाने की लगाई गुहार

# सीएम कैंप कार्यालय पर चस्पा किया मांग पत्र

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** सिडकुल में बंद कर दी गई एक कंपनी के ठेका श्रमिकों ने यहां पहुंचकर लोक निर्माण विभाग में स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर किसी की मौजूदगी न होने पर मांगपत्र चश्मा किया।

सितारंगत सिडकुल में बंद की गई कंपनी के ठेका श्रमिकों ने कहा है कि कंपनी 17 जून 2022 को अवैध रूप से बंद कर दी गई। जिसके बाद से उन लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह भी कहा है कि कारखाना प्रबंधन द्वारा राज्य सरकार से अनुमति नहीं ली गई थी। इसलिए शासन द्वारा 30 नवंबर 2022 को कारखाना बंद करने को अवैध करार दिया गया।


खटीमा के लोनिवि में स्थिति मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय पर मांगपत्र के साथ आए ठेका श्रमिक। ● अमृत विचार

उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कंपनी को तत्काल खुलवाने और 2022 से अबतक का वेतन दिलवाने की गुहार की है। यह भी कहां कि कई बार मुख्यमंत्री धामी से मिलने का प्रयास किया गया लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई। इसलिए वह अपना मांगपत्र यहां चश्मा कर रहे है। ज्ञापन चस्पा करने वालों में अनिता अन्ना, नरेन्द्र सिंह, ज्योति चंद, सूरज भण्डारी, आशिक अंसारी, खीमा पंत, रेशमा अहमद, शहनवाज, मनोज रस्तोगी, ओमकार सिंह, रामअवतार, रजनीश कुमार पाठक, प्रताप सिंह आदि थे।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** किशोरी को इलाज के बहाने मुरादाबाद ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। आईटीआई थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बीमार रहती है। कहा कि गुलाबबाड़ी, पीतल नगरी मुरादाबाद निवासी अरविंद कुमार उसकी पुत्री को इलाज कराने के बहाने मुरादाबाद ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 506 आईपीसी व 5/6 पोक्सो एक्ट के केस दर्ज कर आरोपी अरविंद कुमार को मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में आईटीआई थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह कोश्यारी, महिला एसआई सुप्रिया नेगी रहे।

# दो पक्षों में मारपीट में दो लोग घायल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गुलजारपुर में रविवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए काशीपुर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं मौके पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और घटना की जानकारी ली।

ग्राम गुलजारपुर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र प्यार सिंह ने बताया कि उनका पुत्र गुरसेवक सिंह व लवप्रीत सिंह खेत में काम करने के लिए घर से जा रहे थे। तभी रास्ते में दर्जन भर गांव के ही युवकों ने एकत्रित होकर रोक लिया। जहां पर बिना किसी वजह से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए आरोपियों ने तलवार और दांती से हमला कर दिया। जिसमें गुरसेवक सिंह व लवप्रीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा सुनकर गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। वहीं सूचना पर कुंडेश्वरी चौकी पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और घायलों से घटना की जानकारी लेते हुए छानबीन शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि घटना रंजिश के कारण हुई है। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी विनोद जोशी ने बताया कि घटना पीरूमदारा क्षेत्र की है। पुलिस जांच कर रही है।


काशीपुर के सरकारी अस्पताल में घायल का इलाज करता कर्मी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### युवक को चाकू के साथ पुलिस ने दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है। आरोपी चोरी की नीयत से घूम रहा था। शनिवार शाम को कोतवाली पुलिस ने टांडा उज्जैन क्षेत्र में गश्त के दौरान अलीगंज रोड पर ढकिया गुलाबो तिराहे के पास संदिग्ध अवस्था में चहलकदमी करते हुए ग्राम कटैया निवासी गुलशेर को गिरफ्तार कर उसे कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चोरी करता है तथा पकड़े जाने पर डराने के लिए चाकू रखता है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत चालान किया है।

### ट्यूबवेलों का कनेक्शन काटने पर रोष

**जसपुर।** युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष अमन प्रीत सिंह ने बिजली विभाग द्वारा विद्युत बिलों के बकाया भुगतान को लेकर किसानों के ट्यूबवेलों के कनेक्शन काटने पर रोष जताया। उन्होंने मांग की है कि किसानों के कटे हुए कनेक्शनों को तुरंत जुड़वाया जाये अन्यथा भारतीय किसान यूनियन कोई सख्त कदम उठाने के लिए बाध्य हो जायेगी। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में 12 फरवरी को कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर में प्रात: 11 बज भारतीय किसान यूनियन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया जायेगा और रणनीति तय की जायेगी।

### फाटक के टकराकर बाइक सवार घायल

**बाजपुर।** छोई रोड पर फाटक से टकराकर बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को दिलपुरा रामपुर निवासी दीपक पुत्र आशाराम बन्नाखेड़ा से अपने घर रामपुर जा रहा था। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फाटक से टकरा गई। जिससे दीपक घायल हो गया।

### चाकू के साथ आरोपी दबोचा

**बाजपुर।** पुलिस ने मंसूरनगर थाना केलाखेड़ा निवासी शेर खान पुत्र अहमद पहलवान को चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शेर खान नशे का आदी है। नशे की पूर्ति करने के लिए छोटी मोटी चोरी करता है तथा लोगों को डराने के लिए चाकू अपने पास रखता है। जिसे न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# हर काम दक्षता से कर सकती हैं महिलाएं: नीता

## कहा-पुरुष भी बढ़ाएं महिलाओं का आत्मविश्वास, भारतीय मजदूर संघ का प्रांतीय अधिवेशन हुआ संपन्न


अधिवेशन को संबोधित करतीं अखिल भारतीय संघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीता चौबे।


भारतीय मजदूर संघ के अधिवेशन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अधिवेशन**

- महिला श्रमिकों के कार्य क्षेत्र में आ रही दिक्कतों पर हुई चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भारतीय मजदूर संघ का आठवां त्रैवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन मजदूरों की विभिन्न समस्याओं और नई कार्यकारिणी के गठन के साथ संपन्न हो गया है। इस दौरान महिला श्रमिकों के कार्य क्षेत्र में आ रही दिक्कतों और समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज सभागार में हुए अधिवेशन के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीता चौबे ने कहा कि महिलाओं को अपने आप पर भरोसा होना चाहिए कि वे किसी भी सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर सकती है। पुरुषों से कहा कि उन्हें महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए और उन्हें हर संभव सहयोग करना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचार प्रमुख बृजेश बनकोटी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपनी संस्कृति और अपने राष्ट्र की पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। ताकि वे किसी भी मंच पर अपनी संस्कृति और अपने राष्ट्र का मान बढ़ा सकें। साथ ही कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्राप्त करते रहना चाहिए और समर्पण भाव से संगठन के कार्यों को करना चाहिए।

इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम, भारतीय मजदूर संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुषमा शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय मंत्री स्नेह पाल, सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर सिंह समेत कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 13 जिलों के सुदूरवर्ती दुर्गम क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

### उमेश अध्यक्ष और सुमित महामंत्री बने

**रुद्रपुर।** भारतीय मजदूर संघ का आठवां त्रैवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में 7 वीं प्रदेश कार्यसमिति को अध्यक्ष ऋषिपाल ने भंग किया और चुनाव अधिकारी भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम ने सभी की सहमति से भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड की 8 वीं प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की। इसमें उमेश चंद्र जोशी अध्यक्ष और सुमित सिंघल महामंत्री बने। इसके साथ ही संजीव बिश्नोई कार्याध्यक्ष, गंगा गुप्ता और अजय कांत उपाध्यक्ष, गणेश मेहरा, बुद्धि बल्लभ थपलियाल और भगवती बिष्ट मंत्री, पदम सिंह कोषाध्यक्ष, आदर्श कुमार सकलानी कार्यालय मंत्री बने।

# व्यवसायी व कैंटर चालक में मारपीट, दोनों ही घायल

संवाददाता, बाजपुर

**विवाद**

- कैंटर में मंगाए गए स्पेयर पार्ट्स कम आने पर हुआ विवाद

**अमृत विचार:** ग्राम मुड़ियाकला ईदगाह के पास दो पक्षों में सामान की हेराफेरी करने के आरोप को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। उन्हें उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

मुडिया पिस्तोर ईदगाह के पास के व्यवसायी व ग्राम लखनपुर-धनसारा निवासी नदीम पुत्र कदीर अहमद ने दिल्ली से स्पेयर पार्ट्स का समान मंगाया था। जिसे कैंटर में लेकर रविवार सुबह काशीपुर के ग्राम महेशपुरा निवासी नौशाद पुत्र मोहम्मद हनीफ बाजपुर आया। माल चेक करने पर माल काफी कम पाया गया। इसको लेकर विवाद हो गया। नदीम ने नौशाद पर माल गायब करने का आरोप लगा कैंटर का किराया देने से मना कर दिया। इसको लेकर दोनों में हाथापाई हो गई। आरोप है कि इसी बीच नौशाद के सिर पर रॉड से हमला किया गया। किसी प्रकार आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मामले की तहरीर कोतवाली में नहीं दी गई थी।


मारपीट में घायल होने के बाद अस्पताल में इलाज कराता कैंटर चालक नौशाद।

# पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी दबोचे

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** मुख्य मार्ग स्थित गुप्ता क्लीनिक के बाहर से चोरी गई गई बाइक को पुलिस ने बरामद करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है।

एसएसआई जसवीर चौहान ने बताया कि ग्राम गंगापुर, भजुवानग्ला निवासी कुलवन्त सिंह पुत्र गुरमेल सिंह की तहरीर पर बाइक चोरी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने लगभग 24 घंटे में ही चोरों की तलाश कर उन्हें धर्मशाला के पीछे स्थित राजीव नगर में एक खंडर से गिरफ्तार किया है। जिसमें इन्द्रा कालोनी निवासी प्रेम कुमार पुत्र स्व. गुरचरण व राजीव नगर निवासी विशाल पुत्र भाग सिंह शामिल हैं। इनके पास से बाइक भी बरामद कर ली।पुलिस टीम में एसआई सुनील कुमार व मोहनखाती, गिरजाशंकर रहे।



### चोरी की दो बाइक के साथ ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

**खटीमा।** कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक ऑटो लिफ्टर को चोरी की बाइक सहित पकड़ लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दूसरी बाइक भी बरामद कर ली। शनिवार शाम चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार पुलिस को देख भगाने लगा। पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने स्वयं को गिद्धौर नानकमत्ता निवासी सतपाल उर्फ सत्ता बताया। वह बाइक के कागजात नहीं दिखा सका। पुलिस द्वारा शक्ति बरतने के बाद उसने बताया कि यह बाइक चोरी की है और एक अन्य बाइक के संबंध में भी बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दूसरी बाइक भी बरामद कर ली। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि ऑटो लिफ्टर सतपाल के खिलाफ धारा 379/411 आईपीसी और 41/102 सीआरपीसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# पॉलीथिन के खिलाफ अभियान, काटे चालान

**कार्रवाई**

- नगर निगम की टीम ने संडे बाजार में की कार्रवाई
- टीम ने अतिक्रमण करने वालों को भी नोटिस थमाये

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने संडे बाजार में पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। निगम की टीम ने संडे बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर 1650 रुपये का चालान कर दो किलो पॉलीथिन को कब्जे में लिया है। वहीं टीम ने अतिक्रमण करने वालों को भी नोटिस थमाये।

रविवार को सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह ने नगर निगम टीम के साथ संयुक्त रूप से अतिक्रमण तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन का प्रयोग करने पर संडे बाजार में फड़ व्यवसायियों पर 1650 रुपये का चालान किया तथा मौके से दो किलो पॉलीथिन जब्त की। वहीं नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण करने पर अतिक्रमणकारियों को पांच हजार के नोटिस भी जारी किये हैं। टीम ने इस दौरान फड़ स्वामियों को पॉलीथिन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक करते हुए उन्हें इसके दुष्परिणामों के बारे में भी अवगत कराया। टीम में सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह के साथ अब्दुल सलीम, बृजपाल सिंह ठाकुर, राहुल कुमार, हरीश पालीवाल, बबली, प्रेमदीप शामिल रहे।


संडे बाजार में चालान करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

# केन्द्र की योजनाओं की जानकारी दी


गांव चलो अभियान के तहत शक्ति केंद्र पर ग्रामीणों को जानकारी देते भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** गांव चलो अभियान के तहत केलाखेड़ा मंडल के महामंत्री आशीष ठाकुर द्वारा मुंडिया कला शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 134, 35, 36, 37, एवं विजय रम्पुरा के बूथ संख्या 120 पर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में रहे।

गांव चलो अभियान के तहत आशीष ठाकुर ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया। साथ ही शक्ति केंद्र में रहने वाले वरिष्ठ पार्टी के नेताओं सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों में कार्य करने वाले वरिष्ठ जनों से भेंट कर आने वाले लोकसभा चुनाव में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री गंगाराम सूरी, जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष करम सिंह, धर्मपाल बंसल, मंडल उपाध्यक्ष डालचंद, मंडल मंत्री रिंकू मौर्या, बूथ अध्यक्ष देशराज चंद्रा, पम्मी ठाकुर, राजकुमार चंद्र, सोनू कुमार, कांति सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरताज सैनी को मिला सर्वाधिक सक्रियता अवार्ड

**समारोह**

- सेंट मेरी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

संवाददाता बाजपुर

**अमृत विचार:** सेंट मेरी स्कूल में वर्ष भर चलने वाली गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार फादर रोवल विवियन फर्नांडिस द्वारा प्रदान किए गए। इस दौरान सरताज सिंह सैनी पुत्र जीवन सिंह सैनी को विद्यालय में 'अत्यधिक स्टार विजेता' के रूप में सम्मानित करते हुए ट्राफी प्रदान की गई।

सेंट मेरी में प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ. शाइनी पॉल के निर्देशन में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह वार्षिक आयोजन छात्रों की विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने और सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फादर रोवल विवियन फर्नांडिस, प्रधानाचार्य मारिया असुम्पटा स्कूल काशीपुर रही। फादर रोवल विवियन फर्नांडिस ने छात्रों की उपलब्धियों के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका कार्य उनके भविष्य की बुनियाद है। अच्छे कार्य सदैव याद किए जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में प्रतियोगिता जीतना या हारना महत्त्व नहीं रखता। सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना है।

समारोह में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पदक व ट्रॉफियां प्रदान की गईं। जिसमें शिक्षा, कला, खेल और सामुदायिक सेवा जैसे क्षेत्र सम्मिलित थे। समारोह में जूनियर वर्ग गर्ल्स में सहजप्रीत कौर, ब्वायज में दुष्यन्त डोबल को चैंपियन ट्रॉफी तथा सीनियर वर्ग ब्वायज में पवन शर्मा व गर्ल्स में कनिष्का चौधरी को चैंपियन ट्रॉफी प्रदान की गई। सरताज सिंह सैनी को "अत्यधिक स्टार विजेता "के रूप में सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को उनके अद्वितीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।



सरताज सिंह सैनी को सम्मानित करती प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ. शाइनी पॉल।

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान कच्ची शराब बेच रहे एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फिर से आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान किया है।

आरोपी पर कुंडा थाने में आबकारी एक्ट के पूर्व में आठ मुकदमे दर्ज है। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम श्यामनगर में शिव मंदिर तिराहे के पास कच्ची शराब बेचते हुए श्यामनगर निवासी गिरधारी लाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 14 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की।

कुंडा थानाध्यक्ष दिनेश फर्त्याल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में आबकारी एक्ट के आठ मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने आरोपी का धारा 60 (1) में चालान किया है।

**आयोजन** — विभिन्न प्रांतों में रह रहे बंग समाज के लोगों में समन्वय स्थापित करने पर जोर

# खेती और गौ पालन से लौटेगा देश का गौरव

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** आरएसएस के राष्ट्रीय समग्र ग्राम विकास संयोजक डॉ. दिनेश ने कहा कि बंगाल और वहां के महापुरुषों का राष्ट्र के लिए योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने विभिन्न प्रांतों में रह रहे बंग समाज के लोगों में समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।

देवनगर में आयोजित अधिवेशन के दूसरे दिन डॉ. दिनेश ने कहा कि सीमांत क्षेत्र में रहने वाले जनजाति और आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़कर और देसी नस्ल की गौ पालन और प्राकृतिक खेती से देश के पुराने वैभव को प्राप्त किया जा सकता है। गोपाल उपाध्याय और तपन विश्वास ने गांवों में कामधेनु प्रतियोगिता और ग्राम सांस्कृतिक महोत्सव मनाए जाने पर बल दिया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री ब्रजेंद्र और राष्ट्रीय संयोजक डॉ. देव ज्योति ने मंगल परिवार की व्याख्या करते हुए इसे अमल में लाने की पहल की।

प्रश्नकालीन सत्र के दौरान अधिवेशन में मौजूद लोगों ने समाज में बढ़ते नशे के चलन को रोकने और बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों में बांग्ला भाषा शिक्षा को प्राथमिक स्तर से प्रारंभ करने का प्रयास करने पर जोर दिया। गांव में रहने वाले बंग समाज के लोगों की आर्थिक और सामाजिक स्तर में सुधार के लिए भौतिक रूप से कार्य किए जाने की बात कही। इसके बाद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राजनगर ग्रामसभा का भ्रमण कर बंग समाज के विभिन्न लोक परंपरा और संस्कृति को जाना। संचालन पार्थ प्रतिक और तपन विश्वास ने किया। इस मौके पर जयराम आनंद गिरि महाराज, तपन अधिकारी, सुमंत विश्वास, पवन बिंद, अमल मंडल, मनोज विश्वास, रीना मजूमदार, ऋषभ कुमार, पंचानन मंडल, शांति रंजन भंडार, सुनील सरकार आदि मौजूद थे।


शक्तिफार्म में अधिवेशन को संबोधित करते डॉ. दिनेश। ● अमृत विचार

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**दिनेशपुर।** पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त को धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत किया।

रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष अनिल जोशी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने मुखविर की सूचना पर जगदीश सिंह पुत्र जसपाल सिंह निवासी- ग्राम रायपुर, थाना- रुद्रपुर उधमसिंह नगर को कालीनगर से आगे बिंदुखेड़ा को जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त को धारा- 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया।

# अयोध्या से लाए प्रसाद का वितरण

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** राममंदिर निर्माण के लिए पांच सौ वर्ष तक सनातन धर्म को इंतजार करना पड़ा है। अब कोई और मिया मीर न आ पाए इसके लिए सभी सनातनियों को सदैव सचेत रहना होगा। ऐसा कोई भी व्यक्ति यदि सनातन के लिए खतरा बनता दिखे तो सभी को उचित निर्णय लेना होगा।

यह बात विहिप के प्रांत सचिव गोरक्षा प्रमुख यशपाल राजहंस ने भगत सिंह चौक पर अयोध्या से लाए प्रसाद का वितरण व हनुमान चालीस के पाठ के बाद कही। राजहंस ने कहा कि हिन्दुत्व अपनी रक्षा करना अब सीख चुका है। राम मंदिर का धर्म युद्ध जीत चुका है। बाकी पर भी जीत होगी। उन्होंने हल्द्वानी की घटना पर कहा कि कानून अपना काम कर रहा है। जिन्होंने भी जवानों पर हमला किया है वह बख्शे नहीं जाएंगे। इससे पूर्व भगत सिंह चौक पर जयश्रीराम के उद्घोष के साथ रामलला की प्रतिमा के समक्ष सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पढ़ी गई। इस दौरान आरआरएस, विहिप की अयोध्या से लौटी 51 कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा लाया गया गया प्रसाद 1100 लोगों को बांटा गया। इस मौके पर जिला संघ चालक हरीश सक्सेना, विहिप के जिलाध्यक्ष तेज प्रकाश शर्मा, सुशील सिंघला, रोहित बंसल, सतीश तलवार, सचिन गोतम, प्रशान्त पाठक, लता गोयल, गीता, कुसुम सैनी आदि मौजूद रहे।


भगत सिंह चौक पर हनुमान चालीसा का पाठ करते विहिप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



ग्रीन क्लब शांतिपुरी द्वारा नशे के खिलाफ आयोजित क्रास कंट्री रेस में जीत के लिए जोर आजमाते धावक। ● अमृत विचार



शांतिपुरी में नशे के खिलाफ हुई क्रास कंट्री रेस के समापन पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते स्थानीय कलाकार। ● अमृत विचार

# नशे के खिलाफ जागरण: 555 लोगों ने लिया क्रॉस कंट्री दौड़ में भाग

## शांतिपुरी में ग्रीन क्लब की ओर से आयोजित की गई क्रॉस कंट्री रेस, उत्साह के साथ बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने लिया भाग, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**▸▸ विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित**

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी नंबर दो मंनसा देवी मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक खेल मैदान में ग्रीन क्लब शांतिपुरी द्वारा आयोजित नशे के खिलाफ क्रॉस कंट्री रेस में शांतिपुरी व आसपास के विभिन्न जिलों से पहुंचे करीब 555 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के आयोजन यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी, मुन्ना त्रिपाठी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्रॉस कंट्री रेस के विजयी प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं ईनाम देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता रविवार प्रातः 7:30 बजे शातिंपुरी नंबर दो मंनसा देवी मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक खेल मैदान से 12 से 18, 19 से 30, 31 से 40, 41 से 50, 51 से 60, एवं 60 से अधिक आयु वर्ग के अलग-अलग टोलियों में प्रतिभागियों को क्रमशः 5 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर प्रतियोगिता के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें पांच किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस कार्यक्रम स्थल से राजकीय इंटर कॉलेज, शातिंपुरी नंबर दो मुख्य बाजार, शांतिपुरी नंबर तीन, आनंदपुर व शांतिपुरी पोस्ट आफिस होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। जबकि 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस कार्यक्रम स्थल से राजकीय इंटर कॉलेज, शातिंपुरी नंबर दो मुख्य बाजार, शांतिपुरी नंबर तीन, शांतिपुरी नंबर चार, जयग्राम, सत्यपुर, आनंदपुर व शातिंपुरी पोस्ट आफिस होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।



शांतिपुरी में क्रास कंट्री रेस के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

पांच किमी. प्रतियोगिता के 18 से 30 बालिका वर्ग में आयुषी गुप्ता प्रथम, सोनम द्वितीय, कीर्ति टाकुली तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग प्रतियोगिता में नितिन कोरंगा प्रथम, रोशन शाह द्वितीय, मेहुल बिष्ट तृतीय, अंकित जोशी चतुर्थ तथा अक्षत बिष्ट ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग के बालिकाओं में बबीता जोशी प्रथम, मैमुन द्वितीय, रेनू रौतेला तृतीय तथा नीरू जोशी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग की बालक प्रतियोगिता में भास्कर जोशी प्रथम, सूरज कुमार द्वितीय व भोपाल सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 41 से 50 आयु वर्ग की महिला प्रतियोगिता में दीप्ति परिहार प्रथम, रेखा जोशी द्वितीय व सुलोचना पांडे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग की पुरुष प्रतियोगिता में अनिल सिंह प्रथम, शैलेंद्र जोशी द्वितीय व दीपक धामी तीसरे स्थान पर रहे। 51 से 60 वर्ष प्रतियोगिता में मंजू पाठक प्रथम, रेनू तिवारी द्वितीय, हंसी जोशी तृतीया तथा हेमा बिष्ट चौथे स्थान पर रहीं। जबकि इसी आयु वर्ग के पुरुषों में हेमंत कुमार पांडे प्रथम, भगत मेहता द्वितीय व चंद्रशेखर जोशी तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 61 से 70 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता में लाल सिंह टाकुली प्रथम, जगमोहन सिंह द्वितीय व रमेश शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 10 किलोमीटर महिला वर्ग में 50 से 60 आयु वर्ग की मंजू कुटियाल प्रथम व मोहित सिंह द्वितीय रहे। 30 से 40 आयु वर्ग में रेखा बिष्ट प्रथम तो वहीं 30 से 40 आयु वर्ग पुरुष में ओम प्रकाश सिंह प्रथम, किरण सिंह द्वितीय व चंदन खटोला तीसरे स्थान पर रहे।

10 किमी. 18 से 30 आयु वर्ग में अजय प्रथम, दीपांशु भट्ट द्वितीय व निर्मल कायल तीसरे स्थान पर रहे। 40 से 50 आयु वर्ग महिलाओं में पुष्पा भट्ट प्रथम, गीता पिमोली द्वितीय व अंजलि तिवारी तीसरे स्थान पर रही। इसी वर्ग की पुरुष प्रतियोगिता में त्रिलोक सिंह धामी प्रथम, अजय कुमार अग्रवाल द्वितीय व प्रेम बिमोली तीसरे स्थान पर रहे। 10 किलोमीटर 30 से 40 आई वर्ग महिलाओं में गरिमा शर्मा प्रथम, दिव्या बिष्ट द्वितीय व आकांक्षी शर्मा तीसरे स्थान पर रही। वहीं 61 से 70 आयु वर्ग के 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में अनूप शाह प्रथम व प्रमोद गोयल दूसरे स्थान पर रहे। जबकि 10 किलोमीटर 50 से 60 आयु वर्ग पुरुषों में मोहन सिंह प्रथम, सुरेश भंडारी द्वितीय व डॉ. संजय पंत तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली व पीटीआई चिदंबर प्रसाद जोशी रहे। इस दौरान डॉ. बीडी जोशी, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद शर्मा, नारायण सिंह बिष्ट, विनोद कोरंगा, सुभाष जोशी, मंजू पाठक, नेहा ठाकुर कोरंगा, कमलेश जोशी, दीपक तिवारी, चंद्रशेखर जोशी, कैलाश जोशी, कविता तिवारी, जगदीश कांडपाल, बिट्टू कोरंगा, जीवन कोरंगा, किशोर रौतेला, भुपाल दानू उर्फ रॉक, यशु कोरंगा, मुकेश रौतेला, मनोहर कोरंगा, नीरज जोशी, मनोहर कोरंगा उर्फ लक्खा, नीरज रावत, दीपक तिवारी, सोनू कार्की समेत बड़ी संख्या में दर्शक एवं कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### ग्रीन शांतिपुरी क्लब की ओर से की गई जलपान की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित

प्रतियोगिता के दौरान ग्रीन शांतिपुरी क्लब की ओर से रास्ते में जगह–जगह धावकों के ऊपर पुष्प वर्षा एवं पानी, जूस इत्यादि की समुचित व्यवस्थाएं की गईं। खिलाड़ियों को किसी प्रकार का कोई कोई जोखिम न हो इसके लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी अलर्ट मोड पर रखा गया। प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागियों के मनोरंजन के लिए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं आगंतुकों के भोजन की व्यवस्था भी की गई।

## एक नजर

### योग्य प्रत्याशी को टिकट देगी कांग्रेस : करन

**जसपुर।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर नैनीताल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए 7 कांग्रेस नेताओं ने टिकट के लिए आवेदन किया है। पार्टी जिताऊ प्रत्याशी को टिकट देगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने दूरभाष पर बताया कि कांग्रेस पार्टी सर्वे करा रही है। सर्वे के आधार पर किसी भी योग्य दावेदार को टिकट दिया जा सकता है। टिकट के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी है। उन्होंने कहा कि अभी तक नैनीताल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट के लिए सात लोगों ने आवेदन किया है। स्थानीय निकाय चुनाव के लिए पैनल का गठन किया जा रहा है। इसके बाद सर्वे किया कराया जाएगा। टिकट वितरण में सभी वर्गों के प्रत्याशियों को शामिल किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा एवं स्थानीय निकाय चुनाव के लिए तैयारी पूरी कर ली है। 7 से 10 बूथ केंद्रों पर मंडलीय कमेटी बनाई गई है। जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि भौगोलिक स्थिति देखकर मंडल कमेटी का गठन करें। कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पांचों सीटें जीतेगी।

### गांव-गांव जाकर अलख जगा रहे हैं भाजपाई

**खटीमा।** भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव –गांव संपर्क कर लोगों को राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर अलख जगा रहे हैं। उमरूकलां में गांव चलो अभियान के तहत बूथ के पदाधिकारियों ,पन्ना समिति के प्रमुखों व ग्रामीणों की बैठक में भाजपा के विधान सभा के विस्तारक आलोक तिवारी ने पदाधिकारियों से जी जान से लोक सभा चुनावों की तैयारियों में जुटने को कहा। डॉ. नवीन भट्ट ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। बूथ प्रवासी नितिन राणा ने लाभार्थियों, महिला समूह के साथ संवाद किया। यहां बूथ अध्यक्ष नन्दन भण्डारी, नरेंद्र गोस्वामी, लक्ष्मण सिंह मेहरा, वासुदेव भट्ट आदि रहे।

## सार-संक्षेप



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भट्ट।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**रुद्रपुर :** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट रविवार को पंतनगर पहुंचे। यहां उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। वहीं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। पंतनगर पहुंचे केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री ने भट्ट ने विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों व लोगों से मुलाकात की। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना और लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए।



खटीमा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित करते भाजपाई।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया याद

**खटीमा :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज बाजवा, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, देवेंद्र चंद्र, अमित कुमार पांडे, गोपाल बोरा, कार्तिक चौधरी, राहुल सक्सेना, ललित बिष्ट, तरुण ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, संतोष अग्रवाल, सूरज चंद, गंगा सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

# 801 कैडेट्स ने एनसीसी की बी प्रमाण पत्र परीक्षा दी



बाजपुर रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आयोजित परीक्षा में भाग लेते कैडेट।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी द्वारा आयोजित परीक्षा में तीन जनपदों के 801 एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी बी प्रमाण पत्र की परीक्षा दी।

रविवार को रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में उधमसिंह नगर, चंपावत व नैनीताल के 30 विद्यालयों के 801 कैडेट्स ने एनसीसी बी प्रमाण पत्र की परीक्षा दी। जिसमें शनिवार को प्रयोगात्मक तथा रविवार को लिखित परीक्षा कराई गई। परीक्षा लेफ्टिनेंट डॉ. रविंद्र सिंह (एएनओ) इंटर कॉलेज बाजपुर, लेफ्टिनेंट विशाल कुमार (एएनओ) रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल, बलबीर कुमार कंबोज तथा पीआई सदस्यों की उपस्थिति में कराई गई।

# चोरी की बाइक के साथ हिस्ट्रीशीटर दबोचा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम को चेकिंग के दौरान बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने बरेली (उत्तर प्रदेश) के हिस्ट्रीशीटर अपराधी को तमंचे तथा कारतूस के साथ दबोच लिया।

पकड़े गए आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश के तमाम थानों में एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात्रि चेकिंग के दौरान ग्राम शरीफ नगर इटावा, थाना देवरनिया, जिला बरेली ( यूपी) निवासी राजीव शर्मा को स्प्लेंडर बाइक संख्या यूपी 25 डीपी 1649 सहित पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी राजीव शर्मा के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि पूछताछ में आरोपी राजीव शर्मा ने बताया कि उसके पास से बरामद बाइक को उसके द्वारा विगत 2 फरवरी को शास्त्री नगर रोड, प्रेम नगर, बरेली से चोरी किया गया था और बाइक को बेचने के लिए रुद्रपुर जा रहा था। पुलिस ने बाइक स्वामी ग्राम रहपुरा, थाना इज्जत नगर, जिला बरेली निवासी आलम खान से संपर्क किया गया। बाइक स्वामी आलम खान ने बताया कि विगत 2 फरवरी को बाइक चोरी होने के बाद उसके द्वारा थाना प्रेम नगर में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



पुलभट्टा पुलिस की गिरफ्त में बरेली का हिस्ट्रीशीटर आरोपी। ● अमृत विचार

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह राजीव थाना ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर में अलग-अलग क्षेत्र में ठिकाना बदलकर रहता है और उत्तर प्रदेश से वाहन चोरी कर उत्तराखंड तथा उत्तराखंड से वाहन चोरी कर उत्तर प्रदेश में बेचने का काम करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के साथ उप निरीक्षक धीरज वर्मा, पुलिसकर्मी महेंद्र सिंह, दीपक बिष्ट एवं चारु पंत शामिल रहे।

### आरोपी के खिलाफ कई थानों में दर्ज हैं मुकदमे

**किच्छा।** पुलभट्टा पुलिस की गिरफ्त में आया हिस्ट्रीशीटर अपराधी राजीव शर्मा का लंबा अपराधिक इतिहास है। पुलिस के अनुसार आरोपी राजीव शर्मा के खिलाफ थाना माधोटांडा, जिला पीलीभीत में गैंगस्टर एक्ट, जानलेवा हमला, थाना इज्जतनगर, बरेली में कॉपीराइट एक्ट के अलावा जिला शाहजहांपुर, थाना देवरनिया, थाना प्रेम नगर, थाना बरखेड़ा, जिला पीलीभीत में गैंगस्टर एक्ट सहित लूट डकैती के करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

# मंदिर में निर्मित भवन का लोकार्पण

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज एवं विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने नगर के वार्ड 10 स्थित श्री कृष्ण बलदेव मंदिर में भवन निर्माण का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

नगर के आवास विकास स्थित श्री कृष्ण बलदेव मंदिर के ऊपरी तल पर विधायक निधि से निर्मित भवन का स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज एवं विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने संयुक्त रूप से लोकार्पण करते हुए श्रद्धालुओं को समर्पित किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि बेहड़ ने कहा कि किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा विधानसभा के तमाम क्षेत्रों में विधायक निधि से धार्मिक स्थलों के सौंदर्यकरण का कार्य कराया जा रहा है तथा किच्छा विधानसभा लगातार विकास की ओर अग्रसर है। इस मौके पर स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

मौके पर निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, विनोद सिडाना, गौरव बजाज, नीरज बजाज, विनोद शर्मा, सोमनाथ शर्मा, दीप हंसपाल, दलजीत कक्कड़ आदि मौजूद रहे।



किच्छा में लोकार्पण करते स्वामी चैतन्यपुरी महाराज व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

# प्रसाद वितरण कार्यक्रम में उमड़े राम भक्त

**▸▸ हिंदू समाज के अलग अलग स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वालों की पूजा**

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** श्री राम मन्दिर अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या से यहां लाया गया प्रसाद सैकड़ों रामभक्तों को वितरित किया गया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मातृशक्ति ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया जबकि युवा शक्ति बाइक रैली के साथ यहां पहुंचे।

मेलाघाट रोड स्थित सनातन धर्मशाला में कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन हिंदू समाज के पांच अलग-अलग स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों की पूजा करने के साथ हुआ। जिस प्रकार से प्रभु श्री राम ने केवट, शबरी, सुग्रीव, जटायु और विभीषण जैसे वंचित लोगों को अपनाया था। उसी संदेश के साथ लक्ष्मी कनक बिहारी दास और मंचासिन अतिथियों द्वारा समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों का पूजन कर समाज में समरसता, एकरूपता का संदेश दिया गया। उन्होंने सभी बच्चों बुजुर्गों का माता से राम राज्य स्थापित करने का संदेश दिया। एक माह से अयोध्या से सेवा देने के बाद लौटे विहिप के प्रांत सह मंत्री रंदीप पोखरिया के निर्देशन में प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ। उन्होंने लोगों से प्रभु श्रीराम के आदर्श को अपनाने और उसपर चलने को कहा। उन्होंने कहा कि सवा लाख लोगों तक प्रसाद पंहुचाने के लक्ष्य है। विहिप के प्रांत संगठन मंत्री अजय ने राम मन्दिर आंदोलन का इतिहास और खटीमा से जेल गए 16 कारसेवकों के योगदान को सराहा। संचालन ओमकार बिष्ट ने किया। इस अवसर पर मोहनी पोखरिया, ललित जोशी, हिमांशु कन्याल, अशरफी लाल, डॉ आरसी रस्तोगी, रमेश चंद्र जोशी, जीवन धामी, अमित जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, प्रमोद गडकोटी, हनुमान सिंह, कविंद्र कफलिया, गोपाल रहे।



खटीमा में अयोध्या से आए प्रसाद वितरण कार्यक्रम में उमड़े रामभक्त। ● अमृत विचार

# दौड़ में हिमांशु, कुणाल व शुभम जीते

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** एसएस पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में ओपन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सेंट मैरी स्कूल, विद्यामंदिर, गुरुकुल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

रविवार को एसएस पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के चैयरमैन डीपी सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेलों से ग्रामीण क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभाएं बाहर निकाल कर आती हैं। उन्होंने कहा खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। इस दौरान 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़ के साथ ही लम्बी कूद और गोला फैंक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 800 मीटर दौड़ में हिमांशु 400 मीटर दौड़ में कुणाल 200 मीटर दौड़ में शुभम प्रथम रहे। वहीं गोला फेंक में मानसी ने बाजी मारी। विजेता छात्र-छात्राओं को एसएस पब्लिक स्कूल के सचिव अखिलेश प्रताप सिंह ने स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक डीपी सिंह, सचिव अखिलेश प्रताप सिंह, राजेश कुमार,सुरेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार,अमित शर्मा, ब्रजेश दुबे, हिमांशु जोशी,संदीप सिंह, उमेश कुमार, किशन चन्द्र सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



विजेता खिलाड़ियों के साथ सचिव अखिलेश प्रताप सिंह व अन्य।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥

भाई अपने भाई से कभी द्वेष नहीं करें, बहन अपनी बहन से द्वेष नहीं करें, समान गति से एक दूसरे का आदर-सम्मान करते हुए परस्पर मिल-जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें।

## संपादकीय

# चुनाव परिणाम के मायने

पाकिस्तान में अंततः रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए। अंतिम परिणामों ने लोगों को चौंका दिया है। किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलने से सरकार बनाने की स्थिति साफ नहीं हो पाई है। फिलहाल जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीट मिलीं, जबकि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिलीं हैं। पाकिस्तान की असल कमान हमेशा सेना के हाथ में रही है। पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां की सत्ता पर आधे से अधिक समय सेना का कब्जा रहा है। सत्ता में जो भी रहा वह सेना का मोहरा बनकर ही रहा। सेना समय-समय पर अपने फायदे के लिहाज से राजनीतिक मोहरे चुनती आई है। पिछले चुनाव में वह इमरान खान के पीछे खड़ी थी और वह इमरान पहली बार प्रधानमंत्री बनने में सफल भी हुए। फिर इमरान के साथ अनबन हुई तो विरोधी दलों को एक मंच पर लाकर सेना ने उनकी गठबंधन सरकार गठित करा दी। चुनाव नतीजे संकेत कर रहे हैं कि देश पर सेना की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। इस बार भी चुनाव में सेना ने खेल खेला फिर भी अपने इरादों में सफल नहीं हो सकी। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि सेना को नवाज शरीफ का समर्थन करते हुए देखा गया था। परंतु अब जनता सेना के राजनीतिक हस्तक्षेप और पारंपरिक राजनीतिक दलों के रवैये से निराश हो चुकी है। जनता में सेना का डर कम हो गया है। वह अपने पड़ोस में भारत को तरक्की करते हुए और विश्व की एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होते देख रही है। कई विश्लेषक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा में यह कहते हैं कि वह अपने देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं।

इस समय पाकिस्तान कई समस्याओं से जूझ रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसका असर अन्य मोर्चों पर भी पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि तालिबान भी उसे आंखें दिखा रहा है। ईरान ने तो कुछ दिन पहले एक प्रकार का हवाई हमला कर दिया। ऐसे में सरकार किसी की भी बने परंतु उसके सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी। भारत चाहेगा कि वहां स्थायी सरकार बने। पाकिस्तान को यदि मौजूदा चुनौतियों से निपटना है तो उन सुधारों का सूत्रपात करना होगा, जो उसे आवश्यक स्थायित्व एवं संतुलन प्रदान करने की ओर ले जाएं।

# पानी की समस्या से जूझता बुंदेलखंड



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था।

बुंदेलखंड में एक कहावत है कि 'एक टक सूप -सवा टक मटकी, आग लगे रुखमा ददरी, भौरा तेरा पानी ग़ज़ब करी जाए, गगरी न फूटे, चाहै खसम मर जाय"। अर्थात इस क्षेत्र में पानी इतना दुर्लभ या महत्वपूर्ण है कि महिलाएं बड़ी मुश्किल से मीलों पैदल चलकर पानी भरी गगरी सिर पर रखकर लाती है। ऐसे में महिलाएं आपस में कहती हैं कि कुछ भी हो जाए लेकिन पानी भरी गगरी ना फूटे, भले ही उसका पति मर जाए परंतु पानी बचा रहे। जाहिर है इस क्षेत्र में महिलाएं पानी को अपने खसम यानि पति से भी ज्यादा मूल्यवान समझती हैं, जो उनके परिवार का आधार है। यह बुंदेलखंड में जल संकट के संबंध में बड़ी गंभीरता से सोचने को विवश करता है। यहां गर्मियों में कुएं, तालाब, हैण्डपंप इत्यादि सभी पेयजल स्रोतों का जलस्तर नीचे चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन में 55 लीटर पानी उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार यहां प्रति व्यक्ति प्रति दिन केवल 29 लीटर पानी ही उपलब्ध हो पाता है, जो अनुशंसित न्यूनतम मात्रा का लगभग आधा है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के ज्यादातर पुरुष दैनिक मजदूरी या खेतिहर मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं या काम की तलाश में दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों की ओर चले जाते हैं। शेष परिवार महिलाओं के भरोसे रह जाता है जिन्हें इस पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है। खाना पकाना, पानी पीना, सफाई करना और कपड़े धोना और यहां तक भैंसों या जानवरों को नहलाने के लिए भी पानी उन्हें ही लाना पड़ता है। अनुमान है कि चित्रकूट जनपद के मानिकपुर क्षेत्र में, जिसे पाठा क्षेत्र भी कहते हैं, लगभग सत्तर प्रतिशत महिलाएं पानी की किल्लत से प्रभावित हैं। पाठा क्षेत्र में लगभग साठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिन गांवों में कोई अपनी बेटियों की शादी नहीं करना चाहता है। कोई भला कैसे चाहेगा कि उनकी बेटियां ऐसे दुष्कर जगहों में जाए।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था। केवल बरसात के महीनों में ही यहां की भूमि संतृप्त हो पाती थी। चन्देल राजाओं ने राज्य की पहाड़ी, पठारी, जंगली, पथरीली, ढालू, रांकड़ भूमि के विकास की योजना सुनिश्चित कर बरसाती धरातलीय जल नीची ढालू भूमि पर, पहाड़ों, टौरियों की पटारों में, खंदकों, खंदियों, दर्रों में, पत्थर मिट्टी के लंबे, चौड़े, ऊंचे सुदृढ़ बांध बनवाकर तालाबों में वर्षा जल को संचित करना शुरू किया। चंदेलों के बाद बुंदेलों ,गौंड़ों ,मराठों और अंग्रेजों ने इस जल अभाव ग्रस्त बुन्देलखंड क्षेत्र में कुल मिलाकर 4000 से अधिक तालाबों का निर्माण कराया था। धीरे-धीरे लोग यहां स्थायी बसने लगे थे। चंदेल राजाओं ने तो गुफा मंदिरों में भी जल कुंड कटवा दिए थे। ऐसे गुफा मंदिरों में पहाड़ों का जल धीरे-धीरे निरंतर झिरता हुआ गुफा कुंडों को भरता रहता रहा है, जिसका उपयोग लोग आदिकाल से करते रहे हैं। इस कारण से यहां मवेशियों, वन्य प्राणियों एवं मनुष्यों को गर्मी की ऋतु में भी जलाभाव नहीं होता था। परन्तु स्वतंत्रता पश्चात अनियंत्रित विकास,निरंतर जनसंख्या वृद्धि पश्चात पानी का खर्च तो बढ़ गया परंतु संरक्षण, संचयन और वर्षा घटती चली गई। भूवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो बुन्देलखंड में भूमि के अन्दर ग्रेनाइट पत्थर की चट्टानें चादर की तरह अथवा आड़ी-तिरछी खड़ी-बिछी पड़ी हुई हैं, जिनमें भूगर्भीय जलस्रोत होते ही नहीं हैं। जल भराव के दबाव में पानी बाहर निकल जाता है और तालाब पानी से खाली हो जाते हैं। असल में पथरीली, पहाड़ी, ढालू भूमि, जल प्रबंधन के लिए कुओं एवं तालाबों के निर्माण तक ही उपयुक्त है, न कि बोरवेल खनन के लिए। बोरवेल 100 से 500 फुट गहराई तक खोदे जा रहे हैं, जिससे धरती के ऊपरी तल का पानी गहरे बोरवेलों में जा पहुंचता है। पठारी नदियों में हर साल बारिश के मौसम में इलाके की छोटी बड़ी नदियां उफान पर आ जाती है। इसका जल संचयन बेहतर विकल्प हो सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के चलते बुंदेलखंड में वर्षा की मात्रा में कमी आ रही है। सन् 2013 से 2018 के बीच, इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा में 60 प्रतिशत की कमी आई है। अनियंत्रित एवं अवैध खनन के चलते वर्षा जल को भूमि के अंदर पहुंचाने वाले रास्ते बाधित हो जाते हैं। पथरीली भूमि के कारण बारिश का पानी बह जाता है और भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता है। वर्ष 2008 की सामरा कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 'क्षेत्र में अर्ध-शुष्क जलवायु की स्थिति के कारण कम वर्षा सतही जल उपलब्धता को प्रभावित करती है और कठोर चट्टानी भू-भाग भूजल उपलब्धता को सीमित करता है। बुंदेलखंड क्षेत्र को 18वीं-19वीं शताब्दी मे प्रत्येक 16 वर्ष में बार-बार सूखे का सामना करना पड़ा था, जो 1968 से 1992 की अवधि के दौरान लगभग तीन गुना बढ़ गया है। हालांकि चित्रकूट जनपद के पाठा इलाके में वर्ष 1973 में पाठा पेयजल परियोजना शुरू की गई थी जिसके तहत यहां पानी की टंकियां बनवाई गईं और लोगों को पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाने का वादा किया गया था लेकिन जल संकट बरकरार रहा। योजना आयोग की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2009-10 से भारत सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज को लागू करना शुरू किया था। इस पैकेज का उद्देश्य सिंचाई, पेयजल, कृषि, पशुपालन, वन, आजीविका के साधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार कर पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करना था। जल-संबंधी योजनाओं के तहत बड़ी एवं छोटी सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, नए कुओं का निर्माण, पुराने कुओं, टैंक एवं तालाबों का गहरीकरण, कुओं से पानी निकालने के लिए एडीपीई पाइप का वितरण, ट्यूबवैल, चेकडैम का निर्माण तथा मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य किए गए हैं। बुंदेलखंड पैकेज के तहत उत्तर प्रदेश को साल 2009 से 2019 के बीच तीन चरणों में 3107.87 करोड़ रुपये दिए गए। इसके लगभग 66 प्रतिशत का उपयोग पानी के संकट के समाधान के लिए किया गया। पहले चरण में उत्तर प्रदेश में करीब 92 करोड़ रुपये खर्च कर 2725 हैंडपंप लगाए गए और 12 पाइप योजनाओं के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट को लागू किया गया था। भूजल का स्तर बेहतर करने के उद्देश्य से यहां स्पेशल बुंदेलखंड पैकेज और अन्य सरकारी योजनाओं के जरिए चेकडैम और खेतों में तालाब बनाए गए लेकिन तालाब निर्माण से पूर्व भूजल स्तर, मृदा परीक्षण आदि नहीं किए जाने और वर्षा कम होने के कारण तालाब सूखे रह गए। चेकडैम जल्द टूट जाने से नदियों में गाद भर गया और पानी रुक नहीं पाता है। जून 2020 में 'हर घर जल' योजना प्रारंभ कर बुंदेलखंड के हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया। यह योजना केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का हिस्सा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की "हर घर नल और हर नल में जल" योजनासे बुंदेलखंड क्षेत्र में एक नई कहानी लिखी जा रही है। बुंदेलखंड के अधिकतर जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दी जानी है। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन की वृहद कार्ययोजना को तैयार की गई है। प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र के जल संकट को हल करने के लिए इज़राइल सरकार के साथ समझौता किया है।

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है। बुंदेलखंड में कृषि सिंचाई का लगभग 65 प्रतिशत भूजल से किया जा रहा है। अल्प पानी वाले इन क्षेत्रों में दलहन- तिलहन, ज्वार बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। हाल के वर्षों में यहां ज्यादा पानी की खपत वाले फसल धान और गेंहू की बुवाई बढ़ गई है। तालाबों में जल संचयन के साथ साथ भूजल रिचार्ज करना ही बेहतर उपाय है। खेती में जल संरक्षण के लिए ड्रिप इरिगेशन तथा स्प्रिंकलर सिंचाई बेहतर विकल्प है।

## व्यंग्य

# बाबू होता है चुंबक

बाबू वो सम्मान जनक पद है जिस पर प्रायः लड़कियां ही विराजती हैं। बाबू होता है चुंबक। और लड़कों में लौह तत्व की प्रधानता पाई जाती है। ऐसे में किसी कन्या को बाबू मान लेने भर से लड़के ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसी मनोदशा को प्राप्त होते है। दिमाग़ वन वे ट्रैफ़िक हो जाता है। बाबू ने क्या खाया? क्या पहना? कहां है? किससे मिला? क्यों मिला? मुझसे कब मिलेगा? जैसे विचारों से ही संचालित होता है वो। वो बस बाबू के बारे मे सोचता है, और कुछ सोच ही नहीं सकता। सोचता है तो बाबू को पता चल जाता है। बाबू बुरा मान जाता है ऐसे में और फिर बाबू को राजी करना बहुत महंगा सौदा होता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

भक्त को हमेशा घुटनों पर होना होता है अपने। बाबू क्या करता है ऐसे में? बाबू मजे लेता है उसके। वीआईपी जैसा बर्ताव करता है। चार लोगों के बीच पहचानता ही नहीं उसे। और पहचानता भी है तो औपचारिक हो जाता है। बाबू होना मंत्री पद की शपथ ले लेना है। वो बस वायदे करता है, लंबी-लंबी छोड़ता है और मुद्दे को टालता है। लड़के उससे निरीह जनता की तरह पेश आते है और उम्मीदों पर टिके रहते है।

बाबू भगवान होता है और ऐसे में सामने वाली पार्टी को भक्त होना पड़ता है। भक्त से बस श्रद्धा और सब्र की अपेक्षा की जाती है। भगवान के दरवाज़े पर जाते वक्त दिमाग़ दरवाज़े पर छोड़कर जाना पड़ता है भक्त को। भीड़ के बीच भक्त की आंखें मिल भी जाएं भगवान से, तब भी वो तटस्थ भाव से देखता है उसे। आप को बस अंदाज़ा लगाना पड़ता है कि वो आपसे राजी है और आप पर कृपा करने की सोच रहा है।

भगवान कब दर्शन देगें? इस जन्म में देगें कि नहीं ये भगवान की मर्ज़ी है? पर भक्त को पूरी निष्ठा से मंदिर की घंटी बजाना ही होता है। प्रसाद ले जाना भी ज़रूरी है वरना भगवान बुरा मान सकता है। बाबू के रिश्तेदार उसकी अम्मा, उसके बिगडेल भाई सब पुजारी की भूमिका में होते हैं। ये ध्यान रखते हैं कि भक्त उन्हें अनदेखा तक सीधे भगवान तक पहुंच ना बना ले। बाबू राज़ी ही तभी होता है जब आप उसके इन रिश्तेदारों को साध लें। उनसे व्यवहार बनाए बिना बाबू तक पहुंचना मुश्किल ही होता है ऐसे में भक्त का निरीह पर्स उधड़ जाता है। कुपोषण का शिकार होता है वो और बहुत बार मर ही जाता है। गरीब भक्तों से भगवान अनमने होते हैं और अमीर भक्तों को वीआईपी दर्शन दे बैठने में संकोच नहीं करते।

बाबू तमाम सवालों से परे होता है। तानाशाह टाईप की चीज। आप चाहें तो उससे सवाल पूछ लें पर जवाब देना या ना देना उसकी मर्ज़ी पर निर्भर है। पर यदि बाबू आपसे कुछ जानना चाहें तो उसे फ़ौरन जवाब चाहिए होता है। बाबू, बाबू होते ही अफ़सर हो जाता है। एक विशिष्ट बोध है बाबू होना। उसका रथ ज़मीन से एक हाथ ऊपर चलता है। बाबू होना अंग्रेज हो जाना है जिसे सामने वाला काला गुलाम लगता है। बाबू हमेशा शासक की भूमिका में होता है जो ना सुनना ही नहीं चाहता। वो बस मन की बात करता है। यदि आप अपने बाबू को खोना नहीं चाहते तो आपको हमेशा सुनना और हां कहना सीखना ही होता है।

बाबू की एक ख़ासियत यह भी कि वो अहसान नहीं मानता। आप जो भी करते हैं वो आपका कर्तव्य और उसका अधिकार होता है। वो आपके हर काम में नुक्ता चीनी कर सकता है। और आप चूं भी नहीं कर सकते। उसे खुश कर पाना आमतौर पर नामुमकिन होता है। मिसाल के लिए आप अपनी गरदन भी काट कर उसे पेश करें तो वो इस बात पर अनमना हो सकता है कि गरदन सलीके से नहीं काटी गई है और दो इंच नीचे से काटी जाती तो बेहतर होता।

लड़कों को आमतौर पर बाबू होने का मौक़ा मिलता नहीं। लड़कों का बाबू होना हैली पुच्छल तारे के निकलने जैसी अनहोनी है। पर बहुत से लड़के इस मामले में स्पेशल क़िस्मत लिखवा कर पैदा होते हैं। एक बार बाबू का पद हासिल करते ही वो भी वही सब करते हैं जो बाबू को शोभा देता है। हालांकि बाबू हुए लड़के ज्यादा उदार होते हैं। उन्हें राज़ी करना अपेक्षाकृत सरल होता है। कैसे राज़ी किया जा सकता है उन्हें इस बाबत यहां लिखना मुनासिब नहीं।

बाबू इंतज़ार नहीं करता। जो इंतज़ार करता है वो बाबू नहीं होता। बाबू भाव खाता है वो आपका वक्त और दिमाग़ी सुकून खा सकता है। बाबू बात नहीं मानता, वह बात मनवाता है अपनी। आप केवल इसी सूत्र से अपने संबंधों की जांच पड़ताल कर सकते हैं कि आप बाबू है या भक्तों की गिनती में हैं। पता कर लें तो मुझे भी बताइएगा।

# कोचिंग संस्थान लील रहे युवाओं का जीवन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है।

भारत युवाओं का देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को सबसे युवा देश माना है। देश की कुल आबादी में से तकरीबन 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष आयु और 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष आयु तक के नागरिकों की है। देश के इन भावी कर्णाधारों को कुशल नागरिक बनाने की गरज से शिक्षा, कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। बढ़ते वैश्वीकरण और निजीकरण के दौर में कॅरियर और 'सैलेरी पैकेज' जैसे शब्द भी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं में जुड़ गए हैं।

एक शिक्षित युवा अपने कॅरियर के माध्यम से स्वयं एवं परिवार की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति तथा परिवार, समाज और देश के विकास में अपने योगदान की उत्कृष्ट भूमिका देखना चाहता है। इस लक्ष्य के साथ ही उसके जीवन में परिश्रम और संघर्ष का दौर शुरू हो जाता है। लक्ष्य पाने के लिए युवाओं के अंदर समर्पण, परिश्रम और संघर्ष संतुलित रूप में तो वांछनीय हैं, लेकिन महत्वाकांक्षाओं का अतिरेक अगर जीवन को ही लीलने लगे तो वह अभिशाप बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से युवाओं के बीच कॅरियर, पारिवारिक महत्वाकांक्षाओं, अकेलेपन एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट्स की बेतहाशा फीस एवं घरेलू आर्थिक दबाव के कारण हो रही आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं इसी कटु यथार्थ को उजागर करती हैं। वैसे तो युवा कॅरियर आकांक्षियों द्वारा आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं देश के तकरीबन सभी स्थानों पर देखी जा रही हैं, लेकिन राजस्थान के कोटा के साथ ये ख़ास तौर अधिक जुड़ी हुई हैं। बीते वर्ष इस कोचिंग के गढ़ में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 26 मामले प्रकाश में आए थे, जोकि एक साल में सबसे अधिक मामले हैं। कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है। वहां कुकुरमुत्ते की तरह उग आए तकरीबन सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट्स प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लंबे-चौड़े दावे करते हैं। कहा जाए तो कोटा में कोचिंग व्यवसाय के कारखाने खुल गए हैं। देश के तकरीबन हर प्रांत, खास तौर पर उत्तरी भारत के हज़ारों युवा अपनी और परिवार की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की आस में इन इंस्टीट्यूट्स के जाल में फंस कर कोचिंग की पढ़ायी करने के लिए प्रवेश लेते हैं।

एडमिशन लेते समय तो उनके अंदर काफी उत्साह होता है, लेकिन जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धात्मक पढ़ाई एवं मोटी फीस आदि खर्चों का बोझ बढ़ता है, उन्हें हताशा और कई तरह के दबाव घेरने लगते हैं। होता यह है कि अधिकांश कोचिंग इंस्टीट्यूट्स विद्यार्थियों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं, जिसकी पूर्ति के लिए कई विद्यार्थियों के निर्धन या मध्यम परिवारों को न केवल कर्ज़ लेना पड़ता है, बल्कि कई स्थितियों में जमीन जायदाद भी बेचनी पड़ती है। यह दोहरा बोझ विद्यार्थियों के मन को लगातार कांटे की तरह चुभता रहता है। वे कड़ी मेहनत करते हुए किसी भी हाल में स्वयं और परिवार के अरमानों को पूरा करने के संघर्ष में जूझते रहते हैं और बार-बार परीक्षाओं में बैठने के प्रयास करते हैं। यह बहुआयमी दबाव उन्हें तनाव से भर देता है, और सफलता नहीं मिल पाने पर इस तनाव की परिणति कई बार आत्महत्या के रूप में होती है।

माता-पिता इस तथ्य को समझ नहीं पाते कि हर विद्यार्थी बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। अगर वे स्वयं उच्च पदों पर नहीं रहे हों तो इस अधूरी महत्वाकांक्षा की पूर्ति की अपेक्षा बच्चों से करने लगते हैं। कई परिवार कोचिंग में अधिक व्यय और सफल नहीं हो पाने के लिए बच्चों को ताने देने से भी गुरेज नहीं करते। उन्हें समझना होगा कि घर से दूर रात दिन सफलता के लिए जूझ रहे बच्चों में से सभी को सफलता मिल ही जाए, यह ज़रूरी नहीं है।

इधर केंद्र सरकार ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के लिए जो नयी गाइडलाइन जारी की है, उसमें बेतहाशा फीस वसूलने पर पंजीकरण निरस्त किए जाने की चेतावनी दी है। विद्यार्थियों को भी समझना होगा कि जीवन अमूल्य है, महत्वकांक्षाएं और कॅरियर उसके बाद है। एक रास्ता बंद हो जाने का यह अर्थ नहीं कि आगे बढ़ने के लिए दूसरे दरवाज़े नहीं हैं। अपनी बौद्धिक एवं पारिवरिक क्षमता को परखते हुए महत्वाकांक्षाओं को समायोजित करना होगा। याद रहे, जिंदगी है तो संसार है, और संसार है तो कॅरियर के रास्तों की भी कमी नहीं।

## सोशल फोरम

# प्राण प्रतिष्ठा

सनातन धर्म की मान्यता अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आइए देंखे की सिख धर्म, जिसे अक्सर सनातन की ही शाखा कहा जाता है, इस संबंध में क्या कहता है। सिखों के पहले गुरु नानक जी द्वारा लिखित जपुजी साहिब के मूल मंतर में बहुत स्पष्ट रूप से ईश्वर के बारे में बताया गया है। गुरु नानक के बाद आये नौ अन्य गुरुओं ने भी ईश्वर की इसी कल्पना के आधार पर अपने विचारों को आगे रखा है। ईश्वर की ये कल्पना पूरे सिख धर्म की आधारशिला है। मेरा यहां किसी धर्म की किसी मान्यता से कोई विरोध नहीं। मेरा मकसद सिर्फ सिख धर्म के अनुसार ईश्वर की कल्पना को सामने रखना है। सिख धर्म के मूल मंत्र का हिंदी अनुवाद। मूलमंतर-'इक ओंकार, सतनाम, करता पुरुख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूरत, अजुनी सैभंग, गुरु प्रशाद, जप आदि सच, जुगादि सच, नानक होसी भी सच।'



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अनुवाद- 'ईश्वर एक है, वही सत्य है, वही इस सृष्टि का रचयिता यानी सब कुछ करने वाला है। ईश्वर भय से रहित है, किसी से बैर रखने वाला नहीं, ईश्वर राग द्वेष से दूर है। ईश्वर काल से परे है यानी ईश्वर अविनाशी है। उसका अस्तित्व सदैव बना रहता है। ईश्वर किसी योनि को धारण नहीं करता यानी ईश्वर जन्म मरण के चक्र से परे है। ईश्वर स्वयंभू है यानी वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। ये बात आदि काल में भी सही थी, आज भी सही है और भविष्य में भी सही होंगी।' 'थापिया न जाई कीता न होई। आपे आप निरंजन सोई।।' ईश्वर की इसी कल्पना को आगे थोड़ा और स्पष्ट करते हुए गुरु जी कहते हैं कि ईश्वर को मूर्त रूप में स्थापित नहीं किया जा सकता है और न ही उसे बनाया जा सकता है। वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। इस पाउडी के अंत में गुरु की महिमा बखान करते हुए कहते हैं कि गुरु के शब्द ही वेद हैं, गुरु ही शिव है, गुरु ही ब्रह्मा है और गुरु ही पारबती माई है। इस गुरु ने ही एक बात समझाई है कि इस संसार में समस्त प्राणी जगत का एक ही परमात्मा है। सबके भीतर एक, सबका मालिक एक, सबका साहिब एक। बस इसका विस्मरण न हो।

-फेसबुक वॉल से

# ना जाने कहां खो गया हमारा वो सुकून

सिनेमा हॉल में देखिए, फिल्म का आखिरी सीन चल रहा है लगता है कि अब दो-चार मिनट में फिल्म खत्म हो जाएगी, लोग एग्जिट के पास जाकर खड़े हो जाते हैं, फिल्म ख़त्म होते ही ऐसे भागते हैं जैसे अब तक जेल में थे। ट्रेन अगर अपने गंतव्य पर पहुंचने वाली हो तो लोग पंद्रह मिनट पहले सामान लेकर खानदान सहित दरवाजे पर ऐसे लद जाते हैं कि ट्रेन क्या पता रुके न रुके, धीमी होते ही बीवी बच्चों समेत कूद जाना है।



शाश्वत तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

अभी कुछ दिन पहले मैंने देखा, ओपन एयर थिएटर में क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम था। लोगों को पता चल गया था कि ये आखिरी परफोमेंस है तो दस मिनट पहले कुछ कद्रदान ये कहते हुए निकल गए कि बाद में पार्किंग में भीड़ हो गई तो गाडी फंस जायेगी, निकल लेते हैं। हमारे जीवन से धैर्य, तसल्ली, पेशेंस कहां चला गया? रील्स का जो ये ज्वालामुखी फटा है ये यही तो बता रहा है कि हम तीन मिनट का वीडियो भी शांति से नहीं देख सकते। हमें जानने की जल्दी तो है, सब कुछ जानना है लेकिन उसे समझने का धैर्य नहीं है।

आप माने ना माने आज हमने अपनी जिंदगी से ठहराव खो दिया है। अब हम रुक कर नहीं सोचते, थम कर उस गाने को पूरा नहीं सुनते जो हमारी आत्मा तक पहुंचने की कुव्वत रखता है। 'साहिब बीवी और गुलाम' जैसी क्लासिक फिल्म हमें स्लो लगती है। हम एक पांच सौ पेज की किताब नहीं पढ़ना चाहते इसलिए फेसबुक पर मैगी लेखकों का उदय हो रहा है जो आपको मोटी-मोटी किताबों में से कुछ उत्तेजक हिस्से निकाल कर पेश कर देते हैं और आपको लगता है हमने सब कुछ जान लिया। कहते हैं भगवान डिटेल्स में है लेकिन भगवान को भी कहां पता था कि डिटेल्स जानने की फुर्सत लोगों के पास रहेगी नहीं। किताबें तो बहुत दूर की बात रही लोगों के पास इतना धैर्य नहीं बचेगा कि सोशल मीडिया पर वो एक तीन पेज की फेसबुक पोस्ट पढ़ पाएं। वैसे तो ढाई पेज की चेखव की 'वांका' पढ़ना ही काफी है अगर हम वांका के दर्द को महसूस कर पाएं तो।

तसल्ली से एक बार थम कर, रुक कर, ठहर कर सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप समय बचा रहे हैं इसका आप क्या उपयोग करने वाले हैं? ज़रा सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप खो रहे हैं उसकी कीमत क्या है? सूचनाओं का ये अंबार जो हमारे दिमाग में सतत खलल मचाए हुए है वो हमें कहीं रुकने नहीं दे रहा है। एक तीन पेज की कविता पढ़कर उसको अपनी आत्मा तक पहुंचने देना और फिर उससे एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनकर निकलने का वक्त नहीं है हमारे पास।

आपको और मुझे रुकने की ज़रूरत है। सब कुछ जानना हमारे लिए ज़रूरी नहीं है। हमारे पास वक्त की कोई कमी नहीं है। हमने जो ये शिगूफा छेड़ रखा है ना कि टाइम नहीं है। ये बकवास बात है। बहुत वक्त है हमारे पास, इसलिए रुकिए, ठहरिए और बैठ जाइए। सिनेमा हॉल से भागने की ज़रूरत नहीं है, ट्रेन से कूद कर कहीं नहीं जाना है, रिमोट को एक तरफ रखकर फिल्म को देखना है और किसी अच्छी किताब के दो पेज पढ़कर रूककर सोचना है कि क्या पढ़ा। क्षणों को अपने अन्दर आत्मसात नहीं किया तो रोबोट बन जाएंगे। बन क्या जाएंगे बन ही रहे हैं, आज आप का अपने ऊपर से कंट्रोल खत्म हो गया है। कोई और ही है जो आप को कंट्रोल कर रहा है है। आप पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप के कहने पर ही काम कर रहे है। एक मिनट भी मोबाइल के बिना जीना मुश्किल है।

# पुलिस सुधार

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार एवं अन्य मामले में, 22 सितंबर 2006 को पुलिस सुधार के संबंध में ऐतिहासिक महत्व का फैसला दिया था। इस आदेश के कार्यकारी बिंदू निम्नलिखित हैः राज्य सुरक्षा आयोग का गठन।, पुलिस महानिदेशक का चयन एवं न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल। आईजी जोन, डीआईजी. रेंज, जिला पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित करना।, शांति व्यवस्था एवं अपराध विवेचना को अलग-अलग करना। पुलिस स्थापना बोर्डों का गठन।, पुलिस शिकायत प्राधिकरण का गठन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग का गठन।



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

फैसले को आए हुए 17 साल से अधिक समय बीत चुका है। अभी तक सिर्फ पुलिस महानिदेशक के कार्यकाल एवं नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में कुछ राज्य कार्यवाही कर रहे हैं और वह भी आधी अधूरी। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का केस भी चल रहा है परंतु राज्य और केंद्र सरकार कोई परवाह नहीं कर रहे।

दरअसल सरकारों और नौकरशाही को नाजायज काम करवाने के लिए पुलिस पर पूरा शिकंजा चाहिए। पुलिस सुधर गई तो सरकार और नौकरशाही की गुंडागर्दी कैसे चलेगी? विरोधियों को ग़लत आरोप लगाकर जेल भेजना और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की दबंगई एवं गुंडागर्दी को संरक्षण कैसे होगा? नौकरशाही अपनी सनक में डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाधिकारियो, पत्रकारों और अन्य किसी को पुलिस से कैसे पकड़वाएंगे? याद रहे कि नौकरशाही थानाध्यक्षों को सीधे जुबानी हुक्म देती है और थानाध्यक्ष अपने स्तर से फर्जी मामला बनाता है। जनता अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से पुलिस सुधार के लिए नहीं कहती। नेता वोट के अलावा किसी और बात से चिंतित नहीं होते हैं।

# लोहाघाट में सीएम का रोड शो, पुष्प वर्षा से स्वागत

## जिले के लिए हजारों करोड़ की विकास योजनाओं की घोषणा, संगज्यू 2024 कार्यक्रम में नारी शक्ति का सम्मान

ब्यूरो, लोहाघाट

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को यहां मातृ-शक्ति को समर्पित "संगज्यू-2024" कार्यक्रम मं राजकीय इंटर कॉलेज लोहाघाट से रामलीला मैदान तक विशाल रोड शो में प्रतिभाग किया। रोड शो में हज़ारों की संख्या में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से जनता पहुंची जनता ने पुष्प वर्षा कर प्रदेश के मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान पहाड़ की संस्कृति की झलक देखने को मिली। जिसमें सांस्कृतिक दलों और छोलिया नृत्य, स्थानीय जनता द्वारा ढोल दमाऊ बजाकर व पारंपरिक परिधानों में सज धज कर महिलाओं ने फूल बरसाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इससे पूर्व महिला पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।


लोहाघाट में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रोड शो में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने देवी शक्ति स्वरूप 9 कन्याओं का पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

इस दौरान जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों एवं समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों एवं अन्य विभागों एनआरएलएम, पशुपालन, महिला डेयरी, दुग्ध संघ, उद्यान आदि परियोजनाओं के स्टाल लगाए गए थे। इन स्टाल में ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादित स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर धामी ने वहां लगे स्टॉलों का निरीक्षण कर महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

सीएम ने पहाड़ की पारंपरिक वस्तुओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं के साथ ओखली में धान कूटने, रिंगाल की टोकरी बुनने के साथ ही लोहाघाट की प्रसिद्ध हाथ से बनने वाली कड़ाहियों व अन्य लोहे के सामान को अपने पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ाते आ रहे उद्यमियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि वे अपने आमा-बूबू के समय से ही लोहाघाट की कड़ाहियों का प्रयोग ही नहीं करते बल्कि अपने ईष्ट मित्रों को सौगात के रूप में देते आ रहे हैं। उनका कहना था कि लोहे की कढ़ाई में भोजन बनाने से हमें प्राकृतिक रूप से आयरन मिलने लगता है, इस दौरान उन्होंने स्वयं भी लोहे की चादर पीट कर, कहा कि हमारे ये बुजुर्ग इसी प्रकार पीढ़ी दर पीढ़ी पसीना बहाकर हमें लोहे की कढ़ाई का गजब का स्वाद बनाए हुए हैं। स्टालों के निरीक्षण के दौरान बाल विकास विभाग के स्टाल में मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ केक काटकर बच्चों को केक भी खिलाया। मुख्यमंत्री धामी ने सरस्वती शिशु मंदिर में महिलाओं के साथ झोड़ा, चाचरी व होली गायन में प्रतिभाग कर पुरानी यादों को भी साझा किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं संग चूख सानकर स्वयं भी खाया तथा अन्य को भी खिलाया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को अधिक बल देने व महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार विशेष कार्य कर रही है।

नारी शक्ति को समर्पित संगज्यू-2024 कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं का सम्मान भी किया गया और पांच महिलाओं अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, नेहा ढेक, विनीता फर्त्याल व सुमनलता को सम्मानित किया। इस अवसर पर 4 सहकारी समितियों सचिव हरीश चंद्र की बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति लिमिटेड चंपावत, निर्मल चंद्र भट्ट की धरमघर समिति, डीकर चंद की बाराकोट समिति व श्याम सिंह बिष्ट की रोलमेल समिति को *प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के लाइसेंस वितरित किए गए।

संगज्यू- 2024 कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनपद के विकास हेतु 162 करोड़, 15 लाख 76 हजार रुपये की लागत वाली 45 योजनाओं,का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

# अल्मोड़ा पनार हाइवे को टू लेन बनाने की कवायद शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अच्छी खबर**

- नेशनल हाइवे विभाग ने किया डीपीआर बनाने का काम शुरू
- स्वीकृति के बाद इस महत्वपूर्ण योजना पर शुरू होगा कार्य

**अमृत विचार :** सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण अल्मोड़ा पनार हाइवे को टू लेन बनाने की कवायद शुरू हो गई है। नेशनल हाइवे विभाग ने इस कार्य के लिए डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया है। शीघ्र ही विभाग अपना आगणन शासन को भेजेगा। जिसे स्वीकृति मिलते ही इस हाइवे को टू लेन में बदलने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

अल्मोड़ा पनार हाइवे वर्तमान में अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों को जोड़ने वाला मुख्य हाइवे है। इससे प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन आवाजाही करते हैं। लेकिन इस हाइवे की खस्ता हालत और आपदा के हिसाब से अति संवेदनशील होने के कारण यहां से गुजरने वाले यात्री वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए अब एनएच ने पहल शुरू कर दी है। विभाग के अधिकारियों की मानें तो हाईवे को टू लेन बनाने के लिए इसकी जद में आने वाले भवनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ ही पेड़ों को हटाना जरूरी होगा। जिसके लिए विभाग जल्द ही इसकी जद में आने वाले भवनों और पेड़ों के सर्वे का कार्य शुरू करेगा। इसके अलावा इस हाइवे पर पूर्व में बने खस्ताहाल पुलों के नवनिर्माण और उनकी क्षमता बढ़ाने बढ़ाने की योजना भी विभाग द्वारा बनाई जा रही है। विभाग के अधीक्षण अभियंता महेंद्र कुमार ने बताया कि नब्बे किमी लंबे इस हाइवे को टू लेन बनाने के लिए करीब पांच सौ करोड़ की लागत आएगी। बताया कि जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर आगणन स्वीकृति के भेजा जाएगा। स्वीकृति के बाद इस योजना पर कार्य शुरू कराया जाएगा।

# आउटसोर्स की व्यवस्था को समाप्त करें सरकार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार से पर्यावरण मित्रों की तमाम समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि वह लंबे समय से आउटसोर्स व्यवस्था को दूर करने के साथ ही अन्य कई समस्याओं के निस्तारण की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पर्यावरण मित्रों ने इस संबंध में सीएम पुष्कर धामी को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

ज्ञापन में पर्यावरण मित्रों ने कहा है कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति काफी विषम होने के कारण वह आज भी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी कोरोना काल से आज तक सरकार द्वारा स्वचछता के लिए चलाए गए हर अभियान में उन्होंने सरकार का पूरा पूरा साथ दिया है। लेकिन इसके बाद भी उनकी तमाम ज्वलंत समस्याएं अधर में लटकी हुई हैं। संगठन ने सरकार से आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त कर नियमित नियुक्ति करने समेत पर्वतीय क्षेत्रों में एक हजार की आबादी पर दस पर्यावरण मित्रों के पद सृजित करने, मृतक आश्रित नियमावली में संशोधन करने, निवास स्थलों का मालिकाना हक देने समेत अनेक मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में प्रदेश महामंत्री राजपाल पंवार, राजेश टॉक, दीपक सैलानी, दीप चंद्र, पप्पू, हेमंत, जगदीश राम, किशोर कुमार, रोहित, लल्लन कुमार, मनोज कुमार, सुरेश आदि पर्यावरण मित्रों ने हस्ताक्षर किए हैं।

### डिग्री कालेज गरूड़ाबांज में छात्रावास बनाने की उठी मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** धौलादेवी विकास खंड के राजकीय महाविद्यालय गरूड़ाबांज में छात्रावास न होने से कॉलेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों ने शासन से शीघ्र यहां छात्रावास के निर्माण की मांग उठाई है। धौलादेवी के गरूड़ाबांज क्षेत्र में वर्ष 2006 के आसपास राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। जिसके बाद से स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र छात्राएं हर वर्ष यहां प्रवेश लेते हैं। वर्तमान में इस महाविद्यालय की छात्र संख्या करीब ढ़ाई से अधिक है। जिनमें से सौ से अधिक छात्र छात्राएं महंगे कमरे किराए पर लेकर शिक्षा प्राप्त करने की मजबूर हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राम अवतार सिंह ने बताया कि कालेज में छात्रावास के अलावा कर्मचारियों के रहने की भी अभी कोई व्यवस्था नहीं है। उच्च शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। कार्रवाई ना होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# एलआईसी कर्मी प्रेम की संदिग्ध हालात में मौत

**बागेश्वर, अमृत विचार:** भारतीय जीवन बीमा निगम में तैनात सहायक लिपिक प्रेम सिंह रजवार की संदिग्ध स्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रेम सिंह का रविवार सुबह स्वास्थ्य खराब हुआ, तो उनकी पत्नी उन्हें अस्पताल में चेकअप के लिए लाई। दवा लेकर जब वे वापस गए तो स्वास्थ्य अधिक खराब होने से उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक मूल रूप से हल्द्वानी के ज्योलीकोट का निवासी था।

# मृतक आश्रित संगठन के अध्यक्ष बने गंगा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** रोडवेज मृतक आश्रित संगठन की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। नियुक्ति से छूटे मृतक आश्रितों की समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें इन्हें नियुक्ति दिए जाने तक संघर्ष किए जाने की बात कही गई।

बैठक में संगठन के अध्यक्ष के लिए राज्य आन्दोलनकारी गंगा गिरि गोस्वामी के नाम का प्रस्ताव रखा गया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए कुलदीप कुमार, महामंत्री शिबू, कोषाध्यक्ष देवकी देवी, संगठन मंत्री


टनकपुर में रोडवेज मृतक आश्रित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

मोहित गुप्ता, सलाहकार विनोद कुमार को चुना गया।

गोस्वामी ने बताया कि वर्षों बाद राज्य सरकार ने रोडवेज के मृतक आश्रितों के लिए नियुक्ति का रास्ता खोला है। इस बात पर नाराजगी जताई गई कि अभी भी कई मृतक आश्रित नियुक्ति पाने से वंचित रह गए हैं व इसके लिए जल्द एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री व परिवहन निगम के अधिकारियों से मिलेगा।

इस दौरान कमलेश देवी, विनोद, शिबू देवकी, मोहित, कुलदीपर, पुष्पा, इन्दिरा, शांति आदि रहे।

# स्यालीधार के जंगल में धधकी आग, पाया काबू


स्यालीधार के जंगलों में लगी आग को बुझाते वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पिछले दिनों हुई बारिश के बाद वन विभाग ने जंगलों में लगी आग के बुझने के बाद ही जैसे ही राहत की सांस ली थी। वहीं अब एक बार फिर से जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी हो गया है। शनिवार की रात जिले के स्यालीधार के जंगल में भयंकर आग धधक उठी। आग की भयानक लपटों के कारण रात्रि में वनाग्नि सुरक्षा कार्य नहीं हो सका। जिस कारण रात भर जंगल जलता रहा।

रविवार की सुबह धुएं के गुबार के कारण इधर-उधर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। लेकिन जगह जगह आग लगने की घटनाएं होने के कारण बाद में इसकी सूचना अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को दी गई तो विभाग की टीम अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और त्वरित कार्यवाही करते हुए हाईप्रेशर मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर होजरील की सहायता से लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# ठेकेदार ने तोड़ डाली पेयजल लाइन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**आक्रोश**

- शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक में मुकदमा कराने का लिया निर्णय

**अमृत विचार :** जिले के राजकीय इंटर कालेज की वर्षों पुरानी पेयजल पाइप लाइन को रथखाल में बन रहे अस्पताल भवन के ठेकेदार द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने पर अभिभावकों में खासा आक्रोश व्याप्त है। शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक में अभिभावकों ने कहा है कि इस संबंध में शीघ्र ठेकेदार के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही विभागीय अनदेखी के खिलाफ भी उच्च अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

राजकीय इंटर कालेज मानिला में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन प्रधानाचार्य रवींद्र सत्यवली की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के रथखाल बाजार में बन रहे अस्पताल भवन के ठेकेदार द्वारा कई महीनों पूर्व स्कूल की पेयजल पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिस कारण स्कूल में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है और मिड डे मील योजना प्रभावित हो रही है। बच्चों को पीने का पानी दूर दराज से ढोना पड़ रहा है। वहीं ठेकेदार स्कूल की पेयजल लाइन से आने वाले पानी का प्रयोग निर्माण कार्य के लिए कर रहा है। कई बार लाइन की ठीक करने के अनुरोध के बाद भी कार्रवाई ना होने पर अब अभिभावकों ने ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने का निर्णय लिया है। बैठक में विद्यालय में युवा कल्याण विभाग की ओर से निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम के आधा अधूरा होने पर भी चिंता व्यक्त की गई और इस संबंध में विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन को दीर्घकाल के लिए अवकाश जाने वाले शिक्षक, शिक्षिका व कर्मचारी की सूचना अभिभावक संघ को देनी होगी। ताकि ऐसे मामलों में वैकल्पिक व्यवस्था कर संबंधित कार्य प्रभावित ना होने दिया जाए। बैठक में अभिभावक संघ अध्यक्ष मनमोहन सिंह बंगारी, रश्मि अंडोला, विनय भट्ट, महेश रावत, रेखा देवी, उमा देवी, हरीश, नंदन सिंह, ललित सिंह, भूपाल सिंह, हरीश मेहता, गोविंद, शेखर चंद्र, अशोक चंद्र, किशोर आदि रहे।

# दोगुने का लालच देकर ठगी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बागेश्वर, अमृत विचार :** स्कूलों में जाकर बच्चों से विविध प्रतियोगिताओं के नाम पर ठगी करने वाले चार लोगों के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज किया है। ठग स्कूलों में जाकर बच्चों से पैसा दोगुना करने के नाम पर राशि ठगते थे। बहुली निवासी रंजीत सिंह पुत्र स्व. इंद्र सिंह ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि सात माह पूर्व रिलायंस कंपनी के नाम पर कुछ लोग कंटीवाइड पब्लिक स्कूल व विवेकानंद विद्या मंदिर पहुंचे तथा उन्होंने बच्चों की पेंटिंग व अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की। प्रवेश शुल्क के नाम पर राशि ली गई। उस समय कहा गया कि विजयी होने पर पैसा दोगुना किया जाएगा, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई परिणाम घोषित नहीं किया गया है। पैसे वापस मांगने पर नहीं दे रहे हैं व कह रहे हैं कि आपको पेंशन के नाम पर 27 हजार रुपया प्रतिवर्ष मिलेंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभिषेक सेमवाल, आजम लोहान, दीपाली पाठक व सुमित सिंह के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है।

## वर्ग पहेली-340

**बाएं से दाएं**

2. 1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।

5. 1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार-पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।

7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।

8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल-बूटों का उभार।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।

3. 1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।

4. 1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।

6. 1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव, विस्तार, प्रसार 2. उतनी लंबाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।



### वर्ग पहेली - 339 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ता | सी | र | | | 2 जं |
| प | | | 3 अ | | भ |
| ती | | 4 अ | कृ | प | ण |
| | | | षि | | |
| 5 ऐ | 6 ड | हा | क | | 7 डा |
| | रा | | | | ब |
| 8 सं | वा | द | | | र |

### सुडोकू-57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

### सुडोकू - 56 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 17.44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज नौकरी पेशा लोग अपनी जॉब को लेकर थोड़े तनाव में रहेंगे। आपसे अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। बेवजह के मामलों में आपको फंसने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा न करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**वृष** – आज नई जॉब की शुरुआत हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन बहुत सुखमय रहेगा। लवमेट्स प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आप बड़ा प्रयोग करना चाहते हैं। लेकिन उसे करने में आपको कठिनाई महसूस होगी। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। अधिकारी वर्ग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। आप अपने काम को लेकर दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

**कर्क** – आज किसी जरूरी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। व्यवसाय में ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिए।

**सिंह** – आज सहकर्मियों के साथ झगड़ा हो सकता है। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पुरानी बातें दोबारा सामने उभर के आ सकती हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बड़ा करके दिखायेंगे।

**कन्या** – आज आपको व्यवसाय में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। आज सुबह से आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने मन की इच्छाओं को शेयर करना हितकर होगा।

**तुला** – आज दूसरों की मदद करने से आत्मिक सन्तोष की अनुभूति होगी। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रुके हुए काम को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारियाँ प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज किसी नई विधा का प्रयोग आप सीख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। किन्तु दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** – आज बच्चों की गलत गतिविधियों को नजरअन्दाज न करें। विरोधी आपकी आलोचना करेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। कारोबार में मनोनुकूल परिणाम मिलने की सम्भावना कम हैं। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

**मकर** – आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ** – आज आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। शरीर में थकावट और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**मीन** – आज प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आज व्यवसाय में तेजी रहेगी। पहले हुए नुकसान की आज भरपायी हो सकती है। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा ज़ोर पकड़ेगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 14.56 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- पहचान – दोपहर : 12.00
- राम लखन – शाम : 06.00

**Sony Max**
- ब्लैक चोर – सुबह : 09.00
- न तुम जानो न हम – रात : 09.00

**Utsav Gold**
- मेरी जंग – सुबह : 11.45
- लम्हे – शाम : 06.15

**Zee Cinema**
- अकेले हम अकेले तुम – सुबह : 08.40
- सलामे इश्क – रात : 07.00

**Colors Cineplex**
- क्या कहना – दोपहर : 12.18
- चेन्नई एक्सप्रेस – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बेटी- मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..
बाप – थैंक गॉड... मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..
बेटी – पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, ...जो मम्मी रखकर गई है...
बापबेहोश...

टीचर- तुम पंछी के बारे में सब जानते हो? टप्पू- हां टीचर
टीचर- अच्छा ये बताओ कौन सा पंछी उड़ नहीं सकता?
टप्पू- मरा हुआ पंछी, दे थप्पड़.... दे थप्पड़.
टप्पू की बात सुनकर टीचर ने उसे भरी क्लास में मुर्गा बना दिया..

# भू कानून को लेकर स्याल्दे से देघाट तक प्रदर्शन

## सरकार पर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ का आरोप, भू कानून लागू न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



स्याल्दे में भू कानून की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा जिले के दूरस्थ स्याल्दे विकास खंड में प्रदेश में भू कानून लागू करने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने स्याल्दे बाजार से लेकर देघाट तक विशाल प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और शीघ्र भू कानून लागू ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

प्रदेश में भू कानून लागू करने की मांग को लेकर रविवार को चौखुटिया, भिकियासैंण, सल्ट, रानीखेत से आए लोगों ने स्याल्दे बाजार में सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। जिसके बाद भू कानून लागू करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी रैली की शक्त में देघाट पहुंचे। यहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने बाहरी लोगों को जमीन खरीदने की खुली छूट देकर राज्य की जनता के साथ विश्वासघात किया है। पहाड़ों की जमीन पर बाहरी लोग होटल व रिजॉर्ट बना रहे हैं और यहां का युवा बेरोजगारी की समस्या के जूझ रहा है। रोजगार नहीं मिलने से युवाओं को पहाड़ छोड़कर तराई जाना पड़ रहा है। कहा कि भू कानून के लिए राज्य के सभी लोगों को एक साथ आने की जरूरत है। जिससे यहां के मूल निवासियों को राज्य के संसाधनों का लाभ मिल सके।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से भू कानून, मूल निवास लागू करने के साथ गैरसैंण को राजधानी बनाने की मांग की। चेतावनी दी कि इन मांगों को लेकर सरकार जल्द ना चेती तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान राकेश बिष्ट, पान सिंह रावत, प्रयाग शर्मा, हरीश रावत, कुबेर गड़ाकोटी, आनंद नाथ, दुर्गा सिंह बंगारी, हितेश बिष्ट, विजय उनियाल, सुनील कुमार, भूपाल सिंह, राजेंद्र सिंह नेगी, इंद्र सिंह नेगी, हिम्मत सिंह, भुवन कठायत, नीरज बिष्ट, प्रहलाद बंगारी, मिथिलेश बिष्ट, देव सिंह बिष्ट, धीरज गोस्वामी, भूपेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

### भू कानून और मूल निवास पर देरी बर्दाश्त नहीं

अल्मोड़ा, अमृत विचार : प्रदेश में भू कानून और मूल निवास की मांग को लेकर अब पर्वतीय जिले के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इन मांगों को पूरी करने की मांग को लेकर जिले के चौखुटिया विकास खंड के ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और शीघ्र कोई ठोस कार्रवाई ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। भू कानून और मूल निवास की मांग कर रहे ग्रामीणों ने चौखुटिया में एक बैठक का आयोजन किया और इन मांगों पर कार्रवाई के लिए विकास खंड स्तरीय संघर्ष समिति का गठन भी किया। विकासखंड के रामगंगा आरती घाट में हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि भू कानून नहीं होने से राज्य में बाहरी लोगों की संख लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे राज्य की आम जनता त्रस्त है। राज्य में युवाओं का पलायन बढ़ता जा रहा है। सभा में भूकानून के लिए जन संपर्क करने और आंदोलन की शुरुआत करने पर भी चर्चा हुई। सभी वक्ताओं ने राज्य में सशक्त भू-कानून लागू करने, 1950 के आधार पर मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने, गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने की पुरजोर मांग की। वक्ताओं ने कहा है कि अगर सरकार ने प्रदेश की जनता से जुड़े इन मामलों पर गंभीरता से शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की, तो संघर्ष की यह चिंगारी पूरे प्रदेश में आग की तरह बदलने में भी देर नहीं करेगी। बैठक में संगठन के सदस्यों ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई घटना की निंदा करते हुए सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी बात की। वक्ताओं ने कहा कि हल्द्वानी में हुई इस अराजक घटना के बाद पूरे प्रदेश की शांति भंग हुई है। इसलिए सरकार को इस मामले में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। प्रदर्शन और सभा के दौरान महेश तडियाल, हेमंत वर्मा, हिमांशु, गोपाल रावत, हरीश बिष्ट, लोकेश जोशी, पान सिंह बिष्ट, मनोज धौनी, गोपाल जोशी, भुवन चंद्र पांडे, हरीश जोशी, विपिन गिरी, भोपाल सिंह, पुष्कर सिंह, प्रदीप कैड़ा, आदि मौजूद रहे।

## चेक बाउंस मामले में तीन माह का कारावास

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि अरोड़ा की अदालत ने चेक बाउंस मामले में एक व्यापारी को दोषी मानते हुए तीन माह साधारण कारावास और एक लाख दो हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता बीपी पंत ने बताया कि पोखरखाली निवासी नंदन सिंह रावत अल्मोड़ा और हल्द्वानी में सब्जी और दाल का थोक कारोबार करते हैं।

नंदन सिंह के अल्मोड़ा के धारानौला निवासी व्यापारी रमेश नगरकोटी के साथ दस साल पुराने संबंध थे। रमेश नगरकोटी ने उत्तरायणी मेले में लखनऊ में स्टॉल लगाने की बात कहते हुए उनसे पहाड़ी उत्पाद गहत, गडेरी, भांग आदि की मांग की। उन्होंने करीब दो लाख ग्यारह हजार रुपये के उत्पाद उन्हें उपलब्ध करा दिए। इसके एवज में अभियुक्त ने 95 हजार का चेक दिया।

कुछ दिनों बाद शेष एक लाख सोलह हजार रुपये के भुगतान को एक और चेक दिया। बैंक में चेक बाउंस हो गया। अप्रैल 2021 में अभियुक्त को नोटिस भेजा गया। इसके बाद भी शेष रकम का भुगतान नहीं किया गया। मजबूरन उन्हें मुकदमा दर्ज कराना पड़ा।

## 331वें दिन भी जारी रहा धरना-प्रदर्शन


नगर पालिका में सम्मिलित करने को लेकर गांधी चौक पर प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

संवाददाता, रानीखेत

**प्रदर्शन**
- सरकार के खिलाफ नरेबाजी की, शीघ्र कार्रवाई की मांग

**अमृत विचारः** रानीखेत विकास संघर्ष समिति के बैनर तले छावनी परिषद से सिविल एरिया को पृथक कर नगर पालिका परिषद में विलय करने की मांग पर रविवार को धरना-प्रदर्शन 331 वें दिन जारी रहा। धरना स्थल पर नागरिकों ने अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की।

गांधी चौक में छावनी परिषद से आजादी हासिल करने के लिए जारी धरना-प्रदर्शन रविवार को बदस्तूर जारी रहा। प्रदर्शन स्थल पर नागरिकों ने अपनी मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। साथ ही, नगर पालिका परिषद में विलय न किए जाने की दशा में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूर्ण नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन में भुवन साह, उमेश भट्ट, डॉ. चारू पंत, गिरीश भगत, खजान जोशी, खजान पांडे, चंद्र शेखर गुरूरानी, दीपक साह, दीपक गर्ग, अशोक पाण्डे, हरीश अग्रवाल, एलडी पांडे, जयंत रौतेला आदि शामिल थे।

## कैंटर गिरा, अल्मोड़ा के दो युवकों समेत तीन की मौत

ब्यूरो, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** जनपद के बेरीनाग से गंगोलीहाट की ओर जा रहा एक कैंटर खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो जनपद अल्मोड़ा और एक पिथौरागढ़ का रहने वाला था।

जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात कैंटर संख्या यूके 04 सीए 9348 बेरीनाग से गंगोलीहाट की ओर जा रहा था। इसी बीच नौतस घाटी के पास वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। पुलिस और एसडीआरएफ ने सर्च अभियान चलाकर 26 वर्षीय रमेश पालीवाल पुत्र ईश्ववरीदत्त निवासी, पाली गुणादित्य, भनोली, अल्मोड़ा तथा दीपक कुमार (28 वर्ष) पुत्र कुंवर राम निवासी पल्यूड़ा थाना सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा के शव देर रात बरामद कर खाई से निकाल लिया।

बेरीनाग थाना प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि इस दौरान वाहन में तीसरे व्यक्ति के सवार होने की संभावना सामने आई, क्योंकि लोगों ने बताया कि दुर्घटना से कुछ देर पहले चालक ने रास्ते में रहने वाले किसी रिश्तेदार को तीन लोगों के लिए खाना बनाने के लिए कहा था, लेकिन देर रात तक खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। रविवार सुबह फिर से खोजबीन कर तीसरे व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया। उसकी शिनाख्त अजय कुमार (26 वर्ष) पुत्र लक्ष्मण राम, निवासी बाजार वार्ड गंगोलीहाट, जिला पिथौरागढ़ के रुप में हुई है। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों शव बेरीनाग मोर्चरी में रखे गए हैं। मृतकों के परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

## वाहनों का संचालन होने से मिली राहत

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** हल्द्वानी में कर्फ्यू से ढील मिलने के बाद अब अल्मोड़ा से हल्द्वानी को वाहनों का संचालन शुरू हो गया है। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है। रविवार को तराई के लिए सभी केमू और रोडवेज बसों सहित टैक्सियों का संचालन हुआ।

कर्फ्यू लगने से जिले की यातायात व्यवस्था पटरी से उतर गई थी। कर्फ्यू के पहले दिन हल्द्वानी को जाने वाली सभी केमू की बसों व टैक्सियों का संचालन बाधित रहा था। शनिवार को भी हल्द्वानी को सिर्फ एक ही बस चली। रविवार को हल्द्वानी में कर्फ्यू से ढील मिली तो इससे नगर की यातायात व्यवस्था फिर से पटरी पर लौट आई। रविवार को करीब दस केमू की बसों का संचालन हल्द्वानी को हुआ। वहीं लगभग दो सौ टैक्सियों भी तराई को निकलीं। टैक्सी यूनियन महासचिव नीरज पवार ने बताया कि वाहनों का संचालन होने से चालकों को भी राहत मिली है।

## पुरानी पेंशन बहाली को गरजे कर्मचारी

संवाददाता, अल्मोड़ा



पुरानी पेंशन को लेकर अल्मोड़ा में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षक और कर्मचारियों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को अल्मोड़ा में अपनी इस मांग को लेकर शिक्षकों और कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और मुख्य बाजार में रैली निकाली। बाद में वह गांधी पार्क में धरने पर बैठ गए। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने कहा है कि सरकार जब तक उनकी इस मांग पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

रविवार को शिक्षक संगठनों के कई सदस्य और विभिन्न विभागों के कर्मचारी नगर के चौघानपाटा में एकत्र हुए और उन्होंने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के बाद सभी कार्मिक गांधी पार्क में धरने पर बैठ गए। धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार सांसदों और विधायकों को पांच साल के कार्यकाल में ही पेंशन दे देती है। लेकिन शिक्षकों और कर्मचारियों को आजीवन सेवा के बावजूद पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। जो उनका साथ सरासर अन्याय है। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार उनकी मेहनत की कमाई को शेयर बाजार के माध्यम से औद्योगिक घरानों को सौंप रही है। जिससे उनका भविष्य खतरे में है। उनके सामने आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का संकट उत्पन्न हो गया है। कहा कि यदि जल्दी ही पुरानी पेंशन लागू नहीं की गई तो इसका जवाब वह आने वाले चुनावों में देंगे। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी व संचालन भूपाल चिलवाल ने किया।

धरना सभा में फैडरेशन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष पुष्कर भैसोड़ा, धीरेंद्र पाठक, मनोज कुमार जोशी, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के डीके जोशी, किशोर जोशी, जगदीश भंडारी, दीपक तिवारी, खुशाल महर, हिमांशु तिवारी , मीना शर्मा, मीनाक्षी जोशी, मेघा मनराल, नमिता वर्मा, तस्लीम अंसारी, ज्योति भारती, पूनम बिष्ट, भोला दत्त पंत, गिरजाभूषण जोशी, गुरदीप राणा, देवेश सिंह, जीवन साह, हीरा डोबाल, मनोज पाठक, महेश भण्डारी, हरिवंश बिष्ट, मोहन जोशी, जीवन तिवारी, तारा बिष्ट, गौरव बिष्ट, इंद्रा अल्मिया, राजू, गौरव डालाकोटी, दर्शन बोरा आदि मौजूद रहे।

## कर्फ्यू क्षेत्र में बच्चों को दूध आदि वितरित करने की मांग की

**बागेश्वर, अमृत विचारः** अपनी धरोहर संस्था की बैठक में वक्ताओं ने हल्द्वानी के दंगाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही, पुलिस व पत्रकारों की जान बचाने में सहयोग करने वालों को सम्मानित करने की बात कही। कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने व उन्हें दूध आदि की आपूर्ति किए जाने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि हल्द्वानी की घटना चिंताजनक है। कहा कि प्रशासन को दंगाइयों से नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। बच्चों के अधिकार के लिए कार्य करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता नैना तिवारी लोहुमी ने कहा कि दंगाई वयस्क होते हैं परंतु कर्फ्यू में कई बच्चों को दूध, दवाइयों व खेल सामग्री की आवश्यकता है, ऐसे में उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशासन को कार्य करना चाहिए।

## शिक्षिका ने मां को दी मुखाग्नि

संवाददाता, टनकपुर


टनकपुर शारदा नदी किनारे अपनी मां को मुखाग्नि देती शिक्षिका मुन्नी चन्द।

**अमृत विचार :** टनकपुर से लगे गांव आमबाग की एक शिक्षिका ने अपनी मां की अंत्येष्टि में सभी क्रिया कर्म कर एक ओर जहां समाज को नसीहत दी है वहीं लोगों ने उनके कार्यों की सराहना भी की है।

हम बात कर रहे हैं जनपद चम्पावत के टनकपुर से लगे गांव आमबाग की एक शिक्षिका मुन्नी चन्द की जिन्होंने 75 वर्षीय अपनी मां कौशल्या देवी की सेवा के लिए पूरी जिंदगी उनके नाम अर्पित कर दी। कौशल्या देवी की एकमात्र संतान होने के कारण जब मुन्नी की मां का निधन हुआ तो उन्होंने समाज को आईना दिखाते हुए खुद टनकपुर के शारदा नदी तट पर पहुंचकर अपनी मां की चिता पर आग देकर अंत्येष्टि कर उन्हें अंतिम विदाई दी। यही नहीं इस बेटी ने अंत्येष्टि के बाद अपने कुछ परिजनों को साथ में लेकर मां की अस्थियों को प्रवाहित करने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना भी हो गई।

मुन्नी की जिंदगी की कहानी भी बड़ी ही दुख भरी और संघर्ष पूर्ण रही है। अविवाहित मुन्नी जो एक निजी विद्यालय में शिक्षिका रही है लेकिन अपनी बीमार मां की सेवा के लिए उन्होंने इस नौकरी को भी छोड़कर मां की सेवा में एक बड़ा त्याग किया।उनके सैनिक पिता कालू चन्द जिन्होंने पहले ही अपनी पत्नी कौशल्या देवी और उनकी लाडली पुत्री मुन्नी को छोड़ दिया हालांकि इस समय पूर्व सैनिक कालू चन्द अब इस संसार में नहीं है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि आज पूर्व सैनिक कालू चन्द की सेना से मिलने वाली सहायता उनके परिवार को नहीं मिल पा रही है।

## पीएम को भेजा धन्यवाद ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद अभिनंदन ज्ञापन भेजे जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश स्तर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोहली व विजय भट्ट के संयोजन में टीमें गठित की गई है।

जनपद नैनीताल में जिला मंत्री योगेश सिंह रजवार के नेतृव में अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को अभियान के तहत विनोद मेहरा, दीपक जोशी, पुष्कर जोशी ने धन्यवाद ज्ञापन पीएम को भेजे। रजवार ने बताया कि नैनीताल से बार संगठन, कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति, वरिष्ठ डॉक्टर, रिटायर्ड सेना अधिकारियों, शिक्षा विभाग के रिटायर्ड शिक्षकों, महिला समूहों, निगम के बोर्ड, मेयर, नगर पालिकाओं के बोर्ड आदि ने धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किए हैं।

## महेंद्र भट्ट को चुनाव से पहले मिला पुरस्कार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को राज्यसभा की जिम्मेदारी मिलेगी। भाजपा ने उन्हें उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद का दावेदार बनाया है।

यह सीट राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी के जाने के बाद खाली हुई है। अनिल बलूनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहद करीबी नेता माने जाते हैं। उनका नाम कई बार सीएम पद के लिए भी उछला था। भाजपा ने उनको दोबारा सूची में शामिल नहीं किया है। माना जा रहा है कि बलूनी को आगे अन्य कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इधर महेंद्र भट्ट का भाजपा से पुराना नाता रहा है। वह राम जन्मभूमि आंदोलन के समय से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं और जेल भी गये हैं। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान भी वह जेल में रहे। साल 1991 से 1996 तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रदेश सह मंत्री, जिला संयोजक, जिला संगठन मंत्री, विभाग संगठन मंत्री जैसे पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं। साल 1998 से 2000 तक उत्तरांचल युवा मोर्चा में प्रदेश महामंत्री रहे हैं। इसके साथ ही साल 2000 से 2002 के मध्य उत्तराखंड में भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने।

### बाहरी राज्यों में भी दिखाया राजनीतिक कौशल

हल्द्वानी। भाजपा संगठन ने महेंद्र भट्ट की राजनीतिक प्रतिभा को देखते हुये हिमाचल और महाराष्ट्र युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी दी। साल 2002 में वह 32 साल की उम्र में नंदप्रयाग से विधायक बने। साल 2010 से 2012 तक दायित्वधारी का पद संभाला। साल 2012 से 2014 तक गढ़वाल प्रभारी और साल 2014 से 2017 तक प्रदेश मंत्री बने। साल 2017 में बद्रीनाथ से फिर विधायक चुने गये। 29 जुलाई 2022 को महेंद्र कौशिक की जगह भाजपा ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी। फिलहाल उनकी उम्र 52 साल है।

### लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें खारिज

हल्द्वानी। शुरू में माना जा रहा था महेंद्र भट्ट को भाजपा की गढ़वाल मंडल की टिहरी या पौड़ी सीट से लोकसभा चुनाव का टिकट दे सकती है लेकिन अब अटकलों पर विराम लग गया है। पौड़ी गढ़वाल सीट से उनकी मजबूत दावेदारी मानी जा रही थी। वहां से अभी तीरथ सिंह रावत सांसद हैं। तीरथ को भाजपा ने पूर्व में कुछ माह के लिये मुख्यमंत्री भी बनाया था।

**राजनीति**
- भट्ट राम जन्मभूमि आंदोलन के समय से ही रहे हैं सक्रिय
- उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान भी जेल में रहे भट्ट

### भाजपा ने गढ़वाल के संतुलन को साधा

**हल्द्वानी :** मौजूदा भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कुमाऊं मंडल से संबंध रखते हैं। साथ ही वह क्षत्रिय हैं। महेंद्र भट्ट गढ़वाल से संबंध रखते हैं और ब्राह्मण हैं। महेंद्र भट्ट को भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही राज्यसभा सदस्य बनाकर उनके कद को और बढ़ाया है। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गढ़वाल को भी पूरी तरह से साधने की कोशिश की है। उत्तराखंड से भाजपा की अन्य राज्यसभा सदस्य डॉ. कल्पना सैनी पिछड़ी जाति की हैं।

## रामनगर चौखुटिया रेल लाइन का करें निर्माण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के चौखुटिया विकास की गेवाड़ विकास समिति ने प्रदेश सरकार से रामनगर चौखुटिया रेल लाइन के शीघ्र निर्माण की मांग की है। संगठन द्वारा सीएम धामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे ज्ञापन में कहा है कि चौखुटिया रामनगर रेल लाइन की मांग वर्षों से की जाती रही है। हर बार बजट में लोगों को इसकी स्वीकृति का इंतजार भी रहता है। लेकिन आज तक इस महत्वपूर्ण रेल लाइन के निर्माण के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिस कारण पर्वतीय क्षेत्रों का विकास प्रभावित हो रहा है।

समिति के सदस्यों ने इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड की नियमित व्यवस्था करने, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, मासी स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण की घोषणा लागू करने, गैरसैंण चौखुटिया को मिलाकर स्मार्ट सिटी बनाने, महाविद्यालय को पीजी का दर्जा देने व बीएससी, बीकॉम कक्षाएं शुरू करने, केंद्रीय विद्यालय खोलने, तड़ागताल झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित आदि की भी मांग की है। ज्ञापन में गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक कुमार, दिनेश मनराल, सदानंद पांडे, गंगा सिंह आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

## रेल लाइन को किया प्रदर्शन

**बागेश्वर, अमृत विचारः** टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन निर्माण की मांग को लेकर रेल लाइन संघर्ष समिति ने प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने भाजपा व कांग्रेस सरकार पर धोखे का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

केशवानंद जोशी के नेतृत्व में आंदोलनकारी तहसील परिसर में एकत्र हुए व प्रदर्शन किया। कहा कि कांग्रेस व भाजपा ने उनकी मांगों की हमेशा उपेक्षा की। कहा पीएम मोदी अपने भाषणों में इनका जिक्र करते हैं परंतु घोषणा करने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं हो रहा है, जिससे क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। इस दौरान लक्ष्मी धर्मसत्तू, प्रताप गड़िया, गीता रावल, चरण बघरी, विक्रम देवड़ी, प्रवीण दफौटी, राजेंद्र, रमेश आदि रहे।

**अच्छी खबर**

### तेज बहाव व कृषि भूमि के कटाव की समस्या होगी दूर, धनराशि स्वीकृत होने के बाद शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा कार्य

## विनोद नदी के कहर से ग्रामीणों को मिलेगी मुक्ति

संवाददाता, अल्मोड़ा


स्याल्दे विकास खंड से निकलने वाली विनोद नदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के स्याल्दे विकास से निकलने वाली विनोद नदी द्वारा बरसात के मौसम में मचाए जाने वाले कहर से अब स्थानीय लोगों को जल्द मुक्ति मिल सकेगी। विकास खंड के ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा न्यूनीकरण निधि से बाढ़ सुरक्षा के कार्यों के लिए 674.89 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। धनराशि स्वीकृत होने के बाद यहां शीघ्र बाढ़ सुरक्षा के कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

स्याल्दे विकास के देघाट, सियानगर और स्याल्दे से निकलने वाली विनोद नदी रामगंगा नदी की सहायक नदी है। विनोद नदी में क्षेत्र की मसाणगढ़ी नदी का पानी भी समाहित होता है। बरसात के मौसम में यह नदी विकराल रूप धारण कर लेती है। जिस कारण हर साल नदी का तेज बहाव और कृषि योग्य भूमि का कटाव लोगों की सालों से समस्या बना हुआ है। पिछले कुछ सालों में विनोद नदी कई हेक्टेयर कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा चुकी है। जिसका सीधा असर कृषि बाहुल्य इस क्षेत्र के किसानों की आजीविका पर पड़ता है। इसके अलावा क्षेत्र के अनेक गांवों तक पहुंचने के लिए स्थानीय लोगों को विनोद नदी को पार करना होता है। लेकिन बरसात के मौसम में विकराल रूप धारण करने वाली इस नदी के बहाव के कारण कई बार यह जानलेवा साबित होता है। पिछले सालों में कई लोग इस नदी के बहाव में आकर अपनी जान से भी हाथ धो चुके हैं।

क्षेत्र की इस समस्या को देखते हुए स्थानीय विधायक महेश जीना लंबे समय से ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलाने का प्रयास कर रहे थे। जिसके लिए विभाग द्वारा आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत शासन को 705.16 लाख रुपये का आगणन तैयार कर भेजा था। जिसके बाद नियोजन विभाग द्वारा इस योजना के तकनीकी परीक्षण के बाद इस कार्य के लिए 674.89 लाख रुपये की राशि को औचित्य पूर्ण पाया। जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भी बीते दिनों स्वीकृति प्रदान कर दी है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धनराशि अवमुक्त होते ही यहां बाढ़ सुरक्षा के कार्य शुरू करा दिए जाएंगे।

# आज होगा किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ

## शाकुंभरी देवी मंदिर प्रांगण के शुक्र ताल से करेंगे यात्रा का शुभारंभ

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर ने कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

अध्यक्ष ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, जिसके माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है व किसान समृद्ध हो रहा है।

उन्होंने बताया कि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर किसानों व मजदूरों की आकांक्षाओं को जानने के लिए आगामी 12 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के शाकुंभरी देवी मंदिर प्रांगण के शुक्र ताल से किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

**बैठक**

- भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने की वर्चुअल बैठक
- बोले, अर्थव्यवस्था में सुधार और किसान हो रहा समृद्ध

उत्तराखंड किसान मोर्चा अपने 19 संघात्मक जनपदों में एलईडी लगा करके इसका सीधा प्रसारण देखेंगे, जिसमें लगभग 3000 किसानों को आमंत्रित किया गया है। पुंडीर ने कहा है कि ग्राम परिक्रमा यात्रा एक माह तक चलेगी। यात्रा का शुभारंभ गौ, हल, टैक्टर व अन्य किसी यंत्रों का पूजन करके किया जाएगा। यात्रा के माध्यम से गांव में किसान मजदूरों की चौपाल लगा करके मोदी सरकार के 10 वर्षों में किए गए कार्यों एवं किसान हितैषी योजनाओं पर चर्चा होगी। किसानों से प्रधानमंत्री के संकल्प पत्र हेतु सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद घर-घर जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। यह यात्रा प्रत्येक जिले में प्रतिदिन 5 गांवो में आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक व पार्टी के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक और लोग मुख्य अतिथि होंगे। पुंडीर ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के सफल संचालन को प्रदेश व जिले स्तर पर कमेटी गठित की गई है। यह यात्रा एक माह तक चलेगी।

# चुनाव में महिलाओं की भूमिका रहेगी निर्णायक

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** भाजपा के साथ शक्ति वंदन भी आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है। उत्तराखंड भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर बैठक व आम जनता तक पहुंचने का अभियान चला रहे हैं। शक्ति वंदन प्रदेश मीडिया प्रभारी नेहा शर्मा का कहना है कि लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर कार्यकर्ता, एनजीओ संचालकों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक करने जा रहे हैं।

उनका कहना है कि शक्ति वंदन के कार्यकर्ता भी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। शक्ति वंदन भी आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव को लेकर कई कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है।

भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर शक्ति वंदन अभियान के तहत एनजीओ, फेडरेशन, स्वयं सहायता समूह, सीआरपी, एफपीओ को भाजपा से जोड़ने के लिए जिले के प्रत्येक मंडल स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लाभार्थियों के साथ में बैठक की जाएगी। नारी सशक्तिकरण की दिशा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, उसको प्रदेश के सीमांत इलाके तक पहुंचाने के लिए काम किया जाएगा।

मोदी सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए फेडरेशन, वॉलिंटियर्स, सोशल वर्कर, एनजीओ संचालक, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की मदद ली जाएगी। बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन किया जा रहा है, जबकि मंडल स्तर तक कमेटियों का गठन हो चुका है। जिले और प्रदेश स्तर पर भी कमेटियां गठित की जा रही हैं। बूथ स्तर पर भी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# योजनाओं का लाभ लेना आपका अधिकार है: भट्ट

**देहरादून, अमृत विचार:** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने राज्य के सभी 11,729 बूथों पर 24 घंटे प्रवास कार्यक्रम में जन सहभागिता की। इस दौरान पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा, अभियान के सफल संचालन के साथ पार्टी लोकसभा चुनावों में लक्ष्य की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गई है।

अभियान के तहत महेंद्र भट्ट जोशीमठ के पांडुकेश्वर के बूथ नंबर-56 में विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों में शामिल हुए। उन्होंने लाभार्थियों से संपर्क कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से हुए लाभ पर चर्चा की। कहा, आप सबको इन योजनाओं का लाभ इसलिए नही मिला कि आप कृपा पात्र हैं, बल्कि यह आपका अधिकार है। पार्टी का मकसद है आपके सहयोग से अधिक से अधिक लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना।

# पुण्य तिथि पर पं. दीनदयाल उपाध्याय को किया याद

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** भाजपा परिवार ने अपने वैचारिक अधिष्ठान पं. दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्य तिथि पर कई कार्यक्रमों के माध्यम से भावपूर्ण स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा मोदी सरकार उनके बताए अंत्योदय कल्याण के मार्ग पर देश को आगे बढ़ा रही है।

प्रदेश कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अंतोदय सिद्धांतों के जनक और पार्टी के वैचारिक प्रणेता स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि स्व. उपाध्याय के अंत्योदय विचार व एकात्म मानववाद दर्शन को पार्टी ने राजनीति में आत्मसात करने का काम किया। इसका परिणाम है कि लगातार सत्ता में रहते हुए भी हम पार्टी विद डिफरेंस का दावा कर सकते हैं। उनके विचारों को धरातल पर उतारने का यदि कोई सबसे अधिक प्रयास कर रहा है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, क्योंकि मोदी जन कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों में अंत्योदय के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने पंडित जी के विचारों के अनुरूप कई वर्षों से 80 करोड़ अंत्योदय लोगों के भोजन की चिंता कर रहे हैं।

कमजोर व्यक्ति के जीवन को सुरक्षित करने के लिए आयुष्मान योजना से 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। गरीब किसानों को सम्मान निधि, मातृ शक्ति को लखपति बनाने की योजना, श्रमिकों के कल्याण की योजनाएं हैं। मोदी ने पंडित जी के विचारों पर अमल करते हुए समाज के कमजोर तबकों को मजबूत बनाने का काम किया है। यही वजह है कि जब कोरोना में अर्थव्यवस्था गर्त में गई, लेकिन भारत 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गया।



# प्रियंका के लिए राजनीति की राह आसान करेंगे राहुल

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** अमेठी में राहुल गांधी के पिछले चुनाव में हार के बाद वापसी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं रायबरेली से वर्तमान सांसद सोनिया गांधी के बजाये प्रियंका वाड्रा के चुनाव में मैदान में उतरने की सुगबुगाहट एक बार फिर से तेज हो गई है।

यही वजह है कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश में प्रवेश करने पर अमेठी और रायबरेली में सबसे अधिक मजबूती के साथ कांग्रेसी पूरे देश में संदेश देने की तैयारी में है। इसकी मुख्य वजह प्रियंका वाड्रा के चुनाव की तैयारी के लिए पृष्ठभूमि तैयार करना है। राहुल द्वारा रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सहारे बहन प्रियंका के लिए राजनीति राह को आसान करने के लिहाज से भी देखा जा रहा है। यात्रा की सफलता और जन-जन तक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से ही कांग्रेस दिग्गजों ने दोनों जिलों में डेरा डाल दिया है। सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा समेत पूर्व मंत्री नकुल दुबे, लोकसभा प्रभारी इंदल रावत समेत तमाम दिग्गज दिन-रात एक किए हुए हैं। उद्देश्य सिर्फ कांग्रेस को मजबूत और प्रियंका के आगामी चुनाव में दमदारी के साथ लोगों के बीच लाना है।

**अखिलेश के साथ से मजबूत होगा हाथ**

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भी साथ मिल रहा है। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट तौर पर यात्रा के साथ अमेठी अथवा रायबरेली में शामिल होने की सहमति दे दी है। संभावना सबसे अधिक रायबरेली में आने की जताई जा रही है। इसके लिए सपाई भी काफी उत्साहित हैं। सपा सुप्रीमो का साथ मिलने से कहीं ना कहीं कांग्रेस जिले में और मजबूत होगी।

# मां-बेटे को जहर देकर बेड पर लिटाया, खुद भी फंदे पर झूला

तुषार चौहान, आगरा

**अमृत विचार :** थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी में एक युवक तरुण चौहान ने मां और बेटे को जहर देने के बाद उन्हें बेड पर लिटाया और फिर उनकी मौत हो जाने के बाद खुद भी फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार तरुण की पत्नी रजनी शनिवार को अचानक ननद के साथ खाटू श्याम चली गई, इस कारण से उसकी जान बच गई। पुलिस को मोबाइल में जो वीडियो मिला उसे देखकर पुलिस को आशंका है कि यह वीडियो उसने शनिवार को ही बनाया। क्योंकि, इसमें वह पत्नी को मारकर सुसाइड करने का जिक्र कर रहा है। युवक ने रविवार सुबह अपने रिश्तेदारों को यह वीडियो भेजा है।

घटना की सूचना के बाद तरुण की पत्नी रजनी घर लौटी। पत्नी का आरोप है कि जहां पर उसके पति काम करते थे, वहां उन्हें कई महीने से सैलरी नहीं मिली थी। कंपनी के मालिक दबाव बना रहे थे कि बाजार में जो पैसा फंसा है, उसकी रिकवरी उनसे की जाएगी। इसके चलते तरुण ने यह कदम उठाया है। पुलिस ने पत्नी और रिश्तेदारों को बताया कि तरुण चौहान (43), उसके 13 साल के बेटे कुशाग्र और तरुण की मां ब्रजेश देवी के शव घर में ही मिले। रविवार को काम करने वाली महिला गीता आई। उसने देखा कि घर का मेन गेट खुला है। वह आवाज लगाते हुए अंदर गई, तो कोई जवाब नहीं मिला। गीता को लगा कि वह सो रही हैं। उन्हें जगाने के लिए गीता ने कई बार आवाज दी, मगर कोई जवाब नहीं मिला। उसने चादर हटाई, तो उनका शव पड़ा हुआ था। उसने आसपास के लोगों को बताया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घर के अंदर गई तो फर्स्ट फ्लोर की सीढ़ी के पास बने कमरे में तरुण की लाश फंदे से लटकी मिली।

**नौकरी छूटी, कर्ज का था दबाव**

पुलिस ने बताया कि तरुण जिस मकान में रहता था उसकी कीमत करोड़ों में है। तरुण के पिता मानसिंह शहर के जाने माने वकील थे। पिछले वर्ष उनकी मौत हो गई थी। पिछले कुछ साल से परिवार कर्ज में था। इस वजह से घर का आगे का हिस्सा बेच दिया था। तरुण ने कई बिजनेस भी किए, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। तरुण की पत्नी की एक सहेली ने बताया कि कुछ दिन पहले सभी फ्रेंड्स ने बाहर जाने का प्लान बताया था। रजनी को भी इसके लिए बुलाया गया था। मगर, रजनी ने आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण जाने से इनकार कर दिया था। उसने अच्छी जॉब बताने के लिए भी कहा था।

# यूएस नगर से भटक कर आए किशोर को परिजन से मिलाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के थाना क्षेत्र ट्रांजिस्ट कैंप के जगतपुरा निवासी किशोर भटक कर महानगर पहुंच गया। रात में मार्ग किनारे संदिग्ध हालत में खड़े देख पुलिस उस किशोर को चौकी ले आई। किशोर के परिवार वालों से संपर्क कर उसके मुरादाबाद में सुरक्षित होने की जानकारी दी।

रविवार की सुबह किशोर को पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया। कटघर थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी काशीपुर तिराहा के इंचार्ज ओम शुक्ल ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ शनिवार रात में गश्त पर थे। चौकी तरफ आते समय उन्होंने रामपुर दोराहा पर किशोर को संदिग्ध हालत में पाया था। पूछताछ में इसने अपना नाम विनोद (11) पुत्र होतेलाल यादव बताया। दरोगा ने बताया कि राजू यादव काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी पर आकर अपने भाई विनोद को घर ले गया।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर धरे, आठ बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके दो साथी फरार हो गए। वाहन चोरों की निशानदेही पर चोरी की आठ बाइक बरामद हुई हैं। सभी बरातघरों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से बाइक चोरी कर अय्याशी और शराब की लत पूरी करते थे।

इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह गश्त के दौरान विलयधाम पुल के भट्टे के सामने से दो लोगों को गिरफ्तार किया और दो फरार हो गए। गिरफ्त में आया आरोपी विमल बडेपुरा निकट खोह थाना हाफिजगंज का निवासी है और सरगना है। वहीं दूसरा आरोपी करन हाफिजगंज के रिठौरा का रहने वाला है। फरार आरोपी विशाल और संजू भी रिठौरा के ही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संजीव कुमार, मुकेश चौहान, मुख्य आरक्षी आशीष कुमार आदि रहे।

**पांच से दस हजार में बेच देते थे चोरी की बाइक**

पूछताछ में विमल और करन ने बताया कि चारों बेरोजगार हैं। सभी उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, आदि प्रदेशों से बाइक चोरी करते हैं। सभी तेज बाइक चलाते हैं और स्टंट भी करते हैं। चोरी की बाइक को पांच से दस हजार रुपये में बेचकर शराब और अय्याशी की लत को पूरी करते हैं। विमल के खिलाफ इज्जतनगर, नवाबगंज, भुता, बदायूं के थानों में आठ केस पंजीकृत हैं, जबकि करन, विशाल और संजू के खिलाफ दो-दो मुकदमे दर्ज हैं।

# महिला की चेन लूट, विरोध पर पति का गला दबाया

**बरेली, अमृत विचार :** कांकर टोला में तीन युवकों ने महिला के गले से चेन लूट ली। जब महिला के पति ने विरोध किया तो उसकी गमछे से गला दबाकर हत्या की कोशिश की। शोर होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना बारादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिहारीपुर निवासी तसनीम फात्मा ने बताया कि वह अपने पति आसिम इम्तियाज के साथ अपने मायके कांकर टोला आईं थीं। जब वह कार से कार से उतर रही थीं, उसी समय मोहल्ले के सैंकिल, उसका भाई और रोनित आए और गले में पड़ी सोने की चेन तोड़ ली। जब पति आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो मारपीट करने लगे। पति के गले में गमछा डालकर हत्या करने की कोशिश की।

# कांग्रेस अध्यक्ष रबर स्टैंप, प्रियंका का भी पार्टी में हो रहा अपमान

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस से निष्कासन के बाद कहा कि निष्कासन करने वाले कांग्रेस नेता यह बताएं कि उनकी कौन सी गतिविधि पार्टी विरोधी थी। क्या राम मंदिर शिलान्यास का न्योता स्वीकार करना व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना उनका अपराध था। इसके साथ ही आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। संकल्प लिया कि आज के बाद वह आजीवन भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के साथ खड़े रहेंगे।

ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम पर पत्रकार वार्ता के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी में मायूसी है और हर कोई नेता यह पूछ रहा है कि आचार्य प्रमोद कृष्णम का कसूर क्या था। मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं से कहना चाहता हूं कि जो अपनी मां और बहन का सम्मान नहीं कर सकता वह कांग्रेस पार्टी के नेताओं का सम्मान क्या करेगा। जो शख्स अपनी विरासत को नहीं संभाल सकता वह भारत को क्या संभालेगा। सोचें और चिंतन करें कि राजनीति छोटी है और राष्ट्र बड़ा है क्योंकि एक दिन हम सभी लोग मिट जाएंगे लेकिन यह राष्ट्र नहीं मिटना चाहिए। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाते हुए कहा कि जो शख्स अपनी मां,पिता,बहन और दादी के सुख-दुख में खड़े रहने वाले नेता गुलाम नबी आजाद,कमलनाथ व भूपेंद्र हुड्डा से लेकर दिग्विजय सिंह और आनंद शर्मा तक की इज्जत करना नहीं जानता है उसके लिए मुझे अपमानित करना कौन सी बड़ी बात है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस में प्रियंका गांधी की भी बहुत तौहीन हो रही है।

**क्या अयोध्या जाना व मोदी से मिलना है मेरा अपराध**

**संभल।** आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि क्या राम का नाम लेना, अयोध्या जाना, श्रीराम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण स्वीकार करना, कल्कि धाम का शिलान्यास करना, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना या फिर भारतीय संस्कृति, संस्कार और सनातन की बात करना पार्टी विरोधी है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिया गया था तो एक राम भक्त को 6 वर्ष के लिए क्यों निष्कासित किया गया है।

# दढ़ियाल के युवक की काशीपुर में मौत

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** उत्तराखंड के रामनगर जाते समय काशीपुर में हुए सड़क हादसे में दढ़ियाल के युवक की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों का बुरा हाल है।

नगर के मोहल्ला पीपल टोला निवासी अनवार हुसैन का बेटा 26 वर्षीय आमिर सुहेल उत्तराखंड के रामनगर में किसी चिकित्सक के यहां काम करता था। शनिवार की शाम को रामनगर से अपने घर आया था। रविवार सुबह लगभग नौ बजे घर से रामनगर के लिए स्कूटी से निकला था। जैसे ही आमिर सुहेल उत्तराखंड के काशीपुर में रेलवे क्रॉसिंग से आगे पहुंचा तो ट्रक की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए।

# ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के भैतरी रेलवे फाटक के पास युवक ने मालगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। युवक के पास से मिले आधार कार्ड से शिनाख्त रामपुर निवासी विकास यादव के रूप में हुई।

शनिवार की रात नौ बजे चन्दौसी से बरेली के लिए मालगाड़ी रवाना हुई। जब मालगाड़ी बनियाठेर थाना क्षेत्र के भैतरी रेलवे फाटक से कुछ आगे निकली तो 20 वर्षीय युवक ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। चालक ने घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम से बनियाठेर थाना पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में रेल पटरी पर पड़ा था। पुलिस ने युवक के कपड़ों की तलाशी ली तो उसके पास से आधार कार्ड मिला। जिससे युवक की शिनाख्त जनपद रामपुर के थाना बहापाड़ा क्षेत्र के गांव पतौरा के विकास यादव 20 वर्ष पुत्र अतिराज सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक युवक के परिजनों को दे दी। थाना प्रभारी मोहित कुमार काजला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# रेलवे में विलंब का नया रिकार्ड, 14 घंटे लेट पहुंची दून एक्सप्रेस

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेल सेवा में विलंब का नया रिकार्ड हावड़ा से हरिद्वार के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस के नाम दर्ज हो गया। रविवार को इस ट्रेन के यात्रियों को 13:53 मिनट प्रतीक्षा करनी पड़ी। कोहरा कम होने के बाद ट्रेन की लेटलतीफी यात्रियों में गुस्सा दिखाई दिया।

सियालदह से लौट रहे कारोबारी अजय गर्ग ने ट्रेन की गति को लेकर दुख जाहिर किया। सच तो यह है कि रेल प्रबंधन के दावे के बाद भी लंबी दूरी और विशेष रूप से साप्ताहिक ट्रेनें समय की पटरी पर नहीं दौड़ पा रही हैं। रविवार को न्यू जलपाईगुड़ी से चलकर दिल्ली को जाने वाली सुपरफास्ट साप्ताहिक एनजेपी एक्सप्रेस के यात्रियों को 5:05 घंटे इंतजार करना भारी पड़ा। गरीब रथ 2 घंटे 20 मिनट की देर से आई।

# अंडा व्यापारी को गोली मारने वाले तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ढक्का बिजलीघर के सामने अंडा व्यापारी से लूट की घटना में असफल होने पर उसे गोली मारने वाले तीन अभियुक्तों को रविवार को मझोला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के 33 दिन बाद पुलिस ने जानलेवा हमला करने वालों को गिरफ्तार किया है। इनमें राजा उर्फ सतेन्द्र चौहान, गौरव उर्फ डॉन साहब और कलुआ उर्फ नितिन हैं। ये सभी लाकड़ी के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें अन्य लूट की योजना बनाते हुए मैनाठेर की पुलिया से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से तीन तमंचे, पांच कारतूस और एक बाइक (यूपी-21-सीआर-7837) बरामद की है।

पुलिस ने इन अभियुक्तों की पहचान के लिए घटनास्थल से लेकर मनोहरपुर मार्ग समेत अन्य कई मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में 150 से अधिक फुटेज की जांच की है। तब यह पहचान में आए थे, चूंकि घटना के दौरान ये लोग नकाबपोश थे। इनकी पहचान करने में पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना के खुलासे के बाद पुलिस ने पुलिस लाइन सभागार में अभियुक्तों को मीडिया के सामने पेश किया। इस दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने पत्रकारों को बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर पुलिस को बताया है कि वह लोग नशा करने के आदी हैं। उन्हें नशे का सामान खरीदने के लिए रुपये की जरूरत पड़ती है।

# पहले समाधान फिर करेंगे पुराने टैक्स का भुगतान

**बरेली, अमृत विचार:** जीएसटी विभाग से वर्ष 2017-18 और 2018-19 के नोटिस मिलने से व्यापारी परेशान हैं। अधिकारी व्यापारियों की समस्या का निदान करने के बजाए उन पर भुगतान करने का दबाव बना रहे हैं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का कहना है कि समस्या के समाधान पर ही टैक्स का भुगतान किया जाएगा। जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि देशभर में 1 जुलाई 2017 से जीएसटी व्यवस्था शुरू की गई। शुरू के दो साल जीएसटी में कई विसंगतियां रही। महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा शीघ्र ही इनका समाधान कराया जाना आवश्यक है। पहले व्यापारियों की समस्या का समाधान फिर पुराने टैक्स का भुगतान किया जाएगा। शीघ्र ही इसको लेकर राज्य कर आयुक्त ग्रेड वन को ज्ञापन देंगे।

# 1.99 करोड़ से खरीदेगा इंसास राइफल-कारतूस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होमगार्ड अब जल्द ही इंसास राइफल से लैस नजर आएंगे। इनके लिए होमगार्ड विभाग जल्द ही इंसास राइफल और कारतूस की खरीदारी करेगा। इसके लिए शासन ने भी हरी झंडी दे दी है। यह खरीदारी 1.99 करोड़ रुपये से होगी। यह धनराशि भी शासन ने जारी कर दी है। इस मामले में संयुक्त सचिव उप्र शासन पद्माकर शुक्ल ने महासमादेष्टा होमगार्ड को आठ फरवरी को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। इंसास राइफल और कारतूस की खरीद के लिए धनराशि सीतापुर में सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी एवं केंद्रीय आयुध भंडार को उपलब्ध कराई गई है।

सहमति के मुताबिक, होमगार्ड विभाग 5.56 एमएम इंसास राइफल (फिक्स बट) और 5.56 एमएम इंसास राइफल (फोल्ड बट) की खरीदारी होगी। इसकी खरीद में कुल 1,93,57,976 रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इंसास राइफलों की खरीद के लिए शासन की सहमति पश्चिम बंगाल से बनी है। कहा गया है कि 5.56 एमएम के बाल राउंड कारतूस की खरीद के लिए 6.21 लाख रुपये भी सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर को अवमुक्त कर दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि पूर्व में महासमादेष्टा होमगार्ड ने विभाग के जवानों के लिए इंसास राइफल और कारतूस की जरूरत समझते हुए शासन में 8 जून 2023 को प्रस्ताव भेजा था।

# विधवा पेंशन के पांच और अपात्रों ने जमा की रकम

**बरेली, अमृत विचार :** रामनगर ब्लॉक के गोठा खंडुआ में विवाहिताओं के पतियों को कागजों में मृत दिखाकर विधवा पेंशन का लाभ देने के फर्जीवाड़े में अपात्रों से वसूली तेज हो गई है। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के पत्र लिखने के बाद पांच और अपात्रों से रकम की वसूली कर जमा कराई गई है। अब तक सात महिलाओं से से करीब एक लाख रुपये की वसूली कर रकम जमा कराई जा चुकी है और 39 से करीब सात लाख की वसूली बाकी है।

गोठा खंडुआ में 46 महिलाओं के जीवित पतियों को कागजों में मृत घोषित कर विधवा पेंशन योजना का लाभ लिया गया। सितंबर 2023 में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के बाद अफसरों ने मामले को दबा दिया।

# महंगाई के इतिहास में एक और अध्याय

- 700 रुपये तक पहुंचा लहसुन का भाव, पिछले साल इन्हीं दिनों में सिर्फ 50 रुपये किलो का था रेट

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** टमाटर और प्याज की तरह लहसुन ने भी इतिहास रच दिया है। पिछले साल 50 रुपये किलो में मारा-मारा फिरने वाला लहसुन इस बार साढ़े छह सौ से सात सौ तक पहुंच गया है।

बताया जा रहा है कि देश की प्रमुख लहसुन मंडी मध्यप्रदेश के नीमच, मंदसौर और राजस्थान के कोटा में इस बार बारिश से लहसुन खराब होने से आपूर्ति घटी है और दाम बढ़ गए हैं। मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष शुजाउर रहमान के मुताबिक करीब दस दिन पहले थोक मंडी में लहसुन साढ़े तीन सौ से चार सौ तक के रेट में बिक रहा था जो अब करीब पांच सौ रुपये तक पहुंच गया है। फुटकर बाजार में रेट साढ़े छह से सात सौ तक है। इन दिनों लहसुन की दो-तीन गाड़ी ही मंडी में आ रही हैं। पहले सात से आठ गाड़ी पहुंचती थी।

**दो महीने में पांच गुना बढ़ा भाव**

दो महीने में लहसुन का भाव पांच गुना से ज्यादा बढ़ा है। दिसंबर में भाव 150 रुपये किलो था। कुतुबखाना मंडी में लहसुन के थोक कारोबारी बबलू के मुताबिक दक्षिण भारत में लहसुन की पैदावार अधिकतर हिस्सा निर्यात होने से भाव बढ़ा है। उत्तर भारत में लहसुन की खुदाई अप्रैल में होती है।

## एक नजर

### मणिपुर में चार दिन पहले लापता हुआ ग्राम स्वयंसेवी मृत मिला

इंफाल, 11 फरवरी (भाषा) मणिपुर के कांगपोकपी जिले के मोल्हाम कुकी गांव से चार दिन पहले लापता हुआ 35 वर्षीय ग्राम स्वयंसेवक रविवार को मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोलियों से छलनी निंगथौउजाम मणिसना का शव सुरक्षा बलों और स्थानीय ग्रामीणों के तलाश अभियान के दौरान रविवार सुबह मिला। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सात फरवरी को प्रतिद्वंद्वी समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के हमले से पूर्वी इंफाल जिले के मोइरांगपुरेल इलाके की रक्षा के दौरान मणिसना लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### नवी मुंबई में रह रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**ठाणे।** पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में नवी मुंबई शहर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। साइबर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों कि उम्र 24 वर्ष है, जिन्हें शुक्रवार को पनवेल के नादवे में खिदुकपाड़ा गांव से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि एटीएस के एक दस्ते ने खिदुकपाड़ा इलाके के निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को एक चॉल में रहते हुए पाया। पूछताछ के दौरान कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

# लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन: मोदी

## मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री बोले-लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 की संख्या पार करेगी

झाबुआ, (मप्र) एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी है और केवल चुनाव के समय ही गांव, किसान और गरीब याद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी फूट डालने की अपनी आखिरी



झाबुआ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन के दौरान आदिवासी लाभार्थियों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

रणनीति का सहारा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा-कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो भाषा, क्षेत्र और जाति के आधार पर (समाज में) बांटने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने ही पापों के दलदल में फंस चुकी है वह जितना निकलने की कोशिश करेगी उतना फंसेगी। उन्होंने कहा कि 2023 (विधानसभा चुनाव) में कांग्रेस की छुट्टी हो गई और आगामी लोकसभा चुनाव में इसका पूरा सफाया होना तय है।

### भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग

**टंकारा (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग है। मोदी ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के मोरबी जिले में उनके जन्मस्थल टंकारा में आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने समाज सुधारक दयानंद सरस्वती की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने उस समय भारतीय समाज से वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया था जब लोग गुलामी में जकड़े हुए थे।

# राकांपा को छीनकर दूसरों को दे दिया

पुणे,एजेंसी

वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने का निर्वाचन आयोग का फैसला मुझे हैरान करने वाला है।

पवार ने कहा कि लोगों के लिए कार्यक्रम और विचारधारा अहम है जबकि किसी चुनाव चिह्न की उपयोगिता एक सीमित समय के लिए होती है। दरअसल निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है और आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि लोग निर्वाचन आयोग के फैसले का समर्थन

▶▶ वरिष्ठ नेता शरद पवार ने निर्वाचन आयोग के फैसले पर जताई हैरानी



नहीं करेंगे। इसके खिलाफ हमने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।'' पवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और उसने (आयोग ने) इसे दूसरों को दे दिया। पवार ने कांग्रेस से अलग होने के बाद 1999 में राकांपा की स्थापना की थी। उन्होंने कहा-निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और आगे बढ़ाया। देश में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रह चुके पवार ने कहा कि उन्होंने अपना पहला चुनाव 'बैलों की जोड़ी' चुनाव चिह्न पर लड़ा था। उन्होंने कहा, ''कार्यक्रम और विचारधारा किसी भी चुनाव चिह्न से ज्यादा अहम है।

### किसी भाजपा नेता को ईडी का सामना नहीं करना पड़ा : शरद पवार

वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से पार्टी के किसी भी नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा है। निर्वाचन आयोग द्वारा हाल में उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को 'मूल' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के रूप में मान्यता देने और पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित करने पर शरद पवार ने कहा कि देश में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आने से एक जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आकर एक जवान घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नेलसनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुमरीपालनार कैम्प से जवान एरिया डोमिनेशन और डी-माइनिंग के लिए निकले थे। तभी सुबह 9 बजे के आसपास डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य नक्सलियों के द्वारा लगाए गए बम की चपेट में आने से सीएएफ जवान पुनीत नेताम घायल हो गया। घायल जवान को पैर और पीठ पार चोट आई है। घायल जवान का प्राथमिक उपचार नेलसनार अस्पताल में किया गया।

## भाजपा डरी हुई है, हमें बदनाम कर खत्म करना चाहती

तरन तारन (पंजाब), एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनकी पार्टी से डरी हुई है और उसे बदनाम कर खत्म करना चाहती है।

एक निजी कंपनी से बिजली संयंत्र को पंजाब सरकार द्वारा अधिग्रहीत करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 'आप' शासित पंजाब के करीब आठ हजार करोड़ रुपये रोक कर रखे हैं। उन्होंने ने कहा-आज भाजपा केवल एक पार्टी से डरती है और वह 'आप' है। 'आप' ने पिछले 10 साल में देश में तेजी अपना दायरा बढ़ाया है। आप 10 साल का बच्चा है। यह छोटी सी पार्टी उसे (भाजपा को) चैन से सोने नहीं दे रही है।



▶▶ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लगाया आरोप

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शाह को गारंटी योजनाओं पर खुली बहस की चुनौती दी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य की यात्रा पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली बहस की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि वह यह साबित कर सकते हैं कि गारंटी योजनाओं की वजह से राज्य का खजाना खाली नहीं हुआ है। आज सुबह मैसुरु पहुंचे शाह चामुंडेश्वरी मंदिर गए और आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा के लिए राज्य भाजपा के नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेने से पहले एक मेले में शिरकत की। सिद्धारमैया ने गारंटी योजनाओं के कारण राज्य सरकार का खजाना खाली होने के शाह के कथित दावे पर पलटवार किया है।

# पाला बदलने से इंडिया पर असर नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली/रायगढ़, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कुछ घटक दलों के पाला बदलकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ''मजबूत'' है और इसकी सामूहिक ताकत से चिंतित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक परिदृश्य में ''उन्मत्त बदलाव'' लाने की कोशिश कर रही है।

पायलट ने साक्षात्कार में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि उनके (बनर्जी के) साथ

▶▶ सचिन पायलट बोले-ममता अब भी गठबंधन का हिस्सा



सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान आगे का कोई रास्ता निकलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वयं को 370 सीट और राजग को 400 से अधिक सीट मिलने का दावा कर रही है, जो जमीनी स्तर पर व्यावहारिक आकलन के बजाय डींग हांकने वाला बयान और शब्दाडम्बर है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' छत्तीसगढ़ से गुजर रही है। ऐसे में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रभारी महासचिव ने इन बातों को खारिज कर दिया कि यह यात्रा पार्टी की चुनावी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

पायलट ने कहा-जैसा कि हम बता रहे हैं, हम विभिन्न राज्यों में अपने ज्यादातर सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। यात्रा जारी है और अन्य चीजें एआईसीसी नेतृत्व और राज्य प्रभारी संभाल रहे हैं। इन सभी बैठकों और बातचीत पर कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) खुद नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा- हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हम एकजुट होकर लड़ें। हां, कुछ लोगों ने हमारा इंडिया गठबंधन छोड़ दिया है।

### किसानों के रास्ते में कीलें बिछाना अमृत काल है या अन्याय काल: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसानों के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले राष्ट्रीय राजधानी की सीमा के पास कुछ स्थानों पर अवरोधक और सड़कों पर कीलें लगाने की खबरों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव ने किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और कई अवरोधक लगे होने का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए सवाल किया कि किसानों के साथ यह अमृत काल है या अन्याय काल है। एक अधिकारी ने यहां कहा कि 13 फरवरी को किसानों के मार्च के मद्देनजर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

# भाजपा-आरएसएस नफरत फैला रहे हैं : राहुल

रायगढ़, एजेसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई।

रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी- भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। कांग्रेस सांसद ने दावा किया-वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग



रायगढ़ : कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को छत्तीसगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महिला से हाथ मिलाते हुए। ● एजेंसी

▶▶ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप

कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी भाषा के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे। गांधी ने आरोप लगाया-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। इस देश में अलग-अलग धर्म और भिन्न विचार रखने वाले लोग शांति और सौहार्द से रहते हैं। उन्होंने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। गांधी ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में गृहयुद्ध चल रहा है और केंद्र सरकार इस पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा-जब मैं वहां (मणिपुर) गया, तो मेइती समुदाय के लोगों ने मुझसे कुकी सुरक्षाकर्मियों को न लाने के लिए कहा, जबकि कुकी ने मेइती सुरक्षाकर्मियों के लिए भी यही बात कही। उनके वाहन पर चढ़ने वाले बच्चों को टॉफी देते हुए, गांधी ने एक लड़की से पूछा कि क्या वह न्याय चाहती है या अन्याय। इस पर लड़की ने जवाब दिया, न्याय।



## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 65-86 मसूरी 45-68 1121 बासमती 102-110, **दाल दलहन**-काला चना- 67-97 साबुत चना दाल- 74-77 मूंग साबुत 94-108 राजमा 102-112 दाल उड़द 100-130 साबुत मसूर दाल 72-75 मसूर दाल 72-110 उड़द साबुत 107-115 काबुली चना 130-157 अरहर दाल 130-168 लोबिया/करमानी 86-109 सोयाबीन 50-70 मूंगफली- 110-120 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 25 रुपये।

## एक नजर

### एलआईसी को 25,464 करोड़ का आयकर रिफंड मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम को 25,464 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड ऑर्डर मिला है और इसे चालू तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के दौरान प्राप्त होने की संभावना है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने यह जानकारी दी। पिछले महीने आयकर विभाग के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने 25,464 .46 करोड़ रुपये के रिफंड के लिए सूचना जारी की थी।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 .74 अरब डॉलर बढ़कर 622 .5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59 .1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616 .7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार, 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5 .2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 551 .3 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60 .8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .1 अरब डॉलर हो गया।

# 4 कंपनियों का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ बढ़ा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी, एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई।

इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 2,18,598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल,



हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,06,631.39 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 490.14 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,637.38 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का शेयर सोमवार को लगभग छह प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 1,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान एसबीआई की बाजार हैसियत 65,908.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 61,435.47 करोड़ रुपये बढ़कर 15,12,743.31 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 5,108.09 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 19,77,136.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस के शेयर में मंगलवार को चार प्रतिशत का उछाल आया, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

### उच्चस्तर पर पहुंचा लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड में निवेश

निवेशकों ने जनवरी में लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड (बड़े शेयरों में निवेश वाले कोष) में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह 19 माह में निवेश का उच्चस्तर है। छोटी और मझोली कंपनियों के कोषों में तेजी ने उनके मुनाफावसूली के लिए प्रेरित किया है और लॉर्ज-कैप में उनका निवेश बढ़ा है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में उन्होंने लार्ज-कैप फंड से 281 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। निवेश का मौजूदा स्तर पिछले साल जनवरी के 716 करोड़ रुपये के आंकड़े से 80 प्रतिशत अधिक है। इस ताजा प्रवाह के बाद बड़े शेयरों में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार जनवरी में 26 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2 .38 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, लार्ज-कैप पर केंद्रित इक्विटी म्यूचुअल फंड को जनवरी में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ। यह जुलाई, 2022 के 2,052 करोड़ रुपये के बाद का उच्चतम स्तर है।

### भारत ने कतर के साथ किया सबसे बड़ा गैस आयात का सौदा

**नई दिल्ली।** पेट्रोनेट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। इससे भारत को स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने यह बात कही है।

पेट्रोनेट के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि मूल 25-वर्षीय समझौते पर 1999 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें आपूर्ति 2004 में शुरू हुई थी। तब से कतर ने कभी एक भी खेप में चूक नहीं की है और न ही उसने दाम काफी ऊंचे होने के दौरान भारतीय कंपनी द्वारा आपूर्ति नहीं लेने की वजह से 'खरीदों या भुगतान करो' प्रावधान के तहत कोई जुर्माना लगाया है।

## एफपीआई ने अब तक बॉन्ड बाजार में 15,000 करोड़ रुपये डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने और व्यापक रूप से अर्थव्यवस्था के स्थिर परिदृश्य के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

इससे पहले एफपीआई ने जनवरी में बॉन्ड बाजार में 19,836 करोड़ रुपये डाले थे, जो छह साल से अधिक समय का सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। इससे पहले जून, 2017 में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयरों से 3,000 करोड़ रुपये



से अधिक निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-भारतीय शेयर बाजार का ऊंचा मूल्यांकन मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि शेयरों से निकासी की मुख्य वजह घरेलू के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता है।

### बायोगैस एसोसिएशन का सीबीजी संयंत्रों के लिए निवेश का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में 1.2 करोड़ टन की कमी सुनिश्चित करने के लिए संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को बायोमास आपूर्ति के लिए जरूरी मशीनरी और उपकरणों के लिए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश की सिफारिश की है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा-धान के भूसे जैसे कृषि अवशेषों को जलाने के बजाय इनका जैव ऊर्जा उत्पादन और मिट्टी संवर्धन के लिए उपयोग करने से दोहरा लाभ मिलता है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 के संशोधित अनुमानों के 80 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा-प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी, 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपये है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.60 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल संशोधित अनुमान का 80.23 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2023 से 10 फरवरी, 2024 के दौरान 2.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। इस दौरान कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) के सकल राजस्व संग्रह में भी लगातार वृद्धि देखी गई।

### पेरू के साथ एफटीए के तहत सोने पर शुल्क रियायत प्रमुख चिंता

**नई दिल्ली।** पेरू के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत सोने पर शुल्क छूट भारत के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दा है। भारत के पेरू से कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में सोने पर 10 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क लगता है और मामूली शुल्क रियायतों से भी आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत और पेरू परस्पर व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

## पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही है। पीपीएसएल ने नवंबर 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। आरबीआई ने हालांकि नवंबर

▶▶ आरबीआई ने पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया



2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया और कंपनी को इसे फिर से जमा करने के लिए कहा, ताकि एफडीआई नियमों के तहत प्रेस नोट तीन का अनुपालन किया जा सके।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) में चीनी फर्म एंट ग्रुप कंपनी का निवेश है। इसके बाद, कंपनी ने एफडीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित प्रेस नोट तीन का अनुपालन करने के लिए ओसीएल से कंपनी में पिछले निवेश के लिए भारत सरकार के साथ 14 दिसंबर, 2022 को आवश्यक आवेदन दायर किया। सूत्रों ने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समिति पीपीएसएल में चीन से निवेश की जांच कर रही है और उचित विचार तथा व्यापक जांच के बाद एफडीआई मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। प्रेस नोट तीन के तहत, सरकार ने भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से किसी भी क्षेत्र में विदेशी निवेश से पहले उसकी मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था।

## बुमराह की प्रशंसा में अश्विन ने कहा- बूमबॉल अद्भुत

### क्रिकेट के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बुमराह की बड़ी उपलब्धि



चेन्नई, एजेंसी

**9 विकेट लेकर टेस्ट में पहुंचे शीर्ष पर, इससे पहले वनडे और टी-20 में भी बनाया था स्थान**

भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी 'बूमबॉल' ने कमाल कर दिया और इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। बुमराह के गेंद से शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 106 रन की जीत से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की पहली पारी में 'रिवर्स स्विंग' से बेहतरीन प्रदर्शन किया और 45 रन देकर छह विकेट झटके। इसके बाद दूसरी पारी में तीन विकेट से मैच में 91 रन देकर कुल 9 विकेट प्राप्त किए। इस प्रदर्शन की बदौलत बुमराह टेस्ट रैंकिंग सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बने। बुमराह

**इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग से बेहतरीन प्रदर्शन कर 45 रन देकर 6 विकेट झटके थे**

ने इससे पहले वनडे और टी20 में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सबसे शानदार प्रदर्शन 'बूमबॉल' था। बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की। वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने कहा कि दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खिलाड़ियों में जो उत्साह और ऊर्जा थी, उससे भारत को मनोवैज्ञानिक नतीजा हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम चौथे दिन बराबरी पर थे, लेकिन टीम के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह, ऊर्जा और प्रदर्शन से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद मिली। 5 मैच की श्रृंखला हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जा रही है। अश्विन ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने इन स्थानों पर टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है।

## मैक्सवेल के शतक से ऑस्ट्रेलिया जीती

एडीलेड, एजेंसी



वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बनाई बढ़त

आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे 20-20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। मैक्सवेल ने 55 गेंद पर 8 छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक है, जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले 7 ओवर में 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (63 रन) और आंद्रे रसेल (37 रन) ने उम्मीद जगाई, लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर 3 और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर 2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर भी 6.4 ओवर के बाद 3 विकेट पर 64 रन था। मैक्सवेल ने स्टोइनिस (16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े। आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ा जो ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने द. अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा।

## खेल डायरी

### नागल और रामकुमार बेंगलुरु ओपन के पहले दौर में फ्रांस के प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगे



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के पुरुष एकल मुख्य ड्रा में ज्योफ्रे ब्लांकानॉक्स से भिड़ेंगे जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रामकुमार रामनाथन का सामना मैक्सिम जानवियर से होगा। विश्व रैंकिंग में 121वें स्थान पर काबिज नागल फ्रांस के ब्लांकानॉक्स को तीन बार हरा चुके हैं, जिसमें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर में उन्हें पराजित करना भी शामिल है। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रामकुमार का फ्रांस के जानवियर के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 1–1 की बराबरी का है और अगर वह पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो उनके इटली के शीर्ष वरीय लुका नार्डी से भिड़ने की उम्मीद है जिन्हें पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ना है। आस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को तीसरी वरीयता मिली है और वह अपने अभियान की शुरुआत भारतीय वाइल्ड कार्डधारी प्रज्वल देव के सामने होंगे। युगल के मुख्य ड्रा में नौ भारतीय हैं। एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमान का सामना जर्मनी के मार्क वॉल्नर और जैकब श्नेटर से होगा।

### मेस्सी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद

**हांगकांग, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने से स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेस्सी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था।

### करण-मुकुंद बेंगलुरु ओपन के क्वालीफायर में हारे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेंगलुरु ओपन में दिन मुश्किल भरा रहा, जिसमें पांच घरेलू खिलाड़ी पुरुष एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले करण सिंह को पहले दौर में डान एडिड से हार मिली जबकि शशिकुमार मुकुंद इटली के एस विन्सेंट रूगेरी से पराजित हो गए। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी यूक्रेन के एरिक वाशेलबोइम से हार गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा और आदिल कल्याणपुर भी बाहर हो गए। पूनाचा को आस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टॉमिच से हार मिली। आदिल को कोरिया के आठवें वरीय युन सियोंग चुंग से शिकस्त मिली।

### तेजस्विन ने शुरुआती प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट–ऑप–डेन–बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए। शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। शंकर अब 20 फरवरी को चेक गणराज्य में होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।




## अंडर-19 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता, भारत को 79 रन से हराया

### चौथी बार बना विजेता, 253 रन का लक्ष्य, भारतीय टीम 174 पर सिमटी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को खेले गए फाइनल मैच में 79 रन से जीत दर्ज करके चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम इसके जवाब में 43.5 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से हरजस सिंह (55 रन), हैरी डिक्सन (42), कप्तान ह्यू वीबगेन (48) और ओलिवर पीक (नाबाद 46) ने योगदान दिया। भारत के तेज गेंदबाज राज लिंबानी ने 3 विकेट जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 2 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाज परिस्थितियों से सामंजस्य नहीं बिठा पाए। भारत के केवल 4 बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिसमें सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाज मुरूगन अभिषेक (42) भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज माहलि बीयर्डमैन ने 3 विकेट जबकि कैलम विडलर ने 2 विकेट लिए। ऑफ स्पिनर रैफ मैकमिलन ने 3 विकेट लेकर अच्छा योगदान दिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज अर्शीन कुलकर्णी (3) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कैलम विडलर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दिया। मुशीर खान (22 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। माहलि बीयर्डमैन की गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकटों में समा गई। आदर्श ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमी फाइनल में जीत के नायक रहे कप्तान उदय सहारन (8) और सचिन धास (9) दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए जबकि प्रियांशु मोलिया (9) और विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेल्ली अवनीश (0) ने भी निराश किया जिससे भारत का स्कोर 6 विकेट पर 91 रन हो गया। बीयर्डमैन ने आदर्श को विकेट के पीछे कैच कराकर उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया और भारत की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। मुरुगन और नमन तिवारी (नाबाद 14) नौवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इससे पहले लिंबानी ने सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास (0) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को शुरू में झटका दिया। डिक्सन और वीबगेन ने दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। डिक्सन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी पर दो चौके और एक छक्का लगाया। डिक्सन और वीबगेन को लगातार ओवरों में आउट किया। वीबगेन ने प्वाइंट पर मुशीर खान को कैच दिया जबकि डिक्सन का कैच अभिषेक मुरूगन ने लपका।

## अजित के 5 विकेट के बावजूद कर्नाटक का पलड़ा भारी

**रणजी ट्राफी ग्रुप सी**

चेन्नई, एजेंसी

बाएं हाथ के स्पिनर अजित राम के पांच विकेट की बदौलत तमिलनाडु ने रविवार को यहां कर्नाटक को दूसरी पारी में 139 रन पर आउट कर दिया, लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के इस मैच में अपना पलड़ा भारी रखा।

राम ने 61 रन देकर 5 और साइ किशोर में 27 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, जिससे कर्नाटक की टीम 56.4 ओवर में आउट हो गई। उसने तमिलनाडु के सामने 355 रन का लक्ष्य रखा। कर्नाटक के 366 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में केवल 151 रन बनाने वाले तमिलनाडु में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 36 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 319 रन पीछे है। उधर मोहाली में मेजबान पंजाब पर हार का खतरा मंडरा रहा है। उसने गुजरात के खिलाफ 411 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 4 विकेट पर 40 रन बनाए हैं। चंडीगढ़ में खेले जा रहे ग्रुप-सी के मैच में त्रिपुरा ने मणिसंकर मुरासिंघ (94), गणेश सतीश (88), कप्तान रिद्धिमान साहा (66) और बिमरनजीत देबनाथ (64) के अर्धशतकों की मदद से चंडीगढ़ के 356 रन की जवाब में पहली पारी में 438 रन बनाए। चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 116 रन बनाए हैं। शिवम भांबरी 61 और अर्सलान खान 49 रन पर खेल रहे हैं। सूरत में गोवा ने रेलवे के खिलाफ 306 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 1 विकेट पर 93 रन बनाए हैं। उसकी टीम लक्ष्य से अभी 213 रन पीछे है।



चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रणजी मैच के दौरान शॉट लगाता बल्लेबाज।

## अफीफ की हैट्रिक से कतर ने जीता खिताब



**एशियाई कप**

**लुसैल (कतर), एजेंसी।** कतर ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत शनिवार को जोर्डन को 3–1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और 8 गोल से शीर्ष स्कोररर अफीफ ने शनिवार को लुसेल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था, जिसमें लियोनल मेस्सी और किलियान एमबापे ने इसे रोमांचक बना दिया था। लेकिन शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया। अफीफ ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और 'स्टॉपेज टाइम' (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।

## भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से बाहर इंग्लैंड के स्पिनर लीच

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से भारत के खिलाफ बचे तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ये घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी, जिससे वह विशाखापत्तनम के टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ईसीबी ने कहा कि वह 24 घंटे में अबुधाबी से घर रवाना होंगे, जहां इंग्लैंड की टीम राजकोट में होने वाले टेस्ट से पहले रुकी है।

## बॉलीवुड हलचल

### शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं। सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है।मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300–350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं।

### वैलेंटाइन वीक पर 22 रोमांटिक फिल्में हुई री- रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** वैलेंटाइन वीक के अवसर पर 22 रोमांटिक फिल्में री– रिलीज की गई हैं। पीवीआर आईनॉक्स ने वेलेंटाइन वीक के अवसर पर कई रोमांटिक फिल्मों को री– रिलीज किया है। इन फिल्मों की लिस्ट में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'ये जवानी है दीवानी' 'जब वी मेट', 'मोहब्बतें', 'वीर जारा', 'प्यार का पंचनामा', 'दिल तो पागल है' और 'तू झूठी मैं मक्कार' समेत 22 फिल्में शामिल है। ये फिल्में मुंबई, दिल्ली और गोवा सहित 62 शहरों में री–रिलीज हुई हैं।

### 9 अरब कमाकर भी शांत नहीं होना वाला है 'एनिमल'



'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले रणबीर कपूर आगे कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। दिसंबर 2023 में 'एनिमल' के जरिए रणबीर कपूर ने इतिहास रच दिया। रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म का दबदबा रहा और दुनियाभर में इस फिल्म ने 915 करोड़ यानी 9 अरब का कारोबार किया और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो गई। ये मामला यहीं पर रुकने वाला नहीं है। एनिमल के बाद रणबीर के खाते में और भी कई ऐसी फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रखने का दम रखती हैं। **निमल पार्क :** एनिमल के साथ ही मेकर्स ने ये भी ऐलान कर दिया था कि इसका सीक्वल आएगा, जिसे 'एनिमल पार्क' के नाम से रिलीज किया जाएगा। 'एनिमल' के आखिरी सीन को देखकर इस बात का अंदाजा लग गया था कि दूसरे पार्ट में और भी ज्यादा खून खराबा होने वाला है। 'एनिमल' की दमदार कमाई देखकर ये अनुमान लगाया जा सकता है कि 'एनिमल पार्क' भी बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख सकती है। **ब्रह्मास्त्र 2 :** रणबीर की अपकमिंग फिल्मों में 'ब्रह्मास्त्र 2' भी है। 2022 में इसका पहला पार्ट आया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। **रामायण :** इस लिस्ट में नितेश तिवेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने जा रही 'रामायण' भी है। **लव एंड वॉर :** इस फिल्म को संजय लीला भंसाली बना रहे हैं। इसमें रणबीर के साथ उनकी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। साथ ही विक्की कौशल भी इस फिल्म में लीड रोल में हैं। यानी इस फिल्म में ये तीनों बड़े सितारे एक साथ दिखेंगे। ऐसे में हो सकता है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दे। पिछले कुछ समय से एक फिल्म की और चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि उस फिल्म को राजकुमार हिरानी बनाएंगे और रणबीर उसमें लीड रोल में होंगे। हालांकि अभी तक ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं है।

### रामचरण को लेकर फिल्म बनाएंगे संजय लीला भंसाली



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में रामचरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले रामचरण से संपर्क किया है। रामचरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था।

### दबंगी - मुलगी आई रे आई' में लीप के बाद रचना मिस्त्री ने ली आर्या की जगह



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिलचस्प कहानी, 'दबंगी – मुलगी आई रे आई' में 14 फरवरी से 14 साल का लीप देखने को मिलेगा, जिसमें आर्या अपने बाबा अंकुश और अपनी आई छाया की मौत का बदला लेने के लिए वापस लौटेगी। जैसे–जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक 14 साल का लीप देखेंगे, जो आर्या के प्रतिशोध से भरी कहानी को एक नई दिशा देगी। लीप के बाद बड़ी हो चुकी आर्या की भूमिका में प्रतिभाशाली अभिनेत्री रचना मिस्त्री कदम रखेंगी। ऐरा के वेश में और न्याय की चाहत से प्रेरित, आर्या, अभी भी अपनी दबंगी वाला हौसला रखती है, लेकिन नई परिपक्वता के साथ, अपनी आई, छाया और बाबा अंकुश की हत्याओं का प्रतिशोध चाहती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# मुर्मू ने गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को सौंपी जिम्मेदारी



राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड बटालियन के साथ मौजूद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में तैनात सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के औपचारिक बदलाव समारोह में शामिल हुईं।

समारोह के दौरान, सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन ने औपचारिक आर्मी गार्ड बटालियन के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। उन्होंने अब 5वीं गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को कार्यभार सौंप दिया।बता दें कि सेना की विभिन्न पैदल इकाइयां बारी-बारी से राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में काम करती हैं। आर्मी गार्ड बटालियन राष्ट्रपति भवन में औपचारिक गार्ड कर्तव्यों का पालन करने के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों गणतंत्र दिवस परेड, स्वतंत्रता दिवस परेड और बीटिंग द रिट्रीट समारोह में भी शामिल होती है। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की।

# आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है आईएमएफः जार्जीवा

**दुबई।** युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है।

दुबई में आयोजित वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट को संबोधित करते हुए आइएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा ने कहा कि संगठन एक रिसर्च पेपर प्रकाशित करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि किस तरह ऊर्जा सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से खत्म करके पश्चिम एशिया 336 अरब डालर की बचत कर सकता है। यह रकम इराक और लीबिया की संयुक्त अर्थव्यवस्था के बराबर है। ऐसा करने से आर्थिक बचत ही नहीं होगी बल्कि प्रदूषण से निपटने में मदद मिलेगी और देश सामाजिक सरोकारों पर और ज्यादा खर्च कर सकेंगे।

## कई राज्यों में सुरक्षा के लिए लागू की जा रही हाई सिक्योरिटी

# नंबर प्लेट, हो रही अनिवार्य

*देश के कई राज्यों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य हो रही है। इस प्लेट के कई फायदे हैं। कई लोग अभी भी इनको कार पर लगाने में संकोच करते हैं। जबकि यह सुरक्षा की दृष्टि से लागू की जा रही है। जानते हैं इस प्लेट के बारे में...*

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

इन प्लेट्स को एल्युमिनियम से बनाया जाता है। जिनपर एक होलोग्राम लगा होता है जो क्रोमियम आधारित होता है। होलोग्राम के अंदर वाहन की पूरी जानकारी होती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सुरक्षा के लिए यूनिक लेजर कोड भी प्रिंट होता है। हर वाहन के लिए अलग कोड दिया जाता है। इसे आसानी से हटाया नहीं जा सकता। नए वाहनों के अलावा पुराने वाहनों पर भी इसे लगाना जरूरी है। अगर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो ऐसे में कार में लगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहन के मालिक सहित सभी जानकारी मिल जाती है। इससे कार सवार घायलों के परिजनों तक जानकारी भेजी जा सकती है।







**क्या है खासियत**-सबसे बड़ी खासियत होती है कि अगर ये एक बार टूट जाए तो फिर इसे जोड़ा नहीं जा सकता। कोई भी इसे कॉपी कर नकली प्लेट नहीं बना सकता। इसी कारण वाहन की सुरक्षा बढ़ जाती है। प्लेट के चोरी होने या दूसरे वाहन में दुरुपयोग होने की आशंका कम होती है।

**अनिवार्य है प्लेट लगाना**- सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के तहत वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन पाए जाने पर विभिन्न राज्यों में 1000 से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना है। इस लगवाने के लिए स्टेट ट्रांसपोर्ट की साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कैसे बनवाएं**

- सरकार द्वारा अधिकृत पंजीकरण पोर्टल Bookmyhsrp.com पर जाएं
- सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, संपर्क सूत्र,ऑप्शन आदि भरें।
- यदि वाहन निजी उपयोग के लिए है, तो स्क्रीन पर प्रदर्शित वाहन श्रेणी विकल्प के तहत 'non-transport' पर क्लिक करें।
- इस फॉर्म को सबमिट करें आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- भुगतान करने के लिए दिए गए यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। इसके साथ ही आपको एक रसीद भी मिल जाएगी
- जैसे ही आपके वाहन का एचएसआरपी नंबर तैयार हो जाएगा, आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर इसकी सूचना प्राप्त होगी।
- इस प्रक्रिया के कुछ समय बाद नंबर प्लेट आ जाएगा और आप इसे अपने वाहन में लगवा सकेंगे।

## एक नजर

### मेघालयः वैद्यनाथन ने हाई कोर्ट के मुख्य जज के रूप में ली शपथ

**शिलांग।** न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन ने रविवार को मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति वैद्यनाथन को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी का स्थान लेंगे। बनर्जी पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। न्यायमूर्ति वैद्यनाथन अक्टूबर 2013 से मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहें है।

### मुझसे गलती हो गई...कहकर हंगरी के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा



**बुडापेस्ट।** हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैटलिन नोवाक ने शनिवार को इस्तीफे का एलान किया। दरअसल, उन्होंने एक ऐसे शख्स को माफ कर दिया, जिसने 2022 में अपने बॉस द्वारा नाबालिगों के यौन शोषण की बात छिपाई थी। इसके बाद पूर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और कैटलिन नोवाक को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। नोवाक ने शनिवार को कहा, "राज्य के प्रमुख के रूप में, मैं आज आखिरी बार आपको संबोधित कर रही हूं। मैं राष्ट्रपति के कार्यालय से इस्तीफा दे रही हूं। जिन पीड़ितों को लगा होगा कि मैं उनके लिए खड़ी नहीं हो रही हूं। मैं बच्चों और परिवारों के साथ थी, हूं और हमेशा रहूंगी।

### अमेरिकाः हेलीकॉप्टर दुर्घटना में नाइजीरिया बैंक के सीईओ की मौत

**कैलिफोर्निया।** दक्षिण कैलिफोर्निया के मोहावी मरुस्थल में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में नाइजीरिया के सबसे बड़े बैंकों में से एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर शुक्रवार रात 10 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ और सवार छह लोगों में एक्सेस बैंक के सीईओ हर्बर्ट विग्वे भी शामिल थे। नाइजीरिया के पूर्व वित्त मंत्री नगोजी अकोंजो-इवेला ने इन मौत की पुष्टि की है। इवेला अब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक हैं।

### ब्रिटेन में भारतवंशी युवक ने पत्नी की हत्या का जुर्म कबूला

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक आवास पर पिछले साल अपनी पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है। महक शर्मा (19) की 29 अक्टूबर की शाम हत्या करने के संदेह में साहिल शर्मा (24) को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया था। शर्मा को किंगस्टन क्राउन कोर्ट में गुरुवार को पेश किया गया, जहां उसने महक की हत्या का जुर्म कबूला। अदालत अब इस मामले में 26 अप्रैल को सजा सुनाएगी। जांच निरीक्षक ने बताया, साहिल शर्मा के कृत्य ने एक परिवार को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तानः गौहर ने कहा- पीटीआई को सरकार बनाने का न्योता देंगे राष्ट्रपति

# नवाज की रणनीति को सेना का समर्थन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान को त्रिशंकु संसद का सामना करना पड़ा है। इस बीच राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए, जब यह स्पष्ट हो गया कि आम चुनाव के बाद देश में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। पाकिस्तान में आम चुनाव गुरुवार को हुए थे, लेकिन नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण माहौल खराब हो गया। कई पार्टियों ने तो हंगामा कर दिया और कुछ ने विरोध प्रदर्शन भी किया।



बता दें, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने नवाज शरीफ के गठबंधन सरकार बनाने के आग्रह का समर्थन किया। वहीं, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक-काकड़ ने भी गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद जताई है। दूसरी तरफ पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने कहा कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी उनकी पार्टी को सरकार बनाने के लिए निमंत्रण देंगे, क्योंकि उन्होंने नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लिया है। नवाज ने को अपने प्रतिद्वंद्वियों से गठबंधन सरकार बनाने की अपील की थी। सेना के समर्थन के बाद माना जा रहा है कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी (पीएम-एल-एन) गठबंधन सरकार बनाने में कामयाब हो जाएगी।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं और विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीटें मिलीं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटी पार्टियों ने जीत हासिल की।



### चुनाव के नतीजों को चुनौती वाली कई याचिकाएं दायर

पाकिस्तान की अदालतों में याचिकाओं की बाढ़ आ गई है, क्योंकि पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। अधिकांश याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गईं, इमरान समर्थित उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। तीन याचिकाएं सिंध हाई कोर्ट में दायर की हैं। निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की।

### राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत, सात घायल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में रविवार को दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लरकाना जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के कार्यकर्ताओं के बीच बहस से शुरू हुई झड़प देखते ही देखते सशस्त्र संघर्ष में तब्दील हो गयी। दोनों दलों के बीच झड़प में गोलीबारी भी हुई, जिसमें दोनों दलों के कार्यकर्ता और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी हताहत हुए। सूत्रों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसमें एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गये और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।

# ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करें रजिस्ट्री विभागः शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री विभाग को कहा है कि वे ट्रायल कोर्ट को 'निचली अदालत' कहना बंद करें। निर्देश में ये भी कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'इस अदालत की रजिस्ट्री द्वारा ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना गलत है। साथ ही ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। रजिस्ट्रार इस आदेश पर नोटिस लें।' याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी की मांग की थी और 6 फरवरी को सुनवाई की। अब 8 फरवरी को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उक्त बात कही।

# हूती हमलों के बीच क्षेत्र में बड़ी शक्ति बनकर उभरा भारत

दुबई, एजेंसी

पिछले दो माह से भारत और भारतीय नौसेना लाल सागर और अरब सागर सहित इस पूरे समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। भारतीय नौसेना ने दिसंबर से लेकर अब तक 17 जहाजों को समुद्री लुटेरों से से बचाया है। पिछले कुछ सप्ताह भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमित्रा ने 36 घंटे में 2 जहाजों को सोमालियाई लुटेरों से बचाया। भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पास बुरी चीजें होती रहें, तो हम यह नहीं कह सकते हैं कि इससे हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।

22 नवंबर 2023 को हूती विद्रोहियों ने कार्गोशिप गैलेक्सी लीडर को निशाना बनाया था। हूतियों ने वजह बताई- गाजा में इजराइली हमले। हूतियों के हमले बढ़ने के साथ दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग स्वेज-लाल सागर मार्ग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अमेरिकी टास्क फोर्स में रहने की बजाय भारत ने अलग मोर्चा संभाला लाल सागर में होने वाले हूती हमले के बीच अमेरिकी नेतृत्व वाले 20 देशों के टास्क फोर्स ने ऑपरेशन प्रोस्पेरिटी गार्डियन' शुरू किया।

**2** महीने में भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों के 17 हमले रोके



### अल-शबाब ने ली मोगादिशू में हमले की जिम्मेदारी

**दुबई।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशू स्थित सैन्य अड्डे पर शनिवार को किए गए हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली है। हमले में सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे तीन अमीराती सैनिकों व बहरीन के अधिकारी की मौत हो गई थी। हालांकि, रविवार को मरने वाले सैनिकों की संख्या पुष्टि नहीं हो सकी थी। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने सैनिकों की मौत पर यूएई के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की थी।

## शेषनाग झील जमी...





**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर, शिमला समेत दूसरे शहरों में पारा शून्य के नीचे चल रहा है। यह तस्वीर अमरनाथ गुफा के तीर्थ मार्ग पर स्थित शेषनाग झील की है। वहां बर्फबारी के चलते वादियां बर्फ से ढकी हैं। पारा माइनस 18 डिग्री सेल्यियस चल रहा है। इस कारण शेषनाग झील जम चुकी है। झील को प्राचीन काल से ही पवित्र माना जाता है। समुद्र तल से 11,870 फीट ऊंचाई पर मौजूद ये झील ये पहलगाम से 10 किमी दूर है। ● एजेंसी

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बिहार के वोट पाने की सियासतः उद्धव

मुंबई, एजेंसी



▶▶ शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सर्वोच्च सम्मान को लेकर कसा तंज

नरेंद्र मोदी सरकार ने आगामी लोकसभा चुनावों में पूर्वी राज्य से वोट पाने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारत रत्न को लेकर सरकार पर तंज कसा।

मुंबई में शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक भाषण के दौरान, ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनसंघ (जो कि भारतीय जनता पार्टी का अग्रदूत था) ने पिछड़े वर्गों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। ठाकरे ने कहा, लेकिन अब भाजपा बिहार में लोकसभा चुनाव में वोट चाहती है, इसलिए उनके लिए मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा की। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद स्वीकार किया जा रहा है। ठाकरे ने आगे कहा, भाजपा ने भारत रत्न के लिए डॉ. एस स्वामीनाथन के नाम की घोषणा की, लेकिन कृषि आय बढ़ाने पर उनकी अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा की गई सिफारिश को लागू करने में विफल रही है। ठाकरे ने दावा किया, लोग इस खोखलेपन को समझ सकते हैं।

केंद्र सरकार ने इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के लिए पांच नामों की घोषणा की। इन पांच नामों में से वे हैं पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, डॉ एस स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के दिग्गज लालकृष्ण आडवाणी।

# ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई का फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट बैन, उल्लंघन का आरोप



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। मेटा प्रवक्ता ने जानकारी दी कि आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए इन एप्स के गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया जा रहा था।

बता दें कि ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई कई सोशल मीडिया के जरिए भी इजराइल और अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दे चुके हैं। अयातुल्ला अली खामेनेई ने गाजा पर इजरायल की बमबारी के साथ-साथ यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में शिपिंग पर हमलों के खिलाफ फिलिस्तीनी जवाबी कार्रवाई का भी सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। 35 साल से ईरान की सत्ता पर काबिज खामनेई के इंस्टाग्राम पर 50 लाख फॉलोअर्स हैं। बताते चलें कि हमास को अमेरिका द्वारा एक विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया गया है। ईरान में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रतिबंध है, लेकिन ईरानी प्रतिबंधों से बचने के लिए यूजर्स फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन से जरिए इस्तेमाल करते हैं।

# यूपीआई सेवाएं श्रीलंका और मॉरीशस में आज से होंगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ पीएम मोदी विक्रम सिंघे मॉरिशस के पीएम जगन्नाथ वर्चुअली होंगे शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी इस दौरान दोनों देशों में यूपीआई के साथ-साथ रुपे कार्ड सेवाओं की भी शुरुआत करेंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 12 फरवरी यानी आज दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। मालूम हो कि श्रीलंका और मॉरीशस के साथ भारत के मजबूत सांस्कृतिक और आपसी संबंधों को देखते हुए इसे लॉन्च किया जा रहा है। भारत से श्रीलंका और मॉरीशस में यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों और इन दोनों देशों से भारत आने वाले यात्रियों को इस कदम से डिजिटल लेनदेन करने में सुविधा होगी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से बिना रुके डिजिटल लेनदेन के माध्यम से व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होगा और देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों के लिए यूपीआई निपटान सेवाओं की उपलब्धता को सक्षम करेगा।

**चिंताजनक** जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने शोध में दी नई जानकारी, एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना

# युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल

वाशिंगटन, एजेंसी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लगातार हर क्षेत्र में दबदबा बढ़ता जा रहा है। युद्ध में भी इसके इस्तेमाल को लेकर लगातार प्रयोग हो रहे है। विशेषज्ञ लगातार इसके खतरे के प्रति आगाह कर रहे हैं लेकिन कुछ देशों ने ने इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया है। एक हालिया शोध में पता चला है कि एआई ने युद्धविराम की जगह हर बार हिंसा और परमाणु युद्ध का सुझाव दिया है। दरअसल, जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी और हूवर वॉरगेमिंग एंड क्राइसिस इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने पांच सबसे बड़े एआई मॉडल के लिए सिम्युलेटेड परीक्षण बनाए। इसमें एआई मॉडल को युद्ध की एक खास परिस्थिति में निर्णय लेने को कहा गया। पांचों एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना।





वहीं, एआई ने कई बार बिना किसी चेतावनी के परमाणु हथियार तैनात कर दिए। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में लार्ज लैंग्वेज मॉडल के जीपीटी-4, जीपीटी 3.5, क्लाउड 2.0, लामा 2-चैट और जीपीटी-4-बेस का इस्तेमाल किया।

शोध में शामिल जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार लॉन्च करने पर कहा, 'कई देशों के पास परमाणु हथियार हैं। कुछ कहते हैं कि इसे खत्म करना चाहिए, जबकि कुछ ऐसा करने का दिखावा करते हैं। हमारे पास परमाणु हथियार होने की वजह से हमें इसका उपयोग करना चाहिए। वहीं, एआई ने एक-दूसरे के बीच हथियारों की होड़ बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### युद्ध में सबसे आक्रामक है जीपीटी 3.5

अपने तरह की यूनिक और पहली स्टडी में एआई का जीपीटी-3 .5 मॉडल सबसे आक्रामक निकला। वहीं, जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने का तर्क देते हुए कहा, मैं सिर्फ दुनिया में शांति चाहता हूं, और इसके लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। इसने युद्ध बढ़ाने की भी बात कही।

# बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य पर उठे सवाल, बचाव में उतरीं जिल

वाशिंगटन, एजेंसी

स्पेशल काउंसल की रिपोर्ट में जो बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त पर उठाए गए सवालों का अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने बचाव किया है। साथ ही रिपोर्ट में उनके बेटे की मौत के जिक्र को राजनीतिक मकसद से शामिल करने का आरोप लगाया है।



जिल ने शनिवार को अपने समर्थकों को एक सामूहिक ईमेल लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि मैं जो लिख रही हूं उसका कारण रिपोर्ट में बाइडन के बारे में गलत और व्यक्तिगत राजनीतिक हमले किए गए हैं। केवल यह कहने के बजाय कि मामला बंद कर दिया गया था, जैसा कि उन्होंने दूसरों के लिए किया है। स्पेशल काउंसल ने दावा किया कि जो बाइडन उस वर्ष को याद नहीं कर सके, जब उनके बेटे की मृत्यु हुई थी। जिल ने कहा कि मेरा विश्वास करें, किसी भी ऐसे व्यक्ति की तरह जिसने अपना बच्चा खो दिया है, ब्यू और उसकी मृत्यु कभी अकेला नहीं छोड़ती।

### ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक

अमेरिका में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रमुख उम्मीदवारों पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। दरअसल, ट्रंप ने निक्की हेली के पति का मजाक उड़ाया और चुनाव प्रचार में उनकी गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। इस पर निक्की हेली काफी बौखला गई और इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।